मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	31.1	22.1
जमशेदपुर	30.4	20.7
डालटनगंज	32.4	19.7

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● रविवार, 05 नवंबर 2023 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 08, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 199 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

AHF ASIA HOCKEY

HOCKEY INDIA

JHARKHAND WOMEN'S ASIAN CHAMPIONS TROPHY RANCHI 2023

प्रवेश नि:शुल्क

झारखण्ड

महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023

हॉकी के महासंग्राम का बनें गवाह

05 नवंबर 2023

फाइनल

सायं 08:30 बजे से

3rd /4th स्थान के लिए

सायं 06:00 बजे से

स्थान : मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, रांची

स्टेडियम में प्रवेश (दर्शकों के लिए) - सायं 04:00 बजे से

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

WATCH LIVE ON

SONY SPORTS NETWORK | SONY liv

Title Sponsor | Host Partner | AHF Partners: Hero, polytan WE MAKE SPORT., OUKEN, 表示灯, STAUFF | Official Partner: ODISHA INDIA'S BEST KEPT SECRET. | Official Suppliers: SHALBY DIVINE, Lamsa Sportz

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

ब्रीफ खबरें

जिप सदस्य ने स्कूल का किया निरीक्षण

डुमरी। क्षेत्र की जिप सदस्या सुनीता कुमारी ने शनिवार को इसरी अरगाघाट स्थित कन्या मध्य विद्यालय का निरीक्षण कर पठन-पाठन की जानकारी ली.उन्होंने शिक्षकों एवं बच्चों के संख्या की भी जानकारीली. इस दौरान जिप सदस्या ने हर कक्षा जाकर छात्र-छात्राओं से कई प्रश्न पूछे जिसका उत्तर देने में बच्चे असफल रहे. विद्यालय में आठ कक्षा हैं जबकि शिक्षक मात्र 4 हैं, जिसके कारण सुव्यवस्थित एवं सुचारू ढंग से पठन-पाठन में कठिनाई होती है. जिप सदस्या ने शिक्षकों से कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य के निर्माता आप सब हैं.

तकनीकी शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

तोपचांची। शनिवार को तोपचांची प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में प्रखंड के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के प्रभारी व तकनीकी शिक्षकों को यूडाआईएस और एसडीएमआईएस के सभी बिन्दुओं पर जानकारी दी गई. यह कार्यक्रम दो सत्रों में चलाया गया. दोनों ही सत्रों में सभी शिक्षकों को मोबाइल के द्वारा लाइव लॉगिन करके प्रशिक्षण दिया गया. मौके पर बीईओ विनोद मोदी , बीईओ सहदेव महतो, कार्यक्रम पदाधिकारी रिंकी कौर सहित प्रखंड के सीआरपी , बीआरपी व शिक्षक उपस्थित थे.

भारतीय परंपरा एवं संस्कृति पर सेमिनार का आयोजन

बोकारो। चिराचास स्थित एनपी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया. शनिवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो मौजूद थे. इस मौके पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम से सभी को बहुत कुछ सीखने को मिलता है. इस तरह का सेमिनार होना चाहिए. यह सेमिनार भारतीय ज्ञान परंपरा के एवं संस्कृति के संवर्धन में अध्यापक शिक्षा की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया था.

बच्चों को सुरक्षित दिवाली मनाने के टिप्स दिए गए

आदित्यपुर। विश्व स्तर पर मनाया जाने वाला रोशनी का त्योहार दीपावली है, बच्चे इसे कैसे सुरक्षित मनाएं इसके लिए वैश्य समाज स्कूली बच्चों को टिप्स दे रही है. शनिवार को वैश्य समन्वय समिति के वरीय पदाधिकारियों ने उड़िया मध्य विद्यालय आदित्यपुर के बच्चों को स्वस्थ व सुरक्षित दिवाली मनाने के 10 टिप्स बताए. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्या ममता झा, वैश्य समन्वय समिति के संरक्षक एसडी प्रसाद, अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता, शिक्षिका नंदिता कुमारी दास, नमिता कुंभकार, संजू कुमारी, सुचित्रा कुमारी, पूर्णिमा कुमारी आचार्या, सुचित्रा कुमारी, रंजीता राउत, सुषमा कुमारी सिंहा, रश्मि प्रधान मौजूद रही.

एनआईटी के 13वें दीक्षांत समारोह में नहीं पहुंचे राज्यपाल, ऑनलाइन शुभकामनाएं दीं

हमेशा क्रिएटिव रहें व देशहित में दें योगदान : राज्यपाल

संवाददाता । आदित्यपुर

आदित्यपुर स्थित एनआईटी के 13वें दीक्षांत समारोह में शनिवार को अपरिहार्य कारणों से राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन नहीं पहुंच सकें. उन्होंने दीक्षांत समारोह को ऑनलाइन संबोधित किया और सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सदैव क्रिएटिव रहें और देशहित में अपनी प्रतिभा का योगदान दें. दीक्षांत समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथियों के रूप में सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति क्षिति भूषण दास और भूषण पावर एंड स्टील के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह मौजूद थे. समारोह की अध्यक्षता

एनआईटी के पूर्ववर्ती छात्र आइएस टी कृष्ण प्रसाद ने की. अतिथियों का स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधर ने किया. सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति क्षिति भूषण दास ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

खास बातें

- सायली चटर्जी और मैनाक भट्टाचार्य को गोल्ड मेडल मिला
- सभी ब्रांच के एक-एक छात्र को सिल्वर मेडल सौंपा गया

और उन्हें इनोवेटिव बनने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि आज का

समय युवाओं का है. आप स्टार्टअप के तहत जॉब प्रोवाइडर बन सकते हैं. भूषण पावर एंड स्टील के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने छात्रों को देश के प्रगति में अपना अहम योगदान देने की अपील करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं.

1040 छात्रों को सौंपा गया प्रमाण पत्र

दीक्षांत समारोह में कुल 1040 छात्रों को प्रमाण पत्र सौंपा गया. इनमें दो विद्यार्थी बीटेक की सायरी चटर्जी और पोस्ट ग्रेजुएट एमएससी के मैनाक भट्टाचार्य को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया. सभी ब्रांच के एक-एक छात्र कुल 20 विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल सौंपा गया. 42 पीएचडी, 158 एमटेक, 93 एमसीए, 84 एमएससी और 663 बीटेक के विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में प्रमाण पत्र अतिथियों ने सौंपा. कार्यक्रम संस्थान के जिमखाना हॉल में संपन्न हुआ.

आपकी बात

नाम : डॉ. सुगंधा वर्मा
पेशा : चिकित्सक
निवास : रांची

> बचपन से ही पढ़ने में मेधावी सुगंधा के पारिवारिक परिवेश ने उसे हेमशा चिकित्सक बनने के लिए प्रेरित किया.

बचपन से ही पढ़ने में मेधावी सुगंधा के पारिवारिक परिवेश ने उसे हेमशा चिकित्सक बनने के लिए प्रेरित किया.
चिकित्सक बनने का लक्ष्य लेकर सुगंधा ने 10वीं और 12वीं की पढ़ाई संत जेवियर कॉलेज हजारीबाग से पूरी की. अपने क्लास में तेज-तर्रार स्टूडेंट की रूप में उनकी पहचान रही. उनका सपना पूरा होने के कगार पर पहुंच गया. उनके नाम के पहले डॉक्टर लग गया और अब वो डॉ. सुगंधा कहलाने लगीं. उन्होंने बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) की पढ़ाई डेंटल साइंस भुवनेश्वर से पूरी की है. इसके बाद मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी (एमडीएस) की पढ़ाई हजारीबाग डेंटल कॉलेज से ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी में पूरी की है. वो गोल्ड मेडलिस्ट भी रहीं. वर्तमान में रिम्स के डेंटल विभाग में सीनियर रेसिडेंट के पद पर काम कर रही हैं. यहां पर ओरल मेडिसिन एवं रेडियोलॉजी में अपनी सेवा दे रही है. कोरोना कल के वक्त जब पूरा देश और विश्व महामारी के दौर से गुजर रहा था. उस वक्त डॉ. सुगंधा ने टेलीमेडिसीन के जरिए मरीजों का उपचार किया. इनके पति भी रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में सीनियर रसिडेंट के पद पर कार्यरत हैं.

डीबीएमएस स्कूल में इंट्रा स्कूल फेस्ट रेनबो 2023 का आयोजन

इंटर स्कूल फेस्ट में छात्र छात्राओं ने दिखाया हुनर

संवाददाता। जमशेदपुर

डी.बी.एम.एस स्कूल कदमा में शनिवार को इंट्रा डी.बी.एम.एस फेस्ट रेनबो 2023 प्रतियोगिता आयोजन किया गया. इंट्रा स्कूल प्रतियोगिता का उदघाटन डी.बी.एम.एस बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के अध्यक्ष बी.चंद्रशेखर, सह-अध्यक्ष कमला सुब्रमणियम, सचिव गीता मोहन दास, जयंती राम मूर्ति, विवेक धर्मराजन, जी. शंकर एवं डी.बी.एम.एस स्कूल की सचिव अर्चना रमेश, अनिता रामकृष्णन, और डी.बी.एम एस. कॉलेज की सचिव श्रीप्रिया धर्मराजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस फेस्ट में प्रश्नोत्तरी, भारतीय लोकगीत, अंग्रेजी समूह गीत, अंग्रेजी और हिन्दी में भाषण, पेन्सिल स्केचिंग, पोस्टर कलरिंग और बेस्ट ऑफ़ द बेस्ट जैसी प्रतियोगिताएं

यह हुए पुरस्कृत

क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार डी.बी.एम.एस इंग्लिश स्कूल, द्वितीय पुरस्कार डी.बी.एम.एस कदमा हाई स्कूल एवं तृतीय डी.बी.एम.एस कैरियर अकादमी को मिला. लोकगीत में प्रथम पुरस्कार डी.बी.एम.एस कदमा हाई स्कूल, द्वितीय पुरस्कार डी.बी.एम.एस इंग्लिश स्कूल, तृतीय पुरस्कार डी.बी.एम.एस लिलिपुट स्कूल को मिला. धन्यवाद ज्ञापन डी.बी.एम.एस बोर्ड ऑफ़ ट्रस्टी के सचिव गीता मोहन दास ने किया. इस अवसर पर सभी स्कूलों के प्राचार्या एवं ट्रस्टी और सभी पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्य उपस्थित थे.

आयोजित की गई. प्रतियोगिता में डी.बी.एम.एस इंग्लिश स्कूल, डी.बी.एम.एस कदमा हाई स्कूल, डी.बी.एम.एस कैरियर अकादमी, डी.बी.एम.एस गर्ल्स स्कूल, डी.बी.एम.एस लिलिपुट स्कूल, डी.बी.एम.एस ट्राइबल स्कूल ने भाग लिया. वहीं प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में क्विज मास्टर कोलकाता के सम्मानवे बनर्जी, नरगिस मदान, डॉ.मोनिका उप्पल, गीता दुबे, सुधा गोयल, नागेश चौधरी, अनूप सिंह, जैस्मीन अडेसरा, अनिता सिंह,पवन चौबे, रोनाल्ड डी कोस्टा, सतीश तापा उपस्थित थे.

बीआरओ में चयन होने पर छात्र सम्मानित हुआ

बेरमो। गोमिया प्रखंड के ससबेडा पूर्वी पंचायत अंतर्गत अनिलेश कोचिंग सेंटर के छात्र सोहेल अंसारी का चयन बीआरओ में होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. सोहेल ससबेडा गांव के रहने वाले हैं. इनके पिता ओडिशा में ओरिका कंपनी में कार्यरत हैं. छात्र सोहेल ने बताया कि पुणे में प्रशिक्षण है. इसके बाद बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन में कार्य करेंगे. कहा कि वह इंटर पास होने के बाद अनिलेश कोचिंग सेंटर में पढ़कर यह मुकाम हासिल किया है. उन्होंने कहा कि कोचिंग सेंटर से सीएचएसएल परीक्षा की तैयारी की और पहले प्रयास में ही सफलता हासिल की. उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से प्रयास करने पर सफलता अवश्य ही मिलती है. सम्मान समारोह कार्यक्रम में एसबीआई लाइफ के फुसरो ब्रांच मैनेजर गौतम प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे. गौतम प्रसाद ने कहा कि मौजूदा समय में शिक्षा मंहगी हो गयी है लेकिन यहां सस्ती और अच्छी शिक्षा दी जा रही है. इस क्षेत्र के बच्चों को यहां से लाभ लेने की आवश्यकता है. कोच अनिलेश त्रिपाठी ने सोहेल को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी. मौके पर कोचिंग के अन्य बच्चों के अलावा पंकज गुप्ता, उपेन्द्र गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे.

नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे शिक्षक देवेश

संवाददाता। बोकारो

डीपीएस स्कूल के खेल शिक्षक देवेश कुमार का चयन नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में किया गया है. नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप जनवरी महीने में चंडीगढ़ में होने वाली है. झारखंड स्टेट टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में धनबाद में आयोजित 23वें झारखंड स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 में उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है. मेन्स टीम इवेंट्स में अपने कुशल खेल की बदौलत उन्होंने गोल्ड मेडल जीता. प्रतियोगिता की मेंस सिंगल और मेंस डबल्स स्पर्धा में देवेश को एक-एक कांस्य पदक भी प्राप्त है. इसके साथ ही वह चंडीगढ़ में होने वाली राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में चयनित कर लिए गए. विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार

ने देवेश को सम्मानित करते हुए बधाई देते हुए बताया कि देवेश ने रांची में आयोजित थर्ड झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था. इसके पूर्व जमशेदपुर में हुए सेकंड झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भी उन्हें ब्रॉन्ज मेडल मिला था. झारखंड टीम में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए देवेश ने कहा कि अब वह नेशनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का हरसंभव प्रयास करेंगे.

नमामि गंगे...बच्चों ने कल्पनाओं में भरे रंग

संवाददाता। मैथन

नमामि गंगे के तहत शनिवार को एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय के सभागार में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार ने कहा कि नमामि गंगे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य - देश की सभी नदियों, उसके आसपास वाले इलाकों एवं नदी को साफ रखना है. इसके तहत जलाशय, नदी, तालाबों की साफ-सफाई रखने की आवश्यकता है. रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं

तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को 6 नवंबर को मैथन डैम पर आयोजित प्रखंड स्तरीय दीपोत्सव कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा.

दयानंद सरस्वती की जयंती पर निकाली सद्भावना यात्रा

संवाददाता। कतरास

डीएवी प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में शनिवार के दिन महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वीं जयंती के अवसर पर पर दो दिवसीय ज्ञान ज्योति महोत्सव सह आर्य महासम्मेलन का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत द्वीप प्रजवलित कर मुख्य अतिथि धनबाद सांसद के पीएन सिंह ने किया.

इस मौके पर काफी संख्या में आर्य समाज के सदस्यगण उपस्थित थे. मौके पर उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवनी पर प्रकाश डाला तथा उनके जीवनी से सीख लेने की बातें कही. कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रात : 9 बजे सद्भावना यात्रा निकाली गई.

स्वामी विवेकानंद स्कूल में गणित पर कार्यशाला आयोजित

मैथन। चिरकुंडा क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद स्कूल में शनिवार को गणित विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई. जिसमें धनबाद जिले के सीबीएसई से मान्यता प्राप्त करीब 25 स्कूलों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भाग लिया. कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलित एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया. मौके पर रिसोर्स पर्सन स्कूल के प्राचार्य संजीव कुमार साव एवं नई दिल्ली से विवेक कुमार ने शिक्षकों के बीच बहुत सारे छोटे-छोटे एवं नवीनतम तकनीक बताये. जिससे बच्चों को गणित विषय के प्रति लगाव एवं गणित अभ्यास करने में रुचि बढ़ेगी. निर्देशक विवेक कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों एवं अतिथियों का स्वागत किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में चिरकुंडा अग्रसेन शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा कार्यक्रम में मौजूद थे.

सतर्कता जागरुकता सप्ताह का शुभारंभ

संवाददाता। बेरमो

डीएवी पब्लिक स्कूल टीटीपीएस ललपनिया में राष्ट्रीय सतर्कता जागरुकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया. प्राचार्य आकाश कुमार सिन्हा और विद्यालय प्रभारी राम निवास राय के निर्देश पर शिक्षक सौरभ कुमार और शिक्षिका पूजा घोषाल ने भाषण, क्विज, अखंडता प्रतिज्ञा, पोस्टर मेकिंग, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया. कक्षा दसवीं की आरजू परवीन ने कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को ईमानदार बनने और भ्रष्टाचार का विरोध करने की शपथ दिलायी. ग्यारहवीं कक्षा की निधि कुमारी और प्रीति कुमारी ने भ्रष्टाचार और सतर्कता जागरुकता अभियान पर अपने विचार व्यक्त किये. शिक्षक रणजीत कुमार सिंह और सौरभ कुमार ने बच्चों को भविष्य में भ्रष्टाचार से दूर रहने का संदेश दिया.

गिरिडीह कॉलेज में नाटक का मंचन हुआ

गिरिडीह। डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह एवं गिरिडीह क्षेत्र के कोल इंडिया प्रबंधक के सौजन्य से सतर्कता सप्ताह के अवसर पर गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह परिसर में शानदार भ्रष्टाचार पर नाटक का मंचन किया गया. विद्यालय की नौवीं कक्षा के छात्राओं ने अपनी अभिनय से प्रतिभा का लोहा मनवाया और यह संदेश दिया कि भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जन-जन की भागीदारी अनिवार्य है. हम ईमानदार बने और कार्य क्षेत्र में पारदर्शिता लाए तभी राष्ट्र वस्तुतः विकास के पथ पर आरूढ़ होगा अन्यथा नहीं. कार्यक्रम के उपरांत बच्चों को नाश्ता भी दिया गया.

खादी महोत्सव में हुई स्लोगन लेखन प्रतियोगिता

बेंगाबाद। कर्माटांड स्थित केएन बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एनसीटीई के निर्देशानुसार खादी महोत्सव कार्यक्रम के तहत चौथे दिन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में बीएड के प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया. जिसमें खेला किस्कू, स्टेला हेम्ब्रम, आशा लता हेम्ब्रम, राकेश कुमार, शंकर पंडित, किरण कुमारी, दीपक कुमार, आशीष कुमार सहित अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया. मौके पर प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार सिंह ने कहा कि गांधीजी ने बेरोजगार ग्रामीण आबादी को रोजगार प्रदान करने के साधन के रूप में खादी की अवधारणा विकसित की थी. इस परंपरा को जीवित रखने के साथ आगे बढ़ाने के लिए हमें प्रयास करने की जरूरत है. महाविद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से लोगों में जागरूकता आयेगी.

खोया-पाया

मेरा मूल विक्रय विलेख (Sale Deed संख्या-2961/2549) दिनांक 15/2/10 जो कि दिनांक 28/10/23 को खो गया है, यदि किसी को मिले तो संपर्क कर सकते है :

संजय अग्रवाल
ए-81 सेल सैटेलाइट कॉलोनी
जगन्नाथपुर, धुर्वा, रांची-4
M:+91 89868 80488

क्लासिफाइड

एनआईटी जमशेदपुर | गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों ने कहा नहीं करना चाहते हैं जॉब

रिसर्चर बनकर कुछ नया करना चाहते हैं विद्यार्थी

संवाददाता । आदित्यपुर

एनआईटी जमशेदपुर के दोनों गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों ने कहा कि उनका कैंपस सेलेक्शन हुआ है, लेकिन वे जॉब नहीं करना चाहते हैं. वे रिसर्चर बनकर देश के लिए कुछ नया करना चाहते हैं. ये महज संयोग है कि दोनों विद्यार्थी अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं. बीटेक की गोल्ड मेडलिस्ट सायली चटर्जी ने कहा कि उनका सेलेक्शन कुमिन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है, किंतु ऑफर ठुकराकर आईआईटी मुंबई में पीएचडी में एडमिशन ले लिया है, जहां वह रिसर्च स्कॉलर बनकर कुछ नया करना चाहती हैं और फिर लेक्चरर बनकर पढ़ाना चाहती हैं. उन्होंने बताया कि उसकी मां सरकारी

गोल्ड मेडल प्राप्त करतीं सायली.

टीचर हैं. पिता सत्यजीत चटर्जी टाटा स्टील में सप्लाई चेन के हेड हैं. वहीं एमएससी के गोल्ड मेडलिस्ट बने मैनाक भट्टाचार्य ने कहा कि वे आईआईटी भोपाल से पीएचडी कर

रहे हैं. उनके पिता सरकारी जॉब में हैं और मां हाउस वाइफ हैं.

990 छात्रों का कैंपस सेलेक्शन बड़ी उपलब्धि : बीओजी चेयरमैन

दीक्षांत समारोह के समापन के बाद बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के चेयरमैन टी कृष्णा कुमार ने कहा कि 1000 विद्यार्थियों में 990 विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन होना संस्थान की बड़ी उपलब्धि. उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है संस्थान 2 वर्ष में देश में एनाइटियों में अंडर 50 रैंक हासिल करेगा. अभी झारखंड का एनआईटी धनबाद देश में 17वें स्थान पर है और जहां से मैंने बीटेक किया एनआईटी वारंगल 21वें स्थान पर है, जबकि एनआईटी जमशेदपुर का रैंक 102वां है, जिसके अंडर 50वें रैंक में लाना हमारी बड़ी चुनौती होगी.

बीडीओ ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता। पीरटांड़

प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मरांडी ने शनिवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालय पहुंच कर औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से पठन-पाठन को लेकर पूछताछ किया, साथ ही विद्यालय में चलने वाली मध्यान भोजन की जानकारी ली. उन्होंने विद्यालय में हरहाल में मीनू के अनुसार मध्यान भोजन संचालित करने का निर्देश दिया. निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने विद्यालय के शिक्षकों से भी बात की और आवश्यक निर्देश दिये. इस दौरान शिक्षकों से विद्यालय में नामांकन की स्थिति की भी जानकारी ली. उन्होंने कहा कि बच्चों के नामांकन में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए. इसे लेकर विद्यालय शिक्षकों को उन्होंने नामांकन पर जोर देते हुए विद्यालय तक नामांकन को लेकर पहुंचने वाले बच्चों का नामांकन हर हाल में करने का निर्देश दिया.

रांची एवं पटना से प्रकाशित

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची ● रविवार, 05 नवंबर 2023 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 08, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 1, अंक : 199

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र



- छग -एमपी में कांग्रेस, राजस्थान में भाजपा की वापसी के संकेत
- तेलंगाना और मिजोरम में चलेगा बीआरएस व एमएनएफ का चलेगा जादू

5 राज्यों का ओपिनियन पोल



विधानसभा चुनाव को लेकर पांच राज्यों में चुनाव प्रचार तेज है. एबीपी न्यूज के लिए सी वोटर ने फाइनल ओपिनियन पोल किया है. सर्वे में 63 हजार लोगों से बात की गई. इसके मुताबिक राजस्थान में भाजपा की वापसी हो रही है. हालांकि सीएम पद के लिए अशोक गहलोत जनता की पहली पसंद हैं. एमपी और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को बहुमत मिलने जा रहा है. मिजोरम व तेलंगाना में लोगों ने पुरानी सरकार पर ही भरोसा जताया. दिलचस्प बात यह है कि राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में कांटे की टक्कर दे रही है. छत्तीसगढ़ में लोगों ने भूपेश बघेल पर पूरा भरोसा जताया. एमपी में भाजपा सरकार जा रही है.

मध्य प्रदेश

230 सीट (बहुमत 116)

पार्टी	सीट
कांग्रेस	118-130
भाजपा	99-111
अन्य	0-02

17 नवंबर

राजस्थान

200 सीट (बहुमत 101)

पार्टी	सीट
भाजपा	114-124
कांग्रेस	77-77
अन्य	05-13

23 नवंबर

छत्तीसगढ़

90 सीट (बहुमत 46)

पार्टी	सीट
कांग्रेस	45-51
भाजपा	36-42
अन्य	02-05

7,17 नवंबर

तेलंगाना

119 सीट (बहुमत 60)

पार्टी	सीट
बीआरएस	49-61
कांग्रेस	43-55
भाजपा	05-11
अन्य	04-10

30 नवंबर

मिजोरम

40 सीट (बहुमत 21)

पार्टी	सीट
एमएनएफ	17-21
कांग्रेस	06-10
जेडपीएम	10-14
अन्य	0-02

7 नवंबर



पांच राज्यों में चुनावों के नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे

वर्ल्ड कप

फखर व बारिश ने पार लगाई पाक की नैया

बेंगलुरु। फखर जमान की तूफानी पारी के आगे न्यूजीलैंड का विशाल स्कोर बौना लग रहा था. हालांकि, बारिश ने भी पाकिस्तान की मुश्किलों को आसान कर दिया. इस तरह पाकिस्तान ने 2023 वर्ल्ड कप के 35वें मुकाबले में न्यूज़ीलैंड को 21 रनों से शिकस्त दी. टॉस गंवाने के बाद पहले बैटिंग कर न्यूज़ीलैंड ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 401 रन बोर्ड पर लगा लिए थे. फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की पारी में बारिश ने 2 बार दखल दिया. दरअसल, डकवर्थ लुईस नियम के हिसाब से 25.3 ओवर तक पाकिस्तान को एक विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाने थे, लेकिन उसका स्कोर 200 रन था. इस वजह से पाकिस्तान को 21 रन से जीत मिली.

ब्रीफ खबरें

मुकेश अंबानी को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। देश के मशहूर उद्योगपति मुकेश अंबानी पिछले कई दिनों से धमकी भरे ईमेल आ रहे थे. इस मामले में मुंबई पुलिस ने शनिवार को तेलंगाना से एक 19 वर्षीय लड़के को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान गणेश रमेश वनपारधी के रूप में हुई है. पिछले हफ्ते मुकेश अंबानी को धमकी भरे पांच ईमेल मिले थे, जिसमें उनसे पैसे की मांग की गई थी और उन्हें जान से मारने की धमकी थी. एक ईमेल में तो मुकेश से 400 करोड़ रुपए मांगे गए, और रकम नहीं देने पर जान से मरने की धमकी दी गयी थी.

पाकिस्तान में एयरबेस पर आतंकी हमला, 9 ढेर

इस्लामाबाद। भारी हथियारों से लैस नौ आतंकवादियों ने शनिवार की सुबह पंजाब प्रांत में पाकिस्तानी वायुसेना के एक अड्डे पर हमला कर दिया, लेकिन सभी आतंकवादियों को 'जहन्नुम' भेज दिया गया है. सेना ने यह जानकारी दी. पाकिस्तानी सेना ने कहा कि आतंकियों ने मियांवाली एयरबेस पर हमला किया. हमले के दौरान पहले से ही संचालन से बाहर कर दिए गए तीन विमानों को नुकसान पहुंचा है. सेना ने पुष्टि की कि मियांवली में तलाशी अभियान पूरा हो गया है और सभी नौ आतंकियों को जहन्नुम भेज दिया गया है.

गैंगस्टर प्रिंस ने दी दीपावली पर बड़े धमाके की धमकी

दहशत में व्यवसायी

संवाददाता। धनबाद

कोयलांचल में दीपावली का बाजार सजने को है. व्यवसायी भी तैयारियों में जुटे हुए हैं. व्यवसायी दिवाली के बाजार को लेकर जितने उत्साहित हैं, उतने ही खौफजदा भी हैं. इसकी वजह व्यवसायियों को मिली धमकी है. बीते दिनों बैंक मोड़ के व्यवसायी दीपक अग्रवाल को गोली मार कर घायल कर दिया गया था. इसके बाद जिले भर के व्यवसायी पुलिस-प्रशासन के खिलाफ सड़क पर उतर आए थे. हड़ताल तो वापस हुई, लेकिन मेजर के नाम से जारी चिट्ठी ने सारे व्यवसायियों के होश उड़ा दिए है. चिट्ठी में लिखा है कि दिवाली में बड़ा धमाका होगा और व्यवसायी ही निशाने पर होंगे. चिट्ठी जारी होने के बाद से व्यवसायी डरे-सहमे हैं.

दीपावली काफी पास है और व्यवसायियों में भय का माहौल है. अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर एक व्यवसायी ने कहा कि हड़ताल वापस लिए जाने की वजह थी कि पुलिस प्रशासन व्यापारियों को सुरक्षा देगी. पुलिस-प्रशासन से मिले आश्वासन के बाद व्यापारियों ने बाजार खोला था. इस बीच कई व्यापारियों को बॉडीगार्ड और आर्म्स लाइसेंस भी दिए गए हैं, फिर भी सुरक्षा की पूरी जिम्मेवारी पुलिस-प्रशासन की है. लेकिन गैंगस्टर की धमकी के बावजूद व्यवसासियों की सुरक्षा के लिए लाठी पुलिस की तैनाती की गयी है. व्यवसायियों का कहना है कि हाल के दिनों में पुलिस काफी मुस्तैद दिख रही है.

चिट्ठी में लिखा है कि दीपावली में बड़ा धमाका होगा और व्यवसायी ही निशाने पर होंगे. चिट्ठी जारी होने के बाद से व्यवसायी डरे-सहमे हैं

सुरक्षा बढ़ाई गयी

- बीते दिन बैंक मोड़ के व्यवसायी दीपक अग्रवाल को गोली मार कर घायल कर दिया गया था
- मुख्यमंत्री ने खुद मामले का लिया संज्ञान, दिए गए हैं कड़ी चौकसी के निर्देश

गैंगस्टर के शूटरों का मुकाबला लाठी से करेगी पुलिस

धनबाद के व्यवसायियों से रंगदारी मांगने और लगातार हत्या की धमकी देने व फायरिंग के बाद एसएसपी संजीव कुमार के निर्देश पर बैंक मोड़ के चेतन ऑर्नामेंट्स और कार सेंटर दुकान के गेट पर दो-दो लाठीधारी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है. प्रिंस खान के शूटर लगातार धनबाद के व्यवसायियों और उनकी दुकानों पर फायरिंग व बमबाजी कर दहशत फैला रहे हैं. उन शूटरों की गोलियों का सामना करने के लिए पुलिस के हाथों में लाठी थमा दी गई है. लोगों में चर्चा है कि शूटर ताबड़तोड़ फायरिंग करेंगे, तो क्या लाठीधारी पुलिसकर्मी सामना कर सकेंगे. जैसे ही गोलियां चलेंगी और बमबाजी होगी, सबसे पहले यही पुलिसकर्मी लाठी लेकर जान बचाने के लिए भागेंगे. दुकान में आनेवाले ग्राहकों की जांच भी नहीं की जा रही है.

सुरक्षा को ले पुलिस पर कर रहे भरोसा

अपराधियों से मिल रही धमकी और गोलीबारी से व्यवसायी डरे-सहमे हैं. कुछ व्यवसायियों से बात की गई, तो उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर पीड़ा बतायी. इससे साफ है कि अब भी व्यवसायियों में अपराधियों का डर बना हुआ है. हालांकि व्यवसायियों ने सुरक्षा को लेकर पुलिस पर पूरा भरोसा जताया. कहा कि चौक-चौराहों पर भी पुलिस की तैनाती दिख रही. व्यापारी डीसी और एसएसपी के आश्वासन से आश्वस्त हैं. इधर अपराधियों की गिरफ्तारी भी हुई है. इस मामले में सीएम ने भी संज्ञान लिया है. अब लगता है कि व्यापारी बिना डर के व्यवसाय कर सकेंगे.

308 व्यवसायियों ने आर्म्स लाइसेंस के लिए दिया आवेदन

इस वर्ष 01 जनवरी से 04 नवंबर तक, 10 महीने 4 दिन में 308 व्यवसायियों समेत कई अन्य ने आर्म्स लाइसेंस के लिए फॉर्म जमा किया. बैंक मोड़ पर व्यवसायी दीपक अग्रवाल को गोली मारे जाने के बाद एक सप्ताह में 29 व्यवसायियों ने आर्म्स लाइसेंस के लिए फॉर्म भरा है. हर दिन 4-5 फॉर्म जमा हो रहे हैं

नेपाल में भूकंप से भारी तबाही

काठमांडू। नेपाल में शुक्रवार आधी रात से ठीक पहले आए 6.4 तीव्रता वाले भूकंप के तेज झटकों के कारण हिमालयी देश के सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में कम से कम 150 लोगों की मौत हो गई, 150 घायल हो गए और सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हो गए. यह नेपाल में 2015 के बाद सबसे विनाशकारी भूकंप है. -विस्तृत पेज 15 पर

पीएम ने दिया देश के 80 करोड़ गरीबों को दिवाली का तोहफा

5 साल तक फ्री में मिलता रहेगा राशन

एजेंसी। दुर्ग

पीएम नरेंद्र मोदी ने करोड़ों गरीब लोगों को शनिवार को दिवाली का तोहफा दे दिया है. उन्होंने फ्री राशन योजना पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 साल के लिए बढ़ाने का ऐलान किया है. इसके तहत देश के 80 करोड़ गरीबों को फ्री राशन दिया जाता है. योजना के विस्तार का ऐलान ऐसे समय किया गया है, जब एक सप्ताह बाद दिवाली का त्योहार है.

पीएम ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग में शनिवार को जनसभा को संबोधित कर रहे थे. इसी दौरान उन्होंने फ्री राशन स्कीम को 5 साल बढ़ाने का ऐलान किया. छत्तीसगढ़ में इसी महीने चुनाव होने वाले हैं. 90 सीटों वाले छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए 7 और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होने वाला है. ऐसे में पीएम मोदी के ऐलान को चुनावों से भी जोड़ कर देखा जा रहा है.

प्रधानमंत्री ने कही ये बात

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम गरीब कल्याण योजना के बारे में कहा, मैंने निश्चय कर लिया है कि देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली योजना को भाजपा सरकार अब 5 साल के लिए और बढ़ाएगी. आपका प्यार और आशीर्वाद मुझे हमेशा पवित्र निर्णय लेने की ताकत देता है.

महामारी के बाद हुई थी शुरुआत : केंद्र सरकार ने कोरोना के बाद पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की थी. कोरोना के बाद गरीबों के सामने खाने का संकट हो गया था. ऐसे में पीएम मोदी ने गरीबों की मदद के लिए फ्री राशन स्कीम की शुरुआत की थी.

दिसंबर में समाप्त हो रहा था समय : योजना के तहत लाभार्थियों को 5 किलो गेहूं या चावल फ्री में मिलता है. केंद्र ने इसे 30 जून 2020 को शुरू किया था. योजना अगले महीने समाप्त होने वाली थी. अब 5 साल के विस्तार के बाद लोगों को दिसंबर 2028 तक इसका लाभ मिलता रहेगा.

घरेलु कलह के बाद पलामू में 3 बच्चों के साथ पोखरा में कूदी महिला

3 की मौत, एक बच्चे की हालत गंभीर

संवाददाता। पलामू

जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के करीमनडीह गांव की निर्मला देवी ने अपने तीन बच्चों के साथ पोखरा में कूद कर आत्महत्या कर ली. ग्रामीणों ने सभी को पोखरा से बाहर निकाला. लेकिन निर्मला देवी और दो बच्चों (लाडली-8) और करण (5) की मौत हो गयी. जबकि तीन वर्षीय बच्ची गुड्डी को बचा लिया गया है.

बच्ची का इलाज हैदरनगर अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी हालत बेहद गंभीर है. जानकारी के अनुसार, घरेलू विवाद के कारण महिला ने इतना बड़ा कदम उठाया. बताया जा रहा है कि निर्मला देवी का पति जवाहिर राम दो दिन पूर्व ही सिकंदराबाद कमाने गया है. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. जल्द ही परिजनों से पूछताछ की जाएगी.

सास-ससुर से झगड़े के बाद महिला ने उठाया कदम

घरेलू विवाद के कारण महिला ने इतना बड़ा कदम उठाया. निर्मला देवी का शनिवार को सास-ससुर के साथ झगड़ा हुआ. जिसके बाद वह बच्चों को साथ लेकर घर से निकल गयी और मोकहर कला के टोला पसियाडीह में पानी से भरे लबालब पोखरा में पहले अपने तीनों बच्चों को फेंका. इसके बाद खुद भी पोखरा में डूब कर आत्महत्या कर ली. मौके पर मौजूद लोगों ने महिला की ससुराल वालों को जानकारी दी. लेकिन उन्होंने इसको गंभीरता से नहीं लिया. ग्रामीणों ने शवों को बाहर निकाला और ऑटो पर लाद कर गांव ले गये. मौके पर मौजूद थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी हुसैनाबाद भेज दिया.

अस्पताल के डॉक्टरों ने दिखाई तत्परता

समाजसेवी रिजवान खान के अनुसार, जवाहिर राम बाहर मजदूरी कर परिवारों को जीविकोपार्जन करता है. उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के अथक प्रयास से पोखरा से निर्मला देवी, करण, लाडली और गुड्डी को बाहर निकाला गया. सभी को आनन-फानन में हैदरनगर अस्पताल ले जाया गया. वहां मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने तत्परता दिखाई. मां और दो बच्चों की मौत रास्ते में ही हो गई थी. चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मंजूर आलम और मेडिकल टीम ने दवा, इंजेक्शन और उल्टी कराने का प्रयास किया. अंततः डॉक्टरों ने गुड्डी को छोड़ सभी को मृत घोषित कर दिया.

कड़ा रुख — चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ बोले-विधायिका नया कानून ला सकती है, लेकिन

अदालत के किसी फैसले को खारिज नहीं कर सकती

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि विधायिका अदालत के फैसले में खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है, लेकिन उसे सीधे खारिज नहीं कर सकती है. सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक कार्यक्रम में कहा कि न्यायाधीश इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं कि जब वे मुकदमों का फैसला करेंगे तो समाज क्या कहेगा. उन्होंने कहा कि सरकार की निर्वाचित शाखा तथा न्यायपालिका में यही फर्क है.

विधायिका क्या कर सकती है क्या नहीं : उन्होंने कहा, इसकी एक सीमा है कि अदालत का फैसला आने पर विधायिका क्या कर सकती है और क्या नहीं कर सकती है. अगर किसी विशेष मुद्दे पर फैसला दिया जाता है और इसमें कानून में खामी का जिक्र किया जाता है, तो विधायिका उस खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है.

अमेरिका और भारत के सुप्रीम कोर्ट में अंतर

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि विधायिका यह नहीं कह सकती कि हमें लगता है कि फैसला गलत है और इसलिए हम इसे खारिज करते हैं. किसी कोर्ट के फैसले को विधायिका द्वारा सीधे तौर पर खारिज नहीं किया जा सकता. मामलों में फैसला देते वक्त जज संविधान की नैतिकता से निर्देशित होते हैं, न कि सार्वजनिक नैतिकता से. सच तो ये है कि जज चुने नहीं जाते, वे हमारी मजबूती होते हैं. सुप्रीम कोर्ट भारत के लोगों की अदालत है. इसका उद्देश्य लोगों की शिकायतों को समझना है. भारत का सुप्रीम कोर्ट जो करता है, वह अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय से बहुत अलग है. अमेरिका का सुप्रीम कोर्ट साल में 80 केसों पर फैसला सुनाता है. हमने अभी तक इस साल 72 हजार केस निपटाए हैं, अभी दो महीने बाकी हैं.

समान अवसर उपलब्ध हों तो..

न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका में प्रवेश स्तर पर संरचनात्मक बाधाएं हैं. उन्होंने कहा कि यदि समान अवसर उपलब्ध होंगे, तो अधिक महिलाएं न्यायपालिका में आएंगी. इसके अलावा कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को विश्व कप के लिए शुभकामनाएं दीं.

ब्रीफ खबरें

सभी समस्याओं होगा निपटारा : अशोक

धनबाद । बिजली विभाग के नए जीएम के रूप में अशोक कुमार सिन्हा ने शनिवार 4 नवम्बर को पदभार ग्रहण किया. इस मौके पर जीएम हरेंद्र कुमार सिंह ने उनका स्वागत करते हुए जीएम पद की जिम्मेवारी सौप दी. अशोक कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिले इसके लिए प्रयास किये जायेंगे. जिले में व्याप्त कमियों को चिन्हित कर उन्हें दूर करना और उपभोक्ताओं की समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा करना हीं उनकी पहली प्राथमिकता होगी. जीएम ने कहा कि धनबाद से पूर्व वह हजारीबाग के जीएम रह चुके हैं.

31 सरकारी विद्यालयों में सामाजिक अंकेक्षण

गढ़वा । जिले के रंका प्रखंड संसाधन केंद्र में 31 सरकारी विद्यालयों के लिए जनसुनवाई का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, प्रखंड प्रमुख हेमंत कुमार लकड़ा तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई. इस जनसुनवाई कार्यक्रम में सभी 31 सरकारी विद्यालयों के सोशल ऑडिट का अंकेक्षण किया गया. इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रभा चौबे ने बताया कि छोटी-छोटी त्रुटियां विद्यालयों में बड़ा रूप ले लेती हैं. शिक्षकों को छोटी-छोटी त्रुटियों को दूर करना चाहिए.

नदी घाट का एसडीओ ने किया निरीक्षण

घाटशिला । सूर्य उपासना के महापर्व को लेकर शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी सत्यवीर रजक ने पुलिस पदाधिकारी एवं प्रशासनिक पदाधिकारी के साथ मऊभंडार स्वर्णरेखा नदी घाट का निरीक्षण किया. इस दौरान आईसीसी कंपनी के अधिकारी साकेत सिन्हा भी मौजूद थे. एसडीओ ने कंपनी के अधिकारी से नदी घाट की साफ सफाई को लेकर विस्तृत जानकारी ली. उन्होंने कहा कि निर्देश के अनुसार साफ सफाई का काम चल रहा है. मऊभंडार स्वर्णरेखा नदी घाट पर बालू की कमी के कारण अधिकांश क्षेत्र में पत्थर ही पत्थर हैं.

सिंदरी में छठ को लेकर सफाई अभियान शुरू

सिंदरी । दीपों का पर्व दीपावली और महापर्व छठ व्रत को लेकर धनबाद नगर निगम सिंदरी अंचल कार्यालय रेस हो गई है. अभियान का निरीक्षण करने पहुंचे सहायक नगर आयुक्त सारजन मरांडी ने बताया कि छठव्रतियों को ध्यान में रखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है. निगम के वार्ड नं 54 व 55 क्षेत्र के सुपरवाइजर सत्येंद्र मरांडी की देखरेख में वार्ड नं 55 क्षेत्र में शनिवार से सफाई अभियान चलाया गया. उन्होंने बताया कि सफाई अभियान की शुरुआत आइएमटाइप रांगामाटी छठ तालाब से की गई है. रविवार को शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण छठ तालाब की सफाई होगी.

आरएसबी प्लांट 2 में रक्तदान शिविर शुरू

संवाददाता । आदित्यपुर हर साल की भांति इस वर्ष भी आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी आरएसबी प्लांट 2 में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया है. कंपनी के कामगारों में रक्तदान के लिए उत्साह देखा गया. कामगारों ने ब्लड देने के लिए लाइन लगाई. रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करने आरएसबी कंपनी के वाइस चेयरमैन एसके बेहरा स्वयं पहुंचे थे. उन्होंने रक्तदाताओं से पूछा कि रक्तदान किसके लिए कर रहे हैं, कामगारों ने जवाब में कहा कि जरूरतमंदों के लिए.

कई जगह झूल रहे हैं हाई वोल्टेज के बिजली के तार

चाकुलिया । चाकुलिया में झूलते हाई वोल्टेज तार जंगली हाथियों के लिए जानलेवा साबित हुए हैं. तार की चपेट में आकर जख्मी हुई दो हथिनी की मौत दो दिन में हो गई. प्रखंड क्षेत्र में कई जगह बिजली के तार धान के खेतों के ऊपर झूल रहे हैं. हाथी धान खाने के लिए खेत में आते हैं और कम ऊंचाई होने के कारण हाई वोल्टेज तार से सट कर जख्मी हो जाते हैं. प्रखंड की भातकुंडा पंचायत के दक्षिणशोल गांव के पास धान के खेत के उपर तार झूल रहे हैं. इस इलाके में अक्सर हाथी आते हैं. हाथी प्रभावित जमुआ और बड़ामारा पंचायत में भी गांव के पास बिजली के तार झूल रहे हैं.

योजना के लिए 4 करोड़ 44 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है

सिमडेगा में बनेंगे 8 नए स्वास्थ्य उपकेंद्र

संवाददाता । रांची

राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सरकार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य उपकेंद्र की स्थापना कर रही है. इसी कड़ी में सिमडेगा जिले के चार प्रखंडों बानो, जलडेगा, सिमडेगा और ठेठाईटांगर में आठ स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाए जाएंगे. योजना के लिए 4 करोड़ 44 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है. बता दें कि प्रति स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण पर 55 लाख 50 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे. इस राशि से उपकेंद्र के भवन का निर्माण किया जाएगा. साथ ही सेप्टिक टैंक और एक डीप बोरवेल करवाई जाएगी. भवन के निर्माण पर चार 4147993, सेप्टिक टैंक के निर्माण पर 208664 और बोरिंग के लिए 254488 रुपए खर्च होंगे.

मिली स्वीकृति

- निर्माण पर 55 लाख 50 हजार रुपये खर्च होंगे
- सेप्टिक टैंक और एक डीप बोरवेल की जाएगी

यहां बनेगा स्वास्थ्य उपकेंद्र

पंगुर स्वास्थ्य उपकेंद्र :	55.50 लाख
करमापनी स्वास्थ्य उपकेंद्र :	55.50 लाख
कोलेमडेगा स्वास्थ्य उपकेंद्र :	55.50 लाख
ओर्गा स्वास्थ्य उपकेंद्र :	55.50 लाख
जलडेगा स्वास्थ्य उपकेंद्र (बानो) :	55.50 लाख
काटूकोना स्वास्थ्य उपकेंद्र :	55.50 लाख
कोनबेगी स्वास्थ्य उपकेंद्र :	55.50 लाख
दुमकी स्वास्थ्य उपकेंद्र :	55.50 लाख

9 महीने में काम पूरा करने के हैं निर्देश

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार ने निर्देश दिया है कि योजना की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के 9 महीने के अंदर स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण करें.

प्रखंड कार्यालय सभागार में पंसस की बैठक संपन्न

घाटशिला । प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को प्रमुख सुशीला टुडू की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई. बैठक के दौरान नई प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा ने सभी पंचायत समिति सदस्यों से परिचय लेने के बाद उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की मदद से विकास योजनाओं में तेजी लाना है ताकि घाटशिला प्रखंड नंबर एक पर रहे. पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया की 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूरा करने वाले छात्रों या अन्य का मतदाता सूची में नाम अवश्य दर्ज करने में सहयोग करें. बताया गया कि रिपेयरिंग का जो भी काम होगा वह पंचायत प्रतिनिधि अपने 15वीं वित्त आयोग की राशि से करें.

बाल विवाह के खिलाफ जागरुकता व उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

बाल विवाह सामाजिक कुरीतिः डीसी

संवाददाता । गढ़वा

समाहरणालय गढ़वा में शनिवार को उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बाल विवाह और महिलाओं तथा बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए जागरुकता व उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में सर्वप्रथम जिला बाल कल्याण संरक्षण पदाधिकारी अशोक नायक द्वारा उपायुक्त समेत सभी पदाधिकारियों एवं मीडिया कर्मियों का कार्यशाला में स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया गया. कार्यशाला में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों को बाल विवाह और महिलाओं तथा बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए जानकारी देते हुए आमजनों को जागरूक करने का अपील उपायुक्त द्वारा किया गया. कार्यशाला में उपायुक्त ने कहा कि बाल विवाह और महिलाओं तथा बच्चों के खिलाफ तरह-तरह के हिंसा प्रताड़ना आज भी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है. यह एक बहुत ही संवेदनशील मामला है. खासतौर पर बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जिसके कई कारण हैं. बाल विवाह होने पर कई विषम परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं, जिसका प्रभाव बच्चे, परिवार और समाज पर पड़ता है. कहा कि ऐसी कई कुप्रथाएं है जिसका समाधान अकेले कोई नहीं कर सकता है, बल्कि हम सभी समाज के लोगों को मिलकर इसे समाप्त करने की आवश्यकता है. वहीं यूनिसेफ प्रतिनिधि कुमार सुभम द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से इससे जुड़े मामले प्रकश में आने पर टॉल फ्री नंबर 1098 पर शिकायत दर्ज कराने या एमरजेंसी हेल्पलाइन 112 पर संपर्क करने की जानकारी दी गई.

कार्यशाला में मीडिया से जुड़ी मार्गदर्शक सिद्धान्तों की भी जानकारी दी गई. कई मुख्य बिंदुओं पर बात करते हुए मीडिया में बच्चे से संबंधित किसी भी विषय पर संपर्क करते समय उसके सर्वोत्तम हितों को अत्यधिक महत्व देने को कहा गया, जो उसकी स्थिति को प्रभावित कर सकता है या उसे किसी भी प्रकार के जोखिम में डाल सकता है. बताया गया कि विरोध प्रदर्शनों, सैन्य गतिविधियों या किसी अपराध स्थल की कवरेज के दौरान बच्चों का साक्षात्कार लेने से बचें. किसी भी स्थिति में, बच्चों की गोपनीयता की रक्षा के लिए उनके चेहरे को धुंधला किया जाना चाहिए. सूचना, स्पष्टीकरण, तस्वीरें प्राप्त करने या प्रत्यक्ष या पंजीकृत कार्यक्रम की मेजबानी करते समय किसी भी बच्चे के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष मीडिया संपर्क के दौरान नैतिक जिम्मेदारी के साथ बातचीत करें, बशर्ते कि मुख्य चिंता उसे किसी भी प्रकार की हिंसा से बचाना हो. तैयारी, प्रस्तुति और उससे आगे के दौरान मीडिया एक्सपोज़र का परिणाम. यह सलाह दी गई है कि बच्चे को मीडिया के सामने उजागर करने से बचें, जब तक कि यह उसके सर्वोत्तम हित में न हो.

बताया गया कि किसी बच्चे की प्रत्येक सार्वजनिक या मीडिया उपस्थिति को एक नैतिक और व्यावसायिक जिम्मेदारी और बच्चे के लिए संभावित जोखिम के रूप में मानें, भले ही सहमति के बारे में सूचित किया गया हो. किसी भी समाचार, मीडिया कहानी, या चित्र को प्रकाशित करने से स्वैच्छिक रूप से इनकार करें जो बच्चे, उसके भाई-बहनों, उसके परिवार या उसके साथियों को खतरे में डाल सकता हो. बाल शोषण के मीडिया कवरेज से बचें जिसमें शर्मनाक व्यक्तिगत निजी विवरण शामिल हों.

बच्चों को पीड़ित के रूप में चित्रित करने से बचें

कार्यशाला में बताया गया कि बच्चों से ऐसे विचार प्रस्तुत करने के लिए कहने से बचें जो उनकी मानसिक स्थिति का सम्मान नहीं करते हों. क्षमताएं, उनकी उम्र, उनके वर्तमान और पिछले अनुभव. बच्चों को पीड़ित के रूप में चित्रित करने से बचें और जीवित रहने और उल्लंघन पर जीत के तरीकों पर ध्यान केंद्रित करें. बच्चे को जो कहना है उसकी सटीकता की पुष्टि करें, या तो अन्य बच्चों के साथ या किसी वयस्क के साथ, अधिमानतः दोनों के साथ. किसी एक बच्चे के बजाय बच्चों की सामान्य स्थिति पर रिपोर्ट करें. भाषा, जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, लिंग, लैंगिक पहचान या सामाजिक स्थिति के आधार पर बच्चों के बीच घृणा, हिंसा या भेदभाव को उकसाने वाली सूचना सामग्री प्रकाशित करने से स्वेच्छा से बचें. स्वेच्छा से किसी भी छवि या स्थिति को प्रकाशित करने से बचें जो बच्चे का सम्मान नहीं करती है.

किया जागरूक

- कार्यशाला में मीडियाकर्मियों ने लिया हिस्सा
- यूनिसेफ प्रतिनिधि शुभम ने दिया प्रेजेंटेशन
- लोगों को 112 पर संपर्क करने की जानकारी दी गई

बाल विवाह को लेकर मीडियाकर्मियों की कार्यशाला आयोजित

पलामू । समाज कल्याण विभाग ने शनिवार को समाहरणालय के ब्लॉक 'सी के सभागार में बाल विवाह को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया. बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत जिले के मीडियाकर्मियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने सभी मीडियाकर्मियों से कहा कि आप लोग लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं. इस नाते बाल विवाह को रूकवाने में आपकी भी उतनी ही जिम्मेदारी है जितना की हमारी.

उन्होंने कहा कि बाल विवाह आज भी हमारे समाज में मौजूद है जो कि कहीं से सही नहीं है. इसे कैसे रोका जाये और इससे जुड़े कानूनों और प्रावधानों से आपको अवगत कराने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि बाल विवाह को लेकर आमजनों के बीच व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है. मीडियाकर्मियों से अपील है कि जिले को बाल विवाह से पूरी तरह से मुक्त करने के इस अभियान में सहयोग करें. उन्होंने कहा कि बाल विवाह से जुड़ी शिकायत के लिए चाइल्ड लाइन नंबर 1098 पर संपर्क किया जा सकता है. इसके अलावे उन्होंने बाल विवाह के संबंध में मीडिया के दायित्वों, बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न कानून में मीडिया से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों के विषय पर चर्चा की. इस दौरान बाल विवाह विषयक पर लिखे जाने वाली खबरों में क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए, इस पर भी प्रकाश डाला गया. इसके पूर्व यूनिसेफ के प्रोजेक्ट को ऑर्डिनेटर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी मीडिया कर्मियों को बाल विवाह से जुड़े आंकड़ों से अवगत कराया. मौके पर संरक्षण पदाधिकारी केडी पासवान व पदाधिकारी प्रकाश कुमार मौजूद थे.

आओ जानें

सामान्य ज्ञान

- मधुमक्खी का वास्तविक उत्पाद है – मोम
- झारखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना कब शुरू की गई – 2001
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहां एसबीआई की शाखा का उद्घाटन किया – श्रीलंका
- कश्मीर के इतिहास से संबंधित पुस्तक का नाम – राजतरंगिणी
- किसे वर्ष 2023 के लिए एजुथाचन पुरस्कार साहित्य के लिए चुना गया – डॉ. एसके वसंथन
- ट्रेकोमा रोग में आंख का कौनसा भाग प्रभावित होता है – कॉर्निया
- मौर्य वंश का अंतिम राजा कौन था – वृहद्रथ
- कौन कोटक महिंद्रा जनरल इंश्योरेंस की 51% हिस्सेदारी लेगी – ज्यूरिख इंश्योरेंस
- छोटानागपुर संयुक्त सभा की स्थापना कब हुई – 1954
- अशोक को किस शिलालेख में अशोकवर्धन कहा गया है – पुराण

नहीं चलेगी ठेकेदार की मनमानी करेंगे कानूनी कार्रवाई : कालिंदी

फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करते विधायक

संवाददाता । जमशेदपुर

जुगसलाई और आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को गर्मी के दिनों में पानी और बिजली की समस्या नहीं होगी. इसके लिए जुगसलाई शहरी जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट में खराब पड़े चार मोटरों को बदला जाएगा. साथ ही 44 लाख की लागत से एक नए विद्युत् फीडर का निर्माण कराया जाएगा.

इससे क्षेत्र के लोगों को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति होगी साथ ही पानी की समस्या भी दूर हो जायेगी. शनिवार को फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक मंगल कालिंदी ने इस संबंध में निर्देश जारी किया. निरिक्षण के दौरान उन्होंने कई खामियां पाई, जिसके बाद पीएचडी विभाग के ठेकेदार की गैरमौजूदगी में उनके प्रतिनिधि को जमकर फटकार लगाईं. उन्होंने कहा कि आप अपनी जिम्मेदारी से नहीं भाग सकते. लोगों की समस्या को सुने और उन्हें ससमय दूर करें. विधायक ने वहीं से पेयजल एंव स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को फोन लगाया और ठेकेदार द्वारा की जा रही मनमानी से उन्हें अवगत कराया.

लोगों ने की थी शिकायत

लोगों से मिली शिकायत के बाद विधायक फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे थे. उन्होंने पाया कि एक ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है जिसे देख वे भड़क गए और तुरंत ही उसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया ताकि उसे स्टैंड बाय में रखा जा सके.

मजदूरों ने पीएफ को लेकर आंदोलन की चेतावनी

कतरास । बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र अंतर्गत शैली इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड आउटसोसिंग कम्पनी के पूर्व में कार्यरत मजदूरों ने 192 मजदूरों का पीएफ राशि का भुगतान करने की मांग को लेकर ब्लॉक दो ज़ी एम को पत्र लिखकर इस सन्दर्भ में उचित कार्रवाई की मांग की है. जीएम को प्रेषित पत्र में मजदूरों ने लिखा है की ब्लॉक दो क्षेत्र के एबीओसीपी माइन में शैली इन्फ्रा प्रा. लि. नामक आउटर्सोसिंग कंपनी नवम्बर 2013 में यहां आकर कार्य प्रारम्भ किया था. उस दौरान उक्त कंपनी में करीब 192 मजदूर कार्यरत थे. वर्ष 2017 में इस कंपनी का कार्य बंद हो गया. मजदूरों ने कहा है कि कंपनी पीएफ की राशि काट कर बैंक पासबुक के माध्यम से वेतन भुगतान करती थी. मजदूरों का यह आरोप है कि कंपनी ने पीएफ की राशि काट ली परन्तु उसे पीएफ कार्यालय धनबाद में जमा नहीं कराया.

हाथियों की मौत के कारणों की जांच कराये सरकार : गोस्वामी

संवाददाता । चाकुलिया

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने विगत दिनों चाकुलिया के जंगलों में हुए हाथियों के मौत के कारणों की जांच करवाने की सरकार से मांग की है. उन्होंने कहा कि 2 दिनों में 2 मादा हाथियों की जंगल में मौत हो गई. वन विभाग बिजली के हाई वोल्टेज तार जमीन के पास होने का हवाला देते हुए करेंट लगने के कारण हाथियों की मौत का कारण बता रहा है. डॉ गोस्वामी ने कहा कि वन विभाग खुद सवाल के घेरे में खड़ा है कि जब हाई वोल्टेज तार जमीन के पास से गुजरता है तो पहले क्यों नहीं बिजली विभाग से सम्पर्क कर तार को ऊंचा करवाने का कार्य नहीं किया. वहीं अगर हाथियों को बिजली का करेंट लगा तो समय पर उनके इलाज की समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की गई. सरकार के विभागों की लापरवाही के कारण अब जंगलों में वन्य प्राणी सुरक्षित नहीं हैं. डॉ गोस्वामी ने जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को पत्र लिखकर हाथियों के मौत पर चिंता जाहिर की है. डॉ गोस्वामी ने सरकार से भटके हुए हाथियों के झुंड को चाकुलिया तथा बहरागोड़ा के जंगलों से ले जाकर सुरक्षित घने जंगलों की ओर भेजने की व्यवस्था करने का आग्रह किया है. कहा कि 2 वर्षों में हाथियों के उपद्रव से अब तक 7 लोगों की जानें गई तथा हाथियों ने सैकड़ों एकड़ धान को रौंद डाला.

चांडिल में एसडीएम ने ली योजनाओं की जानकारी

चांडिल। चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो शनिवार को अचानक ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय पहुंचे. इस दौरान उन्होंने प्रखंड व अंचल कार्यालय के पदाधिकारी व कर्मचारियों के साथ बैठक की. मौके पर उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में चल रही कल्याणकारी योजनाओं के अलावा निर्वाचन पुनरीक्षण कार्य के प्रगति की समीक्षा की. निर्वाचन कार्य में लगे सभी सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर उन्होंने निर्वाचन से संबंधित मिले सभी प्रकार के आवेदन पत्रों की जानकारी ली. उन्होंने सभी कार्यो को निर्धारित समयसीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया. अनुमंडल पदाधिकारी ने ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय में बैठक करने के बाद बूथों में चल रहे कार्यो का भी निरीक्षण किया. मतदान केंद्रों में पुनरीक्षण कार्य को लेकर विशेष शिविर लगाया गया था.

एसपी ने निकाली बाइक रैली

संजीव मेहता । आदित्यपुर

सरायकेला पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार द्वारा जिले में यातायात जागरुकता को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहे हैं. इसी कड़ी में शनिवार को सरायकेला जिला मुख्यालय से कांड्रा टोल बूथ तक लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मोटरसाइकिल रैली निकल गई, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस के पदाधिकारी और जवान शामिल हुए. सरायकेला ट्रैफिक प्रभारी राजेश कुमार सिंह की देखरेख में यातायात जागरुकता मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया.

सरायकेला पुलिस मुख्यालय से स्वयं पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने दो पहिया वाहन में हेलमेट लगाकर मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व किया. इस दौरान मोटरसाइकिल पर पीछे सवार पुलिस जवानों के हाथों में सड़क नियम जागरुकता से संबंधित तख्तियां पड़े नजर आए. सरायकेला पुलिस मुख्यालय से कांड्रा टोल बूथ तकरीबन 25 किलोमीटर सड़क जागरुकता मोटरसाइकिल रैली निकल गई. कांड्रा टोल बूथ पर इसका समापन किया गया. इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने कहा कि हेलमेट से जान बचाती है, लिहाजा दो पहिया वाहन चालकों को निश्चित तौर पर हेलमेट पहनकर बाइक चलानी चाहिए. वही चार चक्का वाहन चालकों से इन्होंने अपील किया है कि ड्राइविंग के वक्त सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें, ताकि दर्घटना से बचा जा सके.

जवान शामिल

- ट्रैफिक प्रभारी की देखरेख में जागरुकता रेली निकाली गई
- एसपी विमल कुमार स्वयं ही हेलमेट पहनकर निकले

दो दिवसीय कुष्ठ प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

लातेहार । सदर अस्पताल के सभागार में आहुत दो दिवसीय राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हो गया. सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी को माध्यमिक स्तर के रेफरल प्रणाली स्थापित करने के लेकर विशेष रूप जानकारियां दी गयी. कुष्ठ रोग से होने वाले विकलांगता के रोकथाम एवं चिकित्सा पुनर्वास के संस्थागत को लेकर विशेष रूप प्रशिक्षण दिया दिया गया. सिविल सर्जन ने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उदेश्य कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित कर प्रखंड स्तर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुष्ठ रोगियों को खोजकर कुष्ठ रोगियों का समुचित इलाज की व्यवस्था को सुनिश्चित करना है.

जर्जर चांडिल का पीएचईडी कार्यालय अतिरिक्त प्रभार पर चलने से कोई काम ससमय से नहीं हो रहा है

देखरेख के अभाव में कार्यालय भवन खंडहर में तब्दील

दिलीप कुमार । चांडिल

चांडिल का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग प्रभार पर चल रहा है. यहां ना सहायक अभियंता का पदस्थापना किया गया है और ना कनीय अभियंता का. चांडिल अनुमंडल के चारों प्रखंड चांडिल, नीमडीह, ईचागढ़ व कुकडू प्रखंड के लोगों को प्रभार के पदाधिकारी पेयजल उपलब्ध करा रहे हैं. वैसे चारों प्रखंड के लिए अलग-अलग कनीय अभियंता और पूरे अनुमंडल क्षेत्र के लिए एक सहायक अभियंता रहता है. लेकिन बीते कई महीनों से अभियंताओं की पदस्थापना नहीं किया गया. अनुमंडल के चारों प्रखंडों के कनीय अभियंता का प्रभार खरसावां प्रखंड के कनीय अभियंता अश्विनी सरदार को दिया गया है. वहीं सहायक अभियंता का अतिरिक्त प्रभार सरायकेला के सहायक अभियंता को दिया गया है.

चांडिल का पीएचईडी कार्यालय अतिरिक्त प्रभार पर चलने के कारण कोई भी काम ससमय सही ढंग से नहीं हो पा रहा है. शायद इसी का नतीजा है कि चांडिल में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहा है. सही समय पर मरम्मत नहीं होने और देखरेख के अभाव में पीएचईडी कार्यालय भवन में अब धीरे-धीरे खंडहर में बदल रहा है. कार्यालय की छत पर पेड़-पौधे उग आए हैं. बरसात के दिनों में छत का प्लास्टर टूटकर गिरते भी हैं. रंग-रोगन नहीं होने के कारण किसी भी दृष्टी से उक्त भवन महत्वपूर्ण विभाग का कार्यालय नहीं प्रतीत होता है.

पदस्थापना नहीं

- पेयजल व्यवस्था बदतर होती जा रही है
- चारों प्रखंडों के कनीय अभियंता हैं अश्विनी
- कार्यालय की छत पर पौधे उग आए हैं

पदाधिकारियों की पदस्थापना करे सरकार

चांडिल निवासी किरीटी धीवर ने कहा कि कार्यालय में अगर पदाधिकारी ही नहीं रहेंगे तो काम कैसे चलेगा. प्रभार पर रहने वाले पदाधिकारी जरूरत के समय कार्यालय आते हैं. ऐसे में किसी प्रकार की समस्या या शिकायत होने पर आखिर पेयजल उपभोक्ता किसके पास जाएंगे. सरकार को जल्द ही चांडिल में पदाधिकारियों की पदस्थापना करनी चाहिए ताकि लोगों को सहज रूप से शुद्ध पेयजल मिल सके. सरकार और विभाग को इस बारे में सोचने की जरूरत है.

घायल किशोरी को विधायक एंबुलेंस से ले गए एमजीएम

संवाददाता । घाटशिला

प्रखंड के दामपाड़ा क्षेत्र अंतर्गत गंधनिया गांव की एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। जो इलाज के अभाव में जिंदगी और मौत से जूझ रही थी. इसकी जानकारी मिलते ही विधायक रामदास सोरेन शनिवार को गांव पहुंचकर एम्बुलेंस की व्यवस्था कर बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर अपने साथ ले गए. एमजीएम के वरिष्ठ चिकित्सकों से बातचीत कर बेहतर इलाज करने को कहा. विधायक रामदास सोरेन ने पीड़ित के माता-पिता को भरोसा दिलाया की बच्ची का बेहतर इलाज कराया जाएगा व स्वस्थ होकर घर लौटेगी. ज्ञात होगी कि पिछले 24 अक्टूबर को बरडीह गांव के समीप सड़क दुर्घटना से दुलारी सोरेन आठ वर्ष की मृत्यु हो गई थी. जबकि साथ में छीतामनी हेंब्रम16 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गयी थी. इलाज के लिए जमशेदपुर के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था.

नेताओं में टशन, चमका रहे पिस्टल, दे रहे हैं धमकी

संवाददाता। धनबाद

धनबाद में इन दिनों नेताओ के बीच पिस्टल चमकाते का मामला जोर पकड़ता रहा है.आए दिन थानों में मामले दर्ज करवाए जा रहे हैं. एक तरफ गैंगस्टर प्रिंस खान के गुर्गों को पुलिस काबू करने में लगी है, तो दूसरी ओर राजनीति पार्टी के लोग पिस्टल चमकाने और धमकाने में लगे हुए हैं.कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह के भाई पप्पू सिंह और उनके सहयोगी सूरज सिंह पर बरवाअड्डा थाने में पिस्टल चमकाने का मामला दर्ज करवाया गया है. पीड़ित कर्ण दुबे जो की भेलाटांड़ के रहने वाले हैं, और कांग्रेस में झरिया के प्रखंड अध्यक्ष हैं. इन्होंने बताया कि ड्यूटी से घर आ रहे थे, कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष के भाई और उनके सहयोगी ने अचानक हमला कर दिया. बताया कि पप्पू सिंह के हाथ में एक पिस्टल था. जान बचाकर बरवाअड्डा थाना पहुंचा हूं. कहा कि संतोष सिंह नगालैंड का पिस्टल रखते हैं और कभी भी मेरी हत्या करवा सकते है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

गाड़ी को ओवर टेक कर पिस्टल चमकाई

हाल ही में कांग्रेस नेता रणविजय सिंह के पुत्र पर धनबाद के सदर थाने में मामला दर्ज करवाया गया. मामला था कि कांग्रेस नेता रणविजय सिंह के पुत्र रणवीर सिंह ने सिंदरी के पूर्व विधायक तथा तत्काल जेएमएम नेता फूलचंद मंडल के छोटे पुत्र आशीष मंडल की गाड़ी को ओवर टेक कर पिस्टल चमकाई थी और धमकाया था. उसके बाद रणविजय सिंह के चालक ने फूलचंद मंडल के पुत्र पर सदर थाने में पिस्टल चमकाने का मामला दर्ज करवाया.पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुटी हुई है.

एसटी सुरक्षित 5 लोस और 28 विस सीटों पर होगा फोकस

आदिवासियों को साधने आएंगे मोदी

सत्य शरण मिश्रा। रांची

15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिवस पूरे राज्य और देश में धूमधाम से मनाया जाएगा. सभी राजनीतिक दलों के नेता भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देंगे. हर पार्टी और नेता यह बताने की कोशिश करेंगे कि भगवान बिरसा को सम्मान देने और उनके सपनों को पूरा करने के लिए किसने क्या-क्या किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 15 नवंबर को आदिवासियों को साधने के लिए झारखंड आएंगे. खूंटी के उलिहातु बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे. इसके बाद खूंटी में जनसभा को संबोधित करेंगे. इस जनसभा में उनका फोकस झारखंड के आदिवासी सुरक्षित 5 लोकसभा और 28 विधानसभा सीटों पर होगा और निशाने पर होगा विपक्षी गठबंधन.

10 जिलों के नेता-कार्यकर्ता तैयारियों में लगे

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर भाजपा खेमे में काफी उत्साह दिख रहा है. स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा प्रधानमंत्री के दौरे को सफल बनाने की रणनीति बनाने में व्यस्त हैं. कार्यकर्ताओं के साथ लगातार बैठक चल रही है. भाजपा ने इस कार्यक्रम में राज्य के दो प्रमंडल, 5 लोकसभा और 10 जिलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है. शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों ने पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम, चाईबासा, सरायकेला-खरसावां, जमशेदपुर महानगर और रांची महानगर एवं ग्रामीण जिलाध्यक्षों के साथ बैठक कर उन्हें टास्क दे दिया है.

मोदी करेंगे संकल्प यात्रा का शुभारंभ

पीएम मोदी खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे. उलिहातु से शुरू होने वाली यह यात्रा 25 जनवरी 2024 तक चलेगी. इस दौरान सूचना,संचार एवं शिक्षा वैन जनता के बीच घूमकर सरकारी योजनाओं की जानकारी देगी. ग्रामीण क्षेत्रों में 2500 और शहरी क्षेत्रों में 200 वैन जाएंगे. वहीं प्रधानमंत्री इस मौके पर प्रदेश की जनता को यह संदेश देंगे की भाजपा की सरकार ही आदिवासियों की सबसे बड़ी हितैषी है. उनकी सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा को सच्चा सम्मान देते हुए उनकी जन्मतिथि को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया.

इन 5 लोकसभा सीटों पर होगा फोकस

- खूंटी
- सिंहभूम
- राजमहल
- लोहरदगा
- दुमका

इन 28 विधानसभा सीटों पर रहेगी नजर

खूंटी, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खिजरी, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा,कोलेबिरा, मनिका, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, दुमका, जामा

आदिवासियों को बताएंगे ये बातें

- भाजपा सरकार ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया.
- आदिवासियों के उत्थान के लिए अगले 3 साल में 15000 करोड़ खर्च होंगे.
- भाजपा की सरकार ने अलग झारखंड राज्य बनाकर दिया.
- भाजपा सरकार ने केंद्र में जनजातीय मामलों का मंत्रालय बनाया.
- 8 आदिवासी नेताओं को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह दी गई है.
- भाजपा ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग बनाया.
- एकलव्य मॉडल स्कूलों की संख्या 278 से बढ़ाकर 1418 की गई
- देशभर में 200 करोड़ के बजट से जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय बन रहे हैं.

सुदेश ने योजनाओं का शिलान्यास किया

सोनाहातू। विधायक सुदेश महतो ने शुक्रवार को सोनाहातू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 75 लाख की लागत से कई योजनाओं का शिलान्यास किया. जामुदाग गांव में प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना से 50 लाख की लागत से स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य व विधायक निधि से 25 लाख की लागत से बरसालडीह गांव में 500 फीट पीसीसी सड़क, पुडदाग गांव में शमशान सेड निर्माण कार्य, गाड़ाडीह गांव में 300 फीट पीसीसी सड़क और डिबाडीह गांव में 500 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इस अवसर पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव की जरुरत को पूरा किया जा रहा है. पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किये जा रहे हैं. हमारा प्रयास जेनरेशन ग्रोथ को लेकर है.

भाजपा नेता से मिले फुटपाथ दुकानदार

रामगढ़। शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू से उनके आवासीय कार्यालय में फुटपाथ दुकानदारों ने मुलाकात की. रामगढ़ छावनी परिषद फुटपाथ दुकानदार संघ का प्रतिनिधिमंडल समाजसेवी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में मिलने पहुंचा था. दुकानदारों ने कुंटू बाबू को पुष्पगुच्छ देकर दीपावली की अग्रिम शुभकामना दी. साथ ही फुटपाथ पर व्यवसाय करने में आने वाली प्रशासनिक कठिनाइयों से भी अवगत कराया. भाजपा नेता कुंटू बाबू ने आश्वासन दिया कि सभी दुकानदारों के साथ हमेशा की तरह आगे भी सहयोग करते रहेंगे.

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से रविवार को दिन के 11.30 बजे पुराना विधानसभा सभागार, धुर्वा में जिलाध्यक्षों एवं विधानसभा प्रभारियों की समीक्षा बैठक होगी. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारी की समीक्षा होगी. मालूम हो प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिलाध्यक्षों एवं विधानसभा प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वे पूरी तैयारी के साथ इस बैठक में उपस्थित हों.

झामुमो पार्टी कार्यालय का कल होगा उद्घाटन

धनबाद। झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद जिला कार्यालय का उद्घाटन राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त विनोद पांडेय के द्वारा सोमवार को होगा. बिरसा मुंडा पार्क के समीप झामुमो का नया कार्यालय बनाया गया है. जिसका उद्घाटन सोमवार को सुबह 11 बजे किया जाएगा. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री विनोद पांडेय, विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त फागु बेसरा एवं पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो मौजूद रहेंगे. इस मौके पर धनबाद जिला समिति के सभी पदाधिकारियों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है. उक्त जानकारी जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने दी.

राजरंग

घोलटनिया-पलटनिया बाज पलामू वाले साहेब बाबू...

राज्य में एगो नेताजी हैं. पहले कांग्रेस में थे, अब राष्ट्रवादी कांग्रेसी हो गए, एनसीपी की राजनीति चमका रहे हैं. इ पलामू के साहेब हैं. शरीर से हट्टा-कट्टा. मोट-झोट. देखेही से लगता है कि खाइल-पियल घर के हैं. लेकिन मंत्री बने के बाद गड़बड़ा गए. अइसन-वइसन नहीं गड़बड़ाए, पूरे के पूरे गड़बड़ा गए. कोर्ट-कचहरी के चक्कर में अभियो फंसल हैं. झारखंड में सरकार के हाथ देके सहारा दिहले थे. हालांकि सरकार को उनके सहारे की जरूरत न थी, लेकिन जबरन सहारा देले थे. वाहवाही बटोरेला सहारा देले थे. सरकार के चार साल पूरे होने को हैं, तो साहेब को अचानके याद आया कि सरकार उनके अनुसार काम नहीं कर रही है. अभी दुइए दिन पहिले साहेब ने आव देखा न ताव, सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा कर दी. कहे लगे कि सरकार बढ़िया काम नहीं कर रही है. उनके अनुसार काम नहीं कर रही है. उनका एगो इलाका है, ओकरा जिला बनाइए नहीं रही है सरकार. इसलिए समर्थन वापस. लेकिन अंदरखाने में तो कुछ और ही चर्चा है. दलबदल के लफड़ा-पचड़ा से बचेला कमलेश बाबू ने खेल केला है. साहेब तो एनसीपी के बड़का नेता जी के आगे-पीछे करेवाला नेताजी हथिन, लेकिन महाराष्ट्र में चचा को भतीजे लोग पटकनिया दे दिया, तो चचा चारों खाने चित्त हो गए. अब पलामू वाले साहेब बाबू जी चचा के करीबी तो थे, लेकिन सत्ता के खेल में चचा के पीछे लगल रहते, तो फेंकाइए जाते. दल-बदल वाला चक्कर में पटकाइए जाते. विधानसभा से सदस्यता भी चल जाता. तो साहेब बाबू ने मौका देख के चौका जड़ दिया. महाराष्ट्र में उनकी पार्टी जिसकी पिछलग्गू-भग्गू बन गई है, बस उहेवाला पॉलिसी साहेब बाबू ने यहां भी अपनाया. सो साहेब बाबू ने घोलटनिया मारा. सरकार से समर्थन वापस लेकर आगे की बाबू साहेबी बरकरार रखे में जुट गए. वइसे भी साहेब बाबू अलटी-पलटी मारे में उस्ताद हैं. शिबू साहिब को समर्थन देवे कर बात कहे. फिर उनको गच्चा देकर एनडीए खेमा दने लुढ़क लिए. खूबे ड्रामा किए थे. बिन बेमारी के इरबा दने के अस्पताल में लुढ़क लिए. फिर एक बार भागा-भागी में जमशेदपुर के लगे धराए. बड़ी नाटकबाज हैं इ साहेब बाबू. घोलटनिया मार साहेब बाबू हैं.

मम्मी-मम्मी... आमी राजनीति कोरबो...आमा के डिप्टी बोलुन

शहर में एगो नेताइन जी हैं. कोई मेडम तो कोई मैम कहते हैं, तीर-धनुष उठाइले, टांगले रहीं, तो दिल्ली उड़े का मौक मिल गया. साहित्य से ही नेताइन जी की स्पेशल पहचान है. पढ़ल लिखल... विधानसभा चुनाउवा में तो रांची वाले चचा सीपी को चहेटले थीं, लेकिन बाद में गड़बड़ा गईं. अउर पटका गईं. कुछे वोट से हार गईं. लेकिन तीर-धनुष के राजकुमार साहिब तो मैम का राजनीति चमकावे ला बेचैन थे. मौके की तलाश में थे. सो दिल्ली दरबार भेजवावे में सफल रहे. मेम भी सक्रिय रहती हैं. पार्टी का कर्जा उतारे में लगल रहती हैं. आखिर पार्टी के चलते दिल्ली तक पहुंचीं, तो पार्टी का करजवा (कर्ज) तो उतारेंगी ही न. लेकिन मेडम के सन यानी बेटा जी भी अब खूबे राजनीति चमकाइले हैं. शहर में जेने-तेने खंभा पर मम्मी जी के साथ फोटो चिपकाइले हैं. तीर-धनुष चमकाइले हैं. कभी वार्ड पार्षद का चुनावों नहीं लड़े, लेकिन मम्मी-मम्मी मिमिया के डिप्टी बने के जुगाड़ में लगल हैं. मतलब माई या मॉम के सहारे राजनीति चमकावे में लगल हैं. मैम के संग सन जी का फोटो देख-देख के लोग उक्ता गए हैं. दुर्गा पूजा के दौरान सन जी ने छोटका-छोटका होर्डिंग लगवाया था. अभियो खंभवा पर दिखता है. गुरु परब तक लोग को दिकावे के चक्कर में लगल हैं. विसे भी वंश के बढ़ावा देवेवाली पार्टिया में ढुकल हैं, तो वंशवाद की राजनीति तो चमकाएंगे ही न. अब कोइयो कुछो बोले... बेटा जी तो कहते हैं... आमी राजनीति कोरबो...आमर बेस आछे. आमी पारबो... आमर जीत पक्का आछे. आमी डिप्टी मेयर होबो... पोल पर मम्मी- बेटा जी का थोबड़ा देख-देख के लोग मुंह बिचकावे लगे हैं. लेकिन मॉम-सन को भला कौन समझाए कि खंभा पर टंगने-लटकने से राजनीति नहीं हो सकती.

जमीन कारोबारी, कमल फूलवाले नेताजी चुनाव लड़े ला लकलकाइल हैं

झकास कुर्ता-पजाना झाड़ले रहते हैं. पहिले जमीन खरीद-बिक्री कइले रहते थे. ठेकेदारियो चमका लेते थे. पइसा ठोक दिए. पइसा ठोके, तो राजनीति चमकावे का मन करे लगा. गते से कमल फूल टांग लिए. बड़का नेताजी लोग के आगे-पीछे घूमे लगे. अचानके दिव्य ज्ञान हुआ. सोचे लगे कि जब बड़का नेताजी लोग पर पइसवा खर्च करबे करते हैं, तो काहे न अपन राजनीति चमकाएं. नया-नया नेतागीरी का शौक चरमराया, तो पइसा छीटे लगे. पूजा-पाठ भी करे लगे. पोस्टर-होर्डिंग बैनर में दिखे लगे. साहब चुनाव लड़ेला लकलकाइल हैं. बड़कन नेताजी के आगे-पीछे तो कइले ही रहते हैं, सेटिंग-गेटिंग में भी लगल रहते हैं. अभिए कुछ दिन पहिले तीरथ करने भी गए थे. उज्जैन में महाकाल के दरबार से लेकर बानारसवाले भोले बाबा के यहां हाजिरी लगा चुके हैं. सासाराम में भी मंदिर गए. लगता है कि मन्नत लेकर गए थे. हे भगवान जी...अबकी टिकटवा दिलवा दीजिए. मेहनत करते तो जीत ही जाएंगे. जीते, तो फिर आएंगे. पक्का है. शायद कुछ ऐसी ही मन्नतें मांग रहे होंगे. मां दुर्गा की भी आराधना करते हैं. शहर के मुख्य रोड पर नौ दिन मां की आराधना में लगल रहे. साहब बड़े सौम्य और सुशील हैं. बहुत शालीन भी हैं. नताजी को पता चल गया है कि रांची के बुजुर्ग कमल फूलवाले नेताजी की उम्र बढ़ रही है. अब तो साहेब बेराम भी रहते हैं. टिकट दूसरे को मिलेगा. सो नेता जी रेस हो गए हैं. उनके चाहनेवाले भी ढेरों हैं. चाहनेवालों की भी चाहत पूरी कइले रहते हैं टिकट ला ललकाइल नेताजी.

ब्रीफ खबरें

सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

गावां (गिरिडीह) । माल्डा पिहरा पथ पर पाण्डेयडीह के पास शनिवार को एक युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया. देवरी थाना अंतर्गत चतरो निवासी बाबू मनी सिंह अपने साले के साथ गावां से पिहरा की ओर जा रहे थे. पाण्डेयडीह बाग में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई. घटना में उनके सिर व शरीर के अन्य भागों में गंभीर चोट लगी है. घायल अवस्था में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां सिंह की गिरिडीह रेफर कर दिया गया.

जीटी रोड के किनारे मिला शव, सनसनी

निरसा। निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत इसीएल मुगमा क्षेत्रीय कार्यालय जीटी रोड के समीप शनिवार को एक शव मिलने से सनसनी फैल गई. सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई. इधर निरसा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है. शव की पहचान नहीं हो पायी है. घटनास्थल पर मौजूद लोगों का कहना है कि इस शव को देखकर ऐसा लगता है जैसे यह कोई ट्रक का चालक या खलासी है.

ट्रक के पीछे जा घुसी कार, बाल-बाल बचे

जमशेदपुर। जमशेदपुर के साकची थाना अंतर्गत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास एक कार अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे जा घुसी. इस घटना में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. कार की रफ्तार ज्यादा नहीं थी, जिस कारण कार सवार लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है. घटना के बाद सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी. इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जाम को हटाते हुए कार को जब्त कर थाना ले गई.

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

जमशेदपुर। बोड़ाम थाना अंतर्गत डिमना डैम के पास शनिवार सुबह एक वृद्ध का शव पाया गया. स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी. इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक की पहचान मानगो डिमना बस्ती निवासी 80 वर्षीय विश्व विजय घोष के रूप में की गई. विजय की मौत अज्ञात वाहन के धक्के से हुई है. इस संबंध में विजय के भाई अजय के बयान पर बोड़ाम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.

अपराधियों ने कपाली में युवक को मारी गोली

जमशेदपुर। जमशेदपुर से सटे सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत अलबेला गार्डन के पास अपराधियों ने 24 वर्षीय रागिब आलम पर गोली चला दी. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए. इधर, घायल अवस्था में रागिब को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. हालांकि परिजन उसे टीएमएच लेकर गए है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

बुजुर्ग दंपती से चेन की छिनतई, फरार

पुटकी। शनिवार की शाम करीब 4:47 में पुटकी सेंट्री ऑफिस के सामने स्कूटी से बुजुर्ग दंपती केंदुआ बाजार से अपने घर भागाबांध जा रहे थे, उसी क्रम में बाइक सवार दो अपराधियों ने पीछे बैठी निर्मला देवी के सोने की चेन पर झपटता मारते हुए भाग गए. घटना के बाद अपराधी करकेंद की ओर भाग निकले. बताया जाता है कि बाइक चला रहे अपराधी हेलमेट पहना हुआ था. वहीं दूसरा अपराधी का चेहरा खुला हुआ था. बुजुर्ग दंपती छोटान पंडित भागाबांध के रहने वाले हैं.

कुत्ते की चोरी, पुलिस ने नहीं दर्ज की शिकायत

जमशेदपुर। टेल्को थाना अंतर्गत टेल्को कॉलोनी क्रॉस रोड नंबर 19 निवासी टाटा मोटर्स कर्मी रियाज अहमद का कुत्ता शुक्रवार शाम घर के बाहर से चोरी हो गया. रियाज मामले की शिकायत करने टेल्को थाना पहुंचे. हालांकि पुलिस ने शिकायत लेने से मना कर दिया जिसके बाद रियाज ने एसएसपी से मामले की लिखित शिकायत की है. रियाज ने बताया कि उनके पास वेल्स कोरगी नस्ल का एक कुत्ता है जिसकी उम्र तीन साल है. कुत्ते की कीमत 1.60 लाख है.

एक का खुलासा नहीं, अपराधी दूसरी घटना को दे रहे अंजाम

सौरभ सिंह। रांची। राजधानी रांची में पुलिस एक घटना का खुलासा होता नहीं कि अपराधी दूसरी घटना को अंजाम दे देते हैं. पिछले एक माह के दौरान रांची के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अपराधियों ने गोलीबारी की तीन बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है. इनमें शामिल अपराधियों को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर पायी है.

जानें वैसी घटनाओं के बारे में

लापुंग में अपराधियों ने दो को मारी थी गोली, एक की हो गई थी मौत

रांची जिले के लापुंग थाना क्षेत्र स्थित हुलसु में 29 सितंबर की आधी रात को अज्ञात अपराधियों ने दो युवकों को गोली मार दी थी. जिसमें राजेश नाम के युवक की मौके पर ही मौत हो गयी थी. जबकि दूसरा युवक संदीप गंभीर रूप से जख्मी हुआ था. अपराधियों ने दोनों दोस्तों को निशाना बनाकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी थी. इस मामले में अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है.

इटकी में शिवसेना नेता सहित तीन को मारी गई थी गोली

राजधानी में दुर्गा पूजा की सुरक्षा को धता बताते हुए इटकी थाना क्षेत्र स्थित गड़गांव में अपराधियों ने बीते 19 अक्टूबर को तीन लोगों को गोली मार दी थी, उसमें दीपक सिंह, भोमा सिंह और नरेश शामिल थे. दीपक सिंह शिव सेना से जुड़े हुए हैं. अपराधियों ने जिस तरह दिनदहाड़े तीन युवकों को गोली मारी और फिर वहां से फरार हो गये, यह राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है.

रांची में ढाबा संचालक की गोली मारकर कर दी गयी थी हत्या

नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित नयासराय में ढाबा संचालक शमशुल होदा की अपराधियों ने तीन नवंबर की शाम गोली मार कर हत्या कर दी. होदा हर दिन की तरह नगड़ी स्थित अपने ढाबे में बैठकर कामकाज निपटा रहे थे. इसी दौरान अचानक अपराधी ढाबे के अंदर आये और होदा को निशाना बना कर फायरिंग करने लगे. होदा ने भागने की कोशिश की, लेकिन अपराधियों ने उन्हें खदेड़ कर गोली मार दी थी.

आओ जानें

किस जिले के कितना रूपया किया गया है स्वीकृत

बोकारो : 22.81 लाख	कोडरमा : 30.40 लाख
चाईबासा : 6.82 लाख	लातेहार : 01 लाख
चतरा : 10.84 लाख	लोहरदगा : 24.41 लाख
देवघर : 7.70 लाख	पलामू : 1.50 लाख
धनबाद : 32.71 लाख	पाकुड : 3 लाख
दुमका : 50.98 लाख	रामगढ़ : 22.50 लाख
गिरिडीह : 31.71 लाख	रांची : 22.50 लाख
गोड्डा : 15 लाख	साहेबगंज : 1.74 लाख
गुमला : 7.92 लाख	सराइकेला : 14.28 लाख
हजारीबाग : 40.10 लाख	सिमडेगा : 4.30 लाख
जमशेदपुर : 67.35 लाख	खूंटी : 10.85 लाख
जामताड़ा : 11 लाख	कुल : 4.41 करोड़

हाई लेवल ब्रिज निर्माण के संवेदक को दी थी धमकी

10 लाख लेवी मांगनेवाला टीपीसी उग्रवादी गिरफ्तार

संवाददाता । लोहरदगा

हाई लेवल ब्रिज निर्माण के संवेदक से मोबाइल फोन से 10 लाख रुपये लेवी मांगने व धमकियां देने वाले टीपीसी के नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है. गिरफ्तार नक्सली की पहचान कुलेश्वर कुमार यादव उर्फ डिटोल यादव, पिता गुलैची यादव साकिन बिदरा थाना पिपराटाड़, जिला पलामू के रूप में की गई है. गिरफ्तार नक्सली के पास से दो मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड बरामद की गई है.

शनिवार को पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां द्वारा गिरफ्तार आरोपी को प्रेस के समक्ष प्रस्तुत किया गया. उन्होंने बताया कि संतोष प्रसाद के आवेदन के आधार पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के जोनल कमांडर प्रभात जी एवं विकेश जी तथा मोबाइल नंबर 9372163452, 9155515986 एवं 9060498376 के धारक के विरुद्ध वादी सह पेशरार थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम केरार से बुलबुल स्थित चोपा पाखल नाला, दुलदुबवा नाला एवं बुलबुल नाला में तीन हाई लेवल ब्रिज निर्माण कार्य करवा रहे राइट वे कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड के संवेदक को फोन कर 10 लाख रूपये लेवी मांगने एवं लेवी का पैसा नहीं देने पर निर्माण कार्य बंद करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पेशरार थाना कांड संख्या 09/23, दिनांक 02112023 धारा 385, 387, 34 भादवि एवं 17 सीएलए एक्ट दर्ज किया गया है. जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पेशरार थाना प्रभारी मो. अख्तर अली के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया. शुक्रवार की रात को छापेमारी टीम ने पलामू जिला के पिपराटांड़ थाना पुलिस की सहायता से ग्राम बिदरा पहुंचकर सशस्त्र बल की सहायता से एक घर का घेराबंदी करते हुए विधिवत छापेमारी की. छापेमारी के क्रम में घर पर एक व्यक्ति मिला, जिससे नाम पता पूछने पर इनके द्वारा अपना नाम कुलेश्वर कुमार यादव उर्फ डिटोल यादव बताया गया एवं मोबाइल से धमकी दिये जाने की बात के संबंध में पूछताछ करने पर इन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया. उसके पास से दो एन्ड्रोयड मोबाइल फोन, तीन सिम बरामद किया गया. जिस मोबाइल फोन से ही वादी को फोन कर लेवी के पैसे की मांग एवं जान मारने की धमकी दिया जा रहा था. एसपी श्री जमां ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति नक्सली संगठन टीपीसी से जुड़ा हुआ है.

खास बातें

- दो मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड बरामद की गई
- गिरफ्तार नक्सली की पहचान कुलेश्वर के रूप में हुई है

तिसरी थाना का चौकीदार राहुल लापता, अपहरण की आशंका

संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)

जिले के तिसरी थाना का चौकीदार राहुल यादव 24 घंटे से अधिक समय से लापता है. तिसरी पुलिस और स्थानीय लोगों ने आस-पास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की. लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका. आशंका जताई जा रही है कि किसी ने राहुल का अपहरण कर लिया होगा. हालांकि इस मामले में पुलिस कुछ भी कहने से परहेज कर रही है. फिलहाल पुलिस मानव व तकनीकी सहित अन्य चीजों की मदद से राहुल यादव की खोजबीन में जुटी है. इधर किसी तरह की अनहोनी होने की आशंका से परिजन सहमे हुए हैं.

मॉर्निंग वॉक पर निकले, लेकिन वापस नहीं लौटे : बताया जाता है कि राहुल हर दिन की तरह सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकला. लेकिन

वापस घर नहीं आया. परिजनों, दोस्तों और पुलिसकर्मियों ने उनको काफी फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया. इसके बाद तिसरी पुलिस ने उनके नंबर को ट्रैस कर फोन का लोकेशन पता किया. लोकेशन के आधार पर पुलिस ने बघलोरवा में सड़क किनारे स्थित झाड़ियों से उसका मोबाइल बरामद किया है. पुलिस ने तिसरी चौक व चंदौरी के दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला है. एक दुकान के सीसीटीवी कैमरे में सुबह के वक्त राहुल ब्लू टी-शर्ट व ट्रॉउजर में चंदौरी की ओर जाते नजर आ रहे हैं.

कांग्रेस जिलाध्यक्ष के आवास पर अपराधियों ने किया हमला

संवाददाता । गिरिडीह

गिरिडीह जिले के कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने गिरिडीह के एसपी को एक आवेदन देकर उनके न्यू बरगंडा के आश्रम रोड स्थित आवास पर अज्ञात अपराधियों के द्वारा हमला किये जाने का आरोप लगाया है. सूचना मिलने के बाद नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. एसपी को दिये गये आवेदन में धनंजय सिंह ने कहा है कि शुक्रवार की शाम उनके न्यू बरगंडा, आश्रम रोड स्थित आवास पर अज्ञात अपराधियों के द्वारा हमला किया गया जिससे दूसरी मंजिल की खिड़की पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी. उन्होंने बताया कि

उनके पिता तिलकधारी प्रसाद सिंह कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से दो-दो बार सांसद रह चुके हैं. उन्होंने कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश के तहत उनके घर पर हमला किया गया है ताकि वे मानसिक रूप से प्रताड़ित रहे, साथ ही आने वाले दिनों में उनके उपर भी हमला हो सकता है. उन्होंने पुलिस प्रशासन से जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है.

गया था मवेशियों को चारा खिलाने, कुएं में गिरने से युवक की मौत

संवाददाता । गावां (गिरिडीह)

जिले के गावां विद्युत कार्यालय के आगे शनिवार को कुआं में गिरने से एक युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान सेरुआ निवासी कार्तिक यादव के 25 वर्षीय पुत्र शंकर यादव के रूप में हुई है. वह शनिवार को घर से अपने पिता के साथ जानवर चराने के लिए खेत की ओर गया था. इसी दौरान खेत के समीप स्थित कुएं में जा गिरा और डूबने से उसकी मौत हो गई. परिजनों ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था. ग्रामीणों के प्रयास से शव को कुआं से बाहर निकाल लिया गया है. मौके पर पहुंच कर गावां थाना की पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है.

अवैध संबंध के आरोप में युवक की हुई पिटाई

मैथन। कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी मुंडाधौड़ा में शनिवार की सुबह दो बच्चों की मां के साथ नाजायज़ संबंध रखने के आरोप में विवाहित युवक की लोगों ने जमकर पिटाई कर दी. सूचना पर युवक की पत्नी भी आ धमकी. उल्टा युवक की पत्नी ने लोगों को बुरे अंजाम की धमकी देनी शुरू कर दी. मौके पर मौजूद गुस्सायी महिलाओं ने युवक की पत्नी की भी पिटाई कर डाली. दोबारा ऐसी ग़लती न करने की बात पर युवक को पत्नी के साथ मोहल्ले से भगा दिया. दरअसल दो बच्चों की मां महुआ शराब बेचती है. जहां उक्त युवक का शराब पीने के बहाने आना जाना था. महिला की उस युवक से नजदीकी बढ़ गयी और दोनों में प्रेम हो गया. शनिवार की सुबह युवक को उक्त महिला के साथ अश्लील हरकत करते पति ने देख लिया. इसके बाद हो हंगामा शुरू हो गया. हंगामा सुन आसपास के लोग जुट गये. दोनों ने लोगों के पास एक-दूसरे के साथ रहने की बात कही. जिससे लोग गुस्से में आ गये और उक्त युवक की पिटाई कर दी. वहीं महिला को भी उसके पति ने पीटा.

गोड्डा में जवान की मां की हत्या

अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर राजभवन के समक्ष धरना

संवाददाता। रांची

सेना में तैनात जवान की मां की 14 अक्टूबर को अपराधियों ने हत्या कर दी थी. हत्या कर शव को बोरे में भरकर चेक डैम में फेंक दिया गया था. पुलिस की ओर से अबतक अपराधियों की धरपकड़ नहीं की गई है. इसके विरोध में शनिवार को पूर्व सैनिकों ने राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया. इस दौरान राज्यपाल और सीएम से अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर आदेश देने की मांग की गई. गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के खरखोदिया में घटना हुई थी. इस मौके पर पूर्व सैनिक बलवीर चौधरी ने कहा कि हत्या की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए. देश सेवा के लिए जवान हमेशा बॉर्डर पर तैनात होते हैं. वे अपने निष्पक्ष भाव से लोगों और देश की रक्षा करते हैं. पुलिस हत्यारे को गिरफ्तार करने की बजाय मामले की लीपापोती में लगी है. जबतक अपराधी की गिरफ्तारी नहीं होती आंदोलन करते रहेंगे. मौके पर पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार, राकेश कुमार, अनिल कुमार यादव, मिथिलेश प्रसाद सिन्हा, सूबेदार एसएन सिंह समेत सैकड़ों पूर्व सैनिक शामिल थे.

पूजा कर लौट रही महिला को बस ने रौंदा

चार घंटे तक जाम रहा एनएच, आवागमन बाधित

संवाददाता। पलामू

जिले में शनिवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई. महिला अपने सास के साथ मॉर्निंग वाक के बाद मंदिर से भगवान का दर्शन कर लौट रही थी. इसी दौरान एक यात्री बस ने महिला को रौंद दिया. इससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई. घटना मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ नेशनल हाइवे 98 पर छतरपुर थाना के समीप हुई. दुर्घटना में मौत की शिकार हुई महिला ज्ञांति देवी (34) खजुरी नौडीहा गांव निवासी चितरंजन कुमार सिंह की पत्नी थी. उनके दो छोटे बच्चे हैं. छतरपुर में मध्य विद्यालय के सामने पूरे परिवार के साथ रहती थी. सुबह पांच बजे अपनी सास के साथ मॉर्निंग वाक पर निकली थी. रोजाना के रूटीन के

मुताबिक मॉर्निंग वाक के बाद छतरपुर थाना के सामने ठाकुरबाड़ी मंदिर में गई थी. वापस घर लौटने के क्रम में करीब 5:30 बजे थाना गेट के सामने सिंह बस ने महिला को पीछे से रौंद दिया. बस के टक्कर से महिला गिर गई तो उसपर बस का आगे का टायर चढ़ गया. थाना के गेट पर ड्यूटी में तैनात संतरी ने बस को रोका. बस छत्तीसगढ़ के कोरबा से छतरपुर के रास्ते डेहरी ऑन सोन जा रही थी. घटना के बाद चालक और खलासी बस छोड़ कर फरार हो गए. घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मुआवजा और चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया. साढ़े चार घंटे तक सड़क जाम रहा. बीडीओ के समझाने के बाद लोगों ने जाम समाप्त किया. पुलिस ने बस को जब्त कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल भेज दिया है.

जवान आत्महत्या कांड

डीआईजी ने थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया

सिमडेगा। कोलेबिरा थाना में तैनात जवान सत्यजीत की आत्महत्या मामले में डीआईजी अनूप बिरथरे ने कोलेबिरा थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया है. दरअसल, डीआईजी अनूप बिरथरे शुक्रवार को कोलेबिरा पहुंचे और पूरे मामले की जांच की. जांच में थाना पुलिस की लापरवाही की बात सामने आयी. जिसके बाद डीआईजी ने थाना प्रभारी के निलंबन का आदेश दिया. इस आदेश पर कार्रवाई करते हुए एसपी सौरभ कुमार ने थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया. पुलिसकर्मियों ने जवान सत्यजीत को हिरासत में लेने बावजूद हथियार जब्त नहीं किया. सत्यजीत ने उसी हथियार से खुद को गोली मार ली. जांच में पाया गया कि अगर सत्यजीत को थाना लाये जाने के क्रम में उसके हथियार को जब्त कर लिया जाता तो इस घटना को रोका जा सकता था.

बस के धक्के से मालवाहक घायल टेंपो सवार हुआ रेफर

संवाददाता। चक्रधरपुर

सोनुवा मुख्य मार्ग के कॉन्सेप्ट पब्लिक स्कूल के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया.बताया जाता है कि कुरुलिया गांव निवासी कुलदीप प्रधान अपने मालवाहक टेम्पो में सीमेंट की बोरियां लादकर सिलफोड़ी गांव पहुंचाकर चक्रधरपुर की ओर लौट रहा था. इसी दौरान चक्रधरपुर से सोनुवा की ओर जा रही एक बस ने उसके टेम्पो को धक्का मार दिया. इससे टेम्पो में सवार कुलदीप प्रधान घायल हो गया. घटना के बाद मौके से बस चालक बस लेकर फरार हो गया. वहीं स्थानीय लोगों द्वारा घायल कुलदीप प्रधान को इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चाईबासा रेफर कर दिया गया.

बाइक को ट्रक ने मारी टक्कर, एक घायल

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एनएच 49 के सर्विस रोड में बाला एंड संस के समीप ट्रक ने बाइक चालक को टक्कर मार दी. इससे इरफान मल्लिक (51) जिला मेदिनीपुर, गांव चांदबाड़ निवासी बुरी तरह से घायल हो गये. स्थानीय लोगों की सहायता से एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया. यहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए उच्च चिकित्सा हेतु पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया. मौके पर पुलिस पहुंचकर वाहन को अपने कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल कर रही है. जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति ओडिशा के डेंकिकुट से फेरी कर लौट रहा था.

किशोरगंज चौक गोली कांड के 5 आरोपियों ने किया सरेंडर, जेल गए

रांची। हरमू रोड के किशोरगंज चौक के पास बीते 24 अक्टूबर को अपराधियों ने दिनेश सिंह नाम के युवक को गोली मार दी थी. घटना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी. पुलिस की दबिश से परेशान होकर इस घटना में शामिल राहुल जायसवाल, आयुष समेत पांच आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया. जिसके बाद सभी को जेल भेज दिया गया. कोतवाली थाना क्षेत्र के किशोरगंज चौक के पास बीते 24 अक्टूबर की सुबह करीब चार बजे यह घटना हुई थी. अपराधियों ने मेला घूम कर आ रहे दिनेश सिंह को गोली मार दी थी. दिनेश सिंह को पेट में गोली लगी थी. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गये थे.

लापरवाही आर्म्स की जांच नहीं होने के कारण अपराधियों को मिल जा रहा है फायदा

अपराधियों के लिए नहीं, हेलमेट जांच के लिए होती है बैरिकेडिंग

संवाददाता। जमशेदपुर

शहर भर के कई इलाकों में पुलिस जगह-जगह बैरिकेडिंग कर हेलमेट जांच करती हुई आपको आसानी से दिखाई दे देगी. व्यवस्था ऐसी की मानो किसी बड़े अपराधकर्मी को पकड़ने के लिए तैयारी की गई हो. परंतु अगर किसी इलाके में कोई अपराध हो जाए तो पुलिस समय पर पहुंचेगी या नहीं यह कहना मुश्किल है. इसका फायदा अपराधी उठा रहे है. इसका उदाहरण शुक्रवार देर रात परसुडीह क्षेत्र में दिखाई दिया, जहां बदमाशों को पकड़ने गई पुलिस पर ही पथराव कर दिया गया. इस घटना में पुलिस के दो पदाधिकारी घायल हो गए. हालांकि बाद में पुलिस ने दोनों बदमाशों को पकड़ लिया.

जुर्माना वसूलने में ही व्यस्त रहती है पुलिस

पुलिस विभाग से रिटायर्ड कुछ अधिकारियों की मानें तो शहर में हेलमेट चेकिंग के साथ अगर आर्म्स चेकिंग में भी तेजी लाया जाए तो अपराध पर लगाम लगाया जा सकता है. हालांकि इसके लिए पुलिस की तरफ कोई तैयारी नहीं दिखाई देती. बीच सड़क पर बैरिकेडिंग करने से कभी-कभी तो जाम की स्थिति बन जाती है, जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है. पुलिस ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों से जुर्माना वसूलने में व्यस्त रहती है और घटना को अंजाम देकर अपराधी आसानी से फरार हो जाते है. बता दें कि 90 के दशक में तत्कालीन एसपी डॉ अजय के निर्देश पर शहर के कई इलाकों में पुलिस शिविर बनाया गया था जिसे अब हटा दिया गया है.

दोपहिया वाहन सवार हो जाते हैं दुर्घटनाग्रस्त

शहर के कई इलाकों में बीच रोड पर बैरिकेडिंग कर ट्रैफिक पुलिस नियमों की अनदेखी करने वालों से जुर्माना वसूलती है. बगैर हेलमेट पहनकर वहां से गुजरने वालों पर तो मानो कहर ही टूट पड़ता है. ड्यूटी पर तैनात जवान उन्हें खदेड़ कर पकड़ने को आतुर रहते हैं. कभी-कभी इस चक्कर में दोपहिया वाहन सवार दुर्घटनाग्रस्त भी हो जाते हैं, तो कभी पुलिस से ही उलझ जाते हैं. ऐसे कई मामले समय-समय पर सामने भी आते रहते हैं. जिसमें पुलिस वालों पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगता है. जितनी तत्परता के साथ पुलिस हेलमेट चेकिंग में व्यस्त रहती है उतनी तत्परता से अगर अपराधियों की धड़ पकड़ में जुटे तो शहर में अपराध पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है.

शराब से लदी बोलेरो पुल के नीचे गिरी, पुलिस ने किया जब्त

संवाददाता। गोड्डा

अवैध शराब से लदे बोलेरो गाड़ी पुलिया पार करने के क्रम में पलट गई. घटना मुफ्फसिल थाना अंतर्गत ग्राम ढोंढरी के समीप कौवा नदी पर बने पुल की है. शनिवार की अहले सुबह बोलेरो गाड़ी नदी के पास गड्ढे में पलट गई. यह खबर फैलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई. मौके पर पहुंची मुफस्सिल थाने के पुलिस ने जब गाड़ी को सीधा करने का प्रयास किया तो अंदर रखी शराब की बोतलें बाहर गिरने लगी. यह देख ग्रामीणों के भीड़ ने उसे लूटने का प्रयास किया, मगर मौके पर पुलिस ने सभी ग्रामीणों को वहां से हटा दिया. बाद में जेसीबी मशीन की सहायता से बोलेरो गाड़ी को नदी से निकाल कर थाना लाया गया. घटना

के बाद गाड़ी का ड्राइवर व अन्य सहयोगी मौके से फरार हो गया. घटना को लेकर उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. बताया जाता है कि झारखंड से होकर बिहार को जाने वाली इस ग्रामीण सड़क का शराब तस्कर धड़ल्ले से उपयोग करते है. इस रास्ते पुलिस की कोई गश्त नहीं होने की वजह से यह ग्रामीण सड़क रात में शराब माफियाओं के लिए सबसे महफूज रास्ता माना जाता है.

राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष चतुर्थ चन्द्र है. विवाद से बचें. सही जगह खर्च होगा. मंद व्यापार-व्यवसाय में अब लाभ होगा. आशंका-कुशंका रहेगी. घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी. थकान व कमजोरी रह सकती है. शाम को जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें.

वृषभ भाई बहन से कार्य बनेगा. शाम को भाग्य साथ में है और आय का नया मार्ग मिलेगा. मित्रों व संबंधियों की सहायता कर पाएंगे. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. ईर्ष्यालु व्यक्तियों से बचें. अन्न और मिठाई का दान करें.

मिथुन कल सुबह थकान होगी, पर यदि कोई प्लान हो तो किसी तीर्थस्थान के दर्शन हो सकते हैं. अध्यात्म में रुचि रहेगी. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी. कारोबारियों को लाभ के अवसर बढ़ेंगे.

कर्क समय उत्तम फल प्रदान करेगा. भाग्य का साथ मिलेगा. आय में अचानक वृद्धि होगा. किसी छोटी सी बात पर विवाद हो सकता है. व्यापार, नौकरी व निवेश आदि मनोनुकूल रहेंगे. कार्य होगा और जिससे लाभ भी होगा.

सिंह कल दिमाग का सुने. किसी से भी शत्रुता से बचें. राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. रुके कार्यों में गति आएगी. छोटे भाइयों व मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. किसी के झगड़े में न पड़ें.

कन्या नये मित्र मिलेंगे. भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल होगी. स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं. प्रसन्नता व संतुष्टि रहेगी. परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी. चोट भी लग सकती है.

तुला कल कोई वैसा कार्य नही करें, जिससे भविष्य में ऋण या शत्रुता हो. किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा. जल्दबाजी में कोई कार्य न करें. थकान रह सकती है. व्यापार लाभदायक रहेगा. गरीब को भोजन दें.

वृश्चिक प्रेम में अनुकूलता मिलेगी. कार्यभार रहेगा. वाणी पर नियंत्रण रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. लेन-देन में सावधानी आवश्यक है. कारोबार में लाभ होगा. हनुमानजी का पूजन-ध्यान करें.

धनु माता के लिए शुभ है, पर विवाद से बचें. सुख का सामान मिलेगा. मित्रों व संबंधियों की सहायता कर पाएंगे. मान-सम्मान मिलेगा. कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी. नौकरी में अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा.

मकर छोटे भाई से लाभ होगा. भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी. आत्मसम्मान बना रहेगा. कोई बड़ा कार्य व लंबे प्रवास का मन बनेगा. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. विवेक का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा.

कुंभ कुटुम्ब का सुख और धन का सुख मिलेगा. भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी. व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा. निवेश शुभ रहेगा. पार्टनरों से सहयोग प्राप्त होगा. घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा.

मीन समय बहुत ही अनुकुल है. गुरु से आशीर्वाद लें. विचारों में स्पष्टता नहीं होने से समस्या बढ़ सकती है. जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें. व्यवसाय लाभदायक रहेगा. आय में निश्चितता रहेगी. चीनी का दान करें.

काली पूजा में होगा मेले का आयोजन

तांतनगर। काली पूजा के अवसर पर तांतनगर प्रखंड के पाड़सी में विशाल मेले का आयोजन किया जायेगा. ग्रामीणों ने मेला को सफल बनाने के लिए श्री श्री काली पूजा मेला समिति पाड़सी का गठन किया है, जिसमें बीरसिंह सिरका को अध्यक्ष, रघुनाथ सिरका को उपाध्यक्ष, संग्राम बिरुवा को सचिव, गुलशन सोय को उपसचिव, राजाराम सोय को कोषाध्यक्ष, रामनाथ बिरूवा को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है. इसी प्रकार जयसिंह सिरका, भोंज बिरूवा, चितरंजन बिरूवा, सुरज सोय, डुबलिया बिरूवा, रमेश्वर सोय, हेमंत बिरूवा, मरशल बिरूवा, गार्दी बिरूवा, चंद्रशेखर बिरूवा, दूशी गोप, लक्ष्मण गोप, माधो बिरूवा, सोनिया गोप, गुलिया सिरका, रघुनाथ सिरका, अरविंद सिरका, देवेंद्र सिरका, लक्ष्मण सिरका, चंद्रमोहन सिरका, दुबी बिरूवा, जुबंल बिरूवा, सुनील बिरूवा, नारा बिरूवा, प्रकाश चंद्र बिरूवा, देवेंद्र नाथ सिरका, दिलीप सिरका, जुंडिया सिरका को समिति के सदस्य बनाया गया है.

बहरागोड़ा में 1918 से हो रही काली पूजा

बहरागोड़ा। बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के राजलाबांध पंचायत अंतर्गत अवस्थित कालीबाड़ी में वर्ष 1918 से होती आ रही मां काली की पूजा. कालीबाड़ी में पूजा को बेहतर मनाने के लिए नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें मुख्य पूजा संरक्षक अर्धेन्दु शेखर पटनायक, पूजा संरक्षक भोलानाथ सिंह, प्रधान पूजा उपदेष्टा देव प्रसाद दे, सभापति तरुण कुमार मिश्र, सहसभापति मानिक कुमार मोहंती, सचिव रूपक कुमार दे, सहसचिव हेमंत कुमार राय, कोषाध्यक्ष जयंत कुमार ओझा, कार्यकारी सदस्य रवि बागुली, विनायक पटनायक, अंशु कुमार ओझा, सलिल कुमार पात्र, जगन्नाथ साउ, फटिक पटनायक, हरे कृष्ण साउ, मनोज कुमार दे, शंकर दास आदि पूजा को सफल बनाने के लिए लगे हुए हैं.

प्रदर्शनी : आर्ट इन इंडस्ट्री के समापन समारोह में बोले टीवी नरेंद्रन

कला है अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम

टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन, डेजी ईरानी, चाणक्या चौधरी ने जेजे ईरानी को समर्पित बुकलेट का लोकार्पण किया और कलाकारों संग फोटो सेशन कराया.

संवाददाता | जमशेदपुर

टाटा स्टील द्वारा सेंटर फॉर एक्सीलेंस में आयोजित पांच दिवसीय आर्ट इन इंडस्ट्री का शनिवार को समापन हो गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन उनकी पत्नी रुचि नरेंद्रन, सम्मानित अतिथि टाटा स्टील के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी उपस्थित थे. मौके पर समापन समारोह में टीवी नरेंद्रन ने कहा कि कला विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है. कला देश, प्रांत, भाषा से ऊपर है. टाटा स्टील कंपनी कला को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का लगातार आयोजन करती रहती है. आर्ट इन इंडस्ट्री की शुरुआत डॉ. जेजे ईरानी द्वारा वर्ष 1993 में किया गया था. तब से लगातार यब आयोजन किया जा रहा है. डॉ. ईरानी की संकल्पना को साकार करने को लेकर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं.

उन्होंने कहा कि 1993 में टाटा स्टील द्वारा शुरू की गई आर्ट इन इंडस्ट्री पहल, देश भर के उभरते कलाकारों को बढ़ावा देने और समर्थन करने में सबसे आगे रही है. इस आयोजन का उद्देश्य कलाकारों को अपना काम प्रदर्शित करने, कला प्रेमियों से जुड़ने और रचनात्मकता और नवीनता को प्रेरित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है. यह कला का समर्थन करने और सांस्कृतिक संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए टाटा स्टील की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है. इस वर्ष इस आयोजन का थीम बदलते पर्यावरण एवं प्रकृति और पृथ्वी का अस्तित्व है.

जेजे ईरानी को समर्पित बुकलेट का लोकार्पण

प्रदर्शनी में सभी कलाकारों द्वारा अपनी विभिन्न पेंटिंग्स के माध्यम से अपने विचारों को प्रदर्शित किया है. यह आयोजन जमशेदपुरवासियों के लिए एक अवसर है. इससे पूर्व टीवी नरेंद्रन, चाणक्य चौधरी एवं डेजी ईरानी द्वारा डॉ. जे जे ईरानी को समर्पित बुकलेट का लोकार्पण किया गया. वहीं टीवी नरेंद्रन एवं रुचि नरेंद्रन ने कलाकारों द्वारा बनाई पेंटिंग का अवलोकन किया.

कलाकारों से बातचीत.

इस दौरान रुचि नरेंद्रन द्वारा कलाकारों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम में कई प्रसिद्ध कलाकारों ने हिस्सा लिया. जिनमें मुख्य रुप से पदमश्री दुलारी देवी, चंद्रा भट्टाचार्जी, आर एम पलानीअप्पन, सबा हसन, माधुरी भादुड़ी, विवेक शर्मा, सोमनाथ मैती, फरहाद हुसैन, तृप्ति दवे, रथिन कांजी, सरोज वेंकट श्याम, सचिन सागरे, शांतामणि मुदैया, जॉर्ज मार्टिन पी जे, सोहन सिंह बिलौरिया शामिल हैं.

आओ जानें

नवरतनगढ़ (डोइसागढ़)

परिचय - झारखंड का ऐतिहासिक पर्यटन स्थल. नागवंशी राजाओं की तत्कालीन राजधानी. यह स्थल समीपवर्ती कुछ अन्य इमारतों व स्थलों के साथ नवरतनगढ़ के नाम से विख्यात है. इसे डोइसागढ़ भी कहा जाता है.

स्थान- गुमला जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर, राजधानी रांची से 75 किलोमीटर पश्चिम सिसई प्रखंड मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर अवस्थित है.

स्थापना- इस गढ़ की स्थापना 18वीं सदी में हुई थी.

संस्थापक- नागवंशी शासक महाराज रघुनाथ शाह ने इन भवनों एवं मंदिरों की स्थापना की थी. कुछ इतिहासकारों के अनुसार इस गढ़ का निर्माण नागवंशी शासकों में 45वें राजा दुर्जनशाल ने कराया था.

स्थिति- नवरतनगढ़ में कुल तीन अभिलेख पाये गये हैं .इनमें से दो भगवान जगन्नाथ के मंदिर में विद्यमान हैं. प्रथम अभिलेख से यह सूचना मिलती है कि राजकीय धर्मगुरु श्री हरिनाथ द्वारा संवत 1739 या 1683 ई. सन में निर्मित यह मंदिर भगवान जगन्नाथ को समर्पित था . दूसरा अभिलेख यह बताता है कि राजा रघुनाथ ने संवत 1739 अथवा 1683 ई. में शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान श्री कृष्ण के इस मंदिर का निर्माण कराया था

इतिहास- मुगलों ने दुर्जनशाल को हरा कर ग्वालियर किले में कैद कर लिया था . राजा दुर्जनशाल की हीरों की परख की प्रतिभा को देखते हुए बाद में उसे कैद से मुक्ति मिल गई थी. वहां से लौटने के पश्चात राजा दुर्जनशाल ने 17 वीं शताब्दी के मध्य में इन भवनों एवं मंदिरों का निर्माण करवाया. उपरोक्त दोनों ही परंपराओं के अनुसार राज परिवार इस स्थान पर बहुत ही कम समय तक रुके, क्योंकि एक ब्राह्मण ने इस स्थल को अशुभ कहा था और उन्होंने अपनी राजधानी पालकोट स्थानांतरित कर दी.

झुग्गी बस्तियों के बच्चों के बीच रोटरी क्लब ने बांटे कई उपहार

झुग्गी-बस्तियों स्कूली बच्चों के बीच रोटरी क्लब ने बांटे उपहार.

संवाददाता। बोकारो

रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने सेक्टर 12 स्थित आसस विद्यालय के बच्चों को दीपावली पूर्व उपहार देकर उनके साथ दीपावली मनाई. रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि दीपावली में सिर्फ अपने घरों में ही खुशियां न मनायें, बल्कि कमजोर वर्ग के बच्चों के जीवन में भी खुशियां लाएं. स्कूल के प्रांगण में श्रीमद राजचंद्र मिशन ई क्यूब द्वारा उपलब्ध करायी गयी मोमबत्ती, नए वस्त्र, टॉफी, तकिया, कृत्रिम आभूषण, कॉपी का वितरण बच्चों के बीच किया गया. विद्यालय के 10 सबसे होनहार बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स उपलब्ध करा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के संयोजक कुमार अमरदीप ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य है कि हर चेहरे पर मुस्कान बरकरार रहे. श्रीमद राजचंद्र मिशन बोकारो चैप्टर की अध्यक्ष श्रुति सेठ ने कहा कि दीपावली खुशियों का पर्व है. श्रुति सेठ ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य संभव है. रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि जो बच्चे पैसे के अभाव में अच्छे से त्योहार नहीं मना सकते, उनके साथ इस तरह के आयोजनों से मन को खुशी मिलती हैं. रोटरी चास की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि यह कार्यक्रम रोटरी चास द्वारा एक छोटा सा प्रयास है. बच्चों संग खुशियां बांटने का अलग ही मजा है. डिंपल ने कहा कि ये छोटी खुशियां ही बड़ी खुशियों का आधार बनती है. कार्यक्रम में मंजीत सिंह, विनोद चोपड़ा, बिनय सिंह, भवनीत सिंह, जसप्रीत कौर, समाजसेवी योगों पूर्ति, श्रीमद राजचंद्र मिशन ई-क्यूब के सदस्य और बच्चे उपस्थित थे.

सिख संगत का कीर्तन समागम आज

जमशेदपुर। श्री गुरु रामदास जी का 498वां प्रकाश पर्व इस वर्ष भी श्रद्धाभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा. सोनारी की सिख संगत के सहयोग से धार्मिक व सामाजिक संस्था गुरु राम दास सेवा दल इसकी तैयारियों में जुटा हुआ है.दल के प्रधान बलबीर सिंह की अगुवाई में रविवार 5 नवंबर को सोनारी के कागलनगर स्थित क्लब हाउस में विशेष कीर्तन दरबार सजाया जायेगा. संगत के बीच गुरु का अटूट लंगर वितरित किया जायेगा. समागम में कीर्तनी जसपाल सिंह छाबड़ा, बीबी सरबजीत कौर, बीबी नीलम सदाना एवं अन्य संगत को गुरबाणी कीर्तन से निहाल करेंगे. समागम की सफलता को लेकर गुरदयाल सिंह, मंजीत सिंह, अमरजीत सिंह आदि लगे हुए हैं.

छठ महापर्व को लेकर तालाबों की सफाई शुरू

रांची। छठ महापर्व को लेकर रांची नगर निगम द्वारा नगर के विभिन्न तालाबों की सफाई का काम शुरू कर दिया गया है. हर दिन नगर निगम की टीम शहर के विभिन्न तालाबों का मुआयना कर विशेष सफाई कर रही है. इसी कड़ी में शनिवार को बटन तालाब, जगन्नाथपुर तालाब, कांके डैम, हेहल छठ तालाब एवं विभिन्न घाटों में साफ-सफाई की गई. उल्लेखनीय है कि इन तालाबों के घाटों पर छठ पर्व के व्रतियों भीड़ उमड़ती है और लोग यहां भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं.

फादर कोन्सटंट लीवन्स की जयंती आज

संवाददाता। रांची

फादर कोन्सटंट लीवन्स की 130 वीं जयंती 5 नवंबर को रांची के जेवियर कॉलेज में मनाई जाएगी. जयंती के मौके पर छोटानागपुर के कई लोग शामिल होंगे. फादर लीवंस की जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाई जाती है. इस दिन फादर कोन्सटंट लीवन्स के अच्छे कामों को याद कर, झारखंड के आदिवासियों के प्रति योगदान को याद कर नमन करते हैं. फादर कोन्सटंट लीवन्स की 130 वीं जयंती की तैयारी में जेवियर कॉलेज, संत अन्ना स्कूल, उर्सलाइन कॉन्वेंट, जेवियर स्कूल तथा डोरंडा कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा अभ्यास किया गया. स्वागत गीत, रीचुअल गीत के साथ ही फादर लीवन्स की जीवनी पर जेवियर स्कूल की छात्राओं द्वारा एक नाटक की प्रस्तुति की जाएगी. कार्यक्रम में छोटानागपुर के लगभग सभी स्कूल व कॉलेज के सिस्टर, फादर शामिल होंगे. यह जानकारी अशोक शांडिल्य, प्रवक्ता प्रवीन सलके एवं फादर इगनीयुस लकड़ा ने दी. फादर कोन्सटंट लीवन्स 18 मार्च 1885 में रांची के जमगाई हुलहुंडू आए एवं आदिवासियों के बीच रहकर उनकी रीति-रिवाज, परिस्थिति से अवगत होकर उन्हें क्राइस्ट की ज्योति के बारे में जानकारी दी. साथ ही जमीनदारों तथा सूदखोरों द्वारा हो रही प्रताड़ना और अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई. उन्होंने आदिवासियों के बीच भूत-प्रेत के डर को जड़ से खत्म करने के लिए शिक्षा पर जोर दिया.

मंजर कलीम की याद में आज गोष्ठी व मुशायरा

जमशेदपुर। शहर की साहित्यिक संस्था साझी संस्कृति साझा साहित्य के तत्वावधान में 5 नवंबर को एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम के कन्वेनर डॉ. हसन इमाम मलिक (स्पोर्ट्स मैनेजर, टाटा स्टील) ने बताया कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर उर्दू साहित्यकार स्व. मंजर कलीम को याद किया जाएगा. यह कार्यक्रम शालीमार बैंक्विट चेपा पुल, पारडीह में आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज और संचालन डॉ यहिया इब्राहिम करेंगे. मुख्य अतिथि कथाकार जयनंदन तथा सम्मानित अतिथि जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की डीएसडब्ल्यू डॉ. किशवर आरा होंगी.

महंगाई से महिलाएं, युवक-युवतियां, छात्र-छात्राएं प्रभावित

खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने से आम आदमी का जीना मुहाल

पचास, सौ रुपए तो पांच, दस पैसे के जैसे हो गए हैं

पहले कुछ बचत होती थी, अब तो...

एक ही झटके में खत्म हो जाता है सारा वेतन

इस समय लोग महंगाई की मार झेल रहे हैं. चाहे कोई भी वर्ग हो महंगाई से सभी प्रभावित हैं. खाने के सामान और सब्जियों की बढ़ी कीमतों ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है. वे कहते हैं कि पहले कुछ बचत होती थी, पर अब तो एक ही झटके में सारा वेतन खत्म हो जाता है. महीने के आखिरी सप्ताह में तो खाने-पीने की काफी दिक्कत हो जाती है. लोग किसी तरह अपना घर चला रहे हैं. महंगाई की मार से ज्यादातर लोगों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है. उन्हें फीस भरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. महंगाई इस कदर हावी है कि पचास-सौ रुपए तो पांच-दस पैसे जैसे हो गए हैं. घर का बजट नियंत्रित करने में आफत है. एक वक्त था, जब सौ रुपए में दो थैली सब्जी आ जाती थी. अब एक-दो सब्जियों की खरीदारी करने में परेशानी हो रही है. शुभम संदेश की टीम ने राज्य की महिलाओं, युवक-युवतियों, छात्र-छात्राओं से इस संबंध में बात की है. पेश है रिपोर्ट...

जमशेदपुर

महंगाई पर नियंत्रण करे सरकार : नंदिनी कुमारी

डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजूकेशन की बीएड की छात्रा नंदिनी कुमारी का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई का असर गरीब एवं मध्यम वर्ग पर ज्यादा पड़ा है. खाद्य सामग्री के साथ सब्जी,दूध एवं फलों की कीमतों में वृद्धि से आम लोग परेशान है. वहीं गरीब तबके के लोगों के सामने महंगाई ने विकट समस्या उत्पन्न कर दी है. सरकार को बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाना चाहिए. महंगाई के कारण गरीब एवं मध्यम वर्ग के बच्चों को दूध एवं फल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. ऐसा लग रहा है कि सरकार को आम जनता की फिक्र ही नहीं है.

बढ़ती महंगाई से परेशान है मध्यम वर्ग : सृष्टि कुमारी

डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजूकेशन की बीएड की छात्रा सृष्टि कुमारी का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई से मध्य वर्ग काफी परेशान है. एक तरफ उनकी आमदनी में बढ़ोतरी नहीं है, जबकि दूसरी ओर महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है. सबसे ज्यादा असर खाद्य सामग्री की कीमतों में बढ़ोतरी का असर मध्यम वर्ग पर पड़ा है. सरकार को खाद्य सामग्री की कीमतों को नियंत्रित करना चाहिए ताकि लोगों को पर्व-त्योहार के इस मौसम में राहत मिल सके.

बहुत हुई महंगाई की मार अब तो कुछ करो सरकार : शहनवाज

डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजूकेशन की बीएड की छात्र शहनवाज का कहना है कि सरकार ने आम लोगों से चुनाव के दौरान वादा किया था कि वह महंगाई कम करेगी, युवाओं को रोजगार देगी. लेकिन इतने वर्षों में न तो महंगाई कम हुई और न ही युवाओं को रोजगार ही मिला. बल्कि महंगाई आज आसमान छू रही है और बेरोजगारी पिछले तीन वर्षों को रिकार्ड तोड़ चुकी है. अब तो आम जनता भी कहने लगी है कि बहुत हुई महंगाई की मार कुछ तो करो सरकार. लेकिन लगता है कि सरकार को केवल अपनी सत्ता की चिंता है. आम जनता महंगाई से किस कदर परेशान है सरकार को उसकी कोई फिक्र ही नहीं.

चंदवा

महंगाई के दौर में हो गई सबकी हालत खस्ता : बीरेन्द्र बड़ाईक

बोदा चंदवा निवासी बीरेन्द्र बड़ाईक का कहना है कि महंगाई की बाबत बात करने पर कहते हैं कि सरकारी नौकरी करने वाले हों या किसान सभी का इस महंगाई के दौर में हालत खस्ता है, तो हमारे जैसे प्रतिदिन कमाने खाने वाले की क्या बिसात है.खाने पीने की चीज के साथ-साथ सब्जी लहसुन प्याज की कीमत इस कदर बढ़ गई है कि परिवार चलाने में सोचना पड़ रहा है. लहसुन प्याज के साथ दाल तो खाने की थाली से लगभग उठ चुकी है. सरकार महंगाई कम करने की ओर जल्दी कोई कदम नहीं उठाई तो परिवार की स्थिति और खराब हो जाएगी.

परिवार के भरण पोषण पर आफत आ गई : पुरूषोतम मुण्डा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में कार्यरत हुटाप चंदवा निवासी पुरूषोत्तम मुण्डा बढ़ती महंगाई से त्रस्त हैं. वे कहते हैं कि महंगाई की मार से हम लोग की कमर टूट गई है. ऐसे में हम लोगों को परिवार के भरण पोषण पर आफत आ गई है. हमारी सीमित आए है. ऐसी स्थिति में महंगाई बढ़ने पर सारा बजट गड़बड़ा गया है. खान पान के साथ साथ बच्चों की पढ़ाई पर भी इसका खासा असर हुआ है. सरकार को इस महंगाई पर अंकुश लगाने की ओर काम करना चाहिए.

किरीबुरू

खाद्य पदार्थों की कीमत पर सरकार शीघ्र नियंत्रण लगाये : सीता सोय

सारंडा के हतनाबुरु निवासी सह ठेका मजदूर सीता सोय ने कहा कि खाद्य पदार्थों व सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने वास्तव में हम गरीबों को काफी परेशान कर दिया है. हमारी सीमित आय है, जिससे पूरे महीने का खर्च चलाना पड़ता है. आज सप्ताहिक बाजार में सब्जियां खरीदने आये हैं. पसंद की सब्जियां काफी महंगी होने की वजह से जो सब्जी थोड़ी सस्ती है उसे ही कम कम मात्रा में खरीद कर जा रहे हैं. सब्जियों व खाद्य पदार्थों की कीमत पर सरकार नियंत्रण लगाये. ताकि आम आदमी को महंगाई से राहत मिल सके.

अब तो बाजार में भी कम खरीददार आते हैं : बुद्धू ओड़ेया

भनगांव निवासी बुद्धू ओड़ेया ने बताया कि धान, केला आदि की फसल व सब्जियों को हाथी नुकसान पहुंचा रहे हैं. चावल भी 50 रूपये हो गया है. समझ में नहीं आ रहा है कि क्या खाये. कुछ सब्जियां हाथी से बच जाती हैं तो उसे खाने के बजाय बाजार में बेचने आते हैं. ताकि उससे प्राप्त पैसे से जरूरी खर्च कर सके. बाजार में भी महंगाई की वजह से खरीददार कम आते हैं . जिससे पूरा समान नहीं बिक पाता है.

हम तो सभी जरुरी सामान खरीद नहीं पाते : नागु नाग

सारंडा के सुदूरवर्ती गांव होंजोरदिरी निवासी 98 वर्षीय नागु नाग ने बताया कि हम गरीब जंगल-पहाड़ों, पर बहुत मुश्किल से वर्षा आधारित थोडी. खेती कर पाते हैं. हर वर्ष हमारी खेती नुकसान भरा होता है. कुछ सब्जियां उगाते भी हैं तो उसे हम महंगाई की वजह से नहीं खाकर हाट-बाजार में भागा लगाकर बेच देते हैं. उससे प्राप्त पैसा से अन्य खाद्य पदार्थ खरीदते हैं. लेकिन खाद्यान्न की बढी.कीमत की वजह से जरूरी समानों को पूरा खरीद नहीं पाते. अब मेहनत-मजदूरी करने की ताकत नहीं रहा. सरकार की कोई योजना हमारे गांवों तक नहीं पहुंच रही है.

जितने का सामान नहीं उतने का भाड़ा देना पड़ता है : राम सोय

सारंडा के सुदूरवर्ती गांव बोड़दाभट्ठी निवासी राम सोय ने बताया कि हमारे गांव में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दो बार पूरा प्रशासनिक अमला आया था. लेकिन एक भी कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ. गांव में थोड़ी खेती कर सब्जियों को बाजार में बेचने आते हैं. बाजार में जितने का समान नहीं बिकता है, उतना वाहन भाडा.देना पड़ जाता है. महंगाई की वजह से खरीददार भी बाजार में कम आ रहे हैं. जो आ रहे हैं उसमें अधिकतर सब्जियों की कीमत पूछ कर चले जाते हैं. कुछ समान खरीदते हैं. बाकी बचे समानों को देर शाम औने-पौने दाम में बेचकर चले जाते हैं. बेरोजगारी, महंगाई व सुविधाओं के अभाव के बीच घर-परिवार पालना मुश्किल हो रहा है.

अब तो मेहनत और पूंजी का नुकसान हो रहा है : हेरमन लुगुन

बोड़दाभट्ठी निवासी हेरमन लुगुन ने बताया कि पास के सेल की खदानों उन्हें रोजगार आदि नहीं मिल रहा है. बेरोजगारी के बीच महंगाई काफी परेशान कर दी है. चावल 50 रूपये बिक रहा है. खेत में लगी फसल भगवान भरोसे होती है. खेती में मेहनत व पूंजी का नुकसान हो रहा है. दूसरी तरफ हाथी फसलों को बर्बाद कर देती है. आय का कोई श्रोत नहीं है. महंगाई के बीच घर-परिवार पालना काफी मुश्किल हो रहा है. सरकार सारंडा में वन आधारित रोजगार का सृजन करती तो शायद कुछ राहत मिलती. लेकिन हमारे विकास व रोजगार के लिए कुछ नहीं हो रहा है.

साहिबगंज

खाद्य सामग्री की कीमतें आसमान छू रही : ललिता देवी

मंठिया गांव निवासी ललिता देवी का कहना है कि इस महंगाई में खाद्य सामग्री की कीमतें आसमान छू रही है . वहीं सब्जियों के दाम में हुई वृद्धि ने मुश्किलें और बढ़ा दी है . अभी बाजार में टमाटर 60 रु, प्याजल 70रु, खीरा 40रु, पटल 50रु, बैंगन 60रु, फुल गोभी 60रु, अदरख 150 रु, हरी मिर्च 100 रु,धनिया पती की कीमते आसमान छू रही है . वहीं खाद्य सामग्री और सब्जियों की कीमत बढ़ने से मिडिल क्लास लोगों को घर चलाने मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है . खाद्य सामग्री और सब्जियों की बढ़ती कीमतो के मामले मे केन्द्र और राज्य सरकार को संज्ञान लेना चाहिए .उन्होने कहा कि महंगाई बढ़ने से हम सभी मीडियम क्लास के लोगों की थाली मे हरी साग सब्जी देखने को नहीं मिल पा रही है .

महंगाई से मिडिल क्लास ज्यादा परेशान : शशि शेखर

सकरूगड़ निवासी शशि शेखर सिन्हा व्यापारी हैं . उनका कहना है कि हरी सब्जी और खाद्य सामग्री की कीमतें काफी पढ़ जाने से हम सभी मीडियम क्लास के को लोगों को खाने पीने के साथ साथ खाद सामग्री खरीदने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. दूसरी ओर भोजन की थाली से हरी सब्जी गायब हो रही है . किसी को अनुमान भी नहीं था कि हरी सब्जी और खाद्य सामग्री की कीमतें इतनी तेजी से आसमान छूने लगेगी . वहीं चावल दाल के साथ साथ अगर सब्जियों के भाव तेजी से बढ़ जाने से थाली मे सब्जी देखने को नहीं मिल रही है . उन्होने बताया कि केन्द्र या राज्य सरकार को बढ़ती महंगाई को कम करने की दिशा में शीघ्र सोचने की जरुरत है.

हजारीबाग

सरकार को महंगाई पर लगाम कसना चाहिए : गुलशन कुमार

दीपूगढ़ा के युवक गुलशन कुमार ने कहा कि सरकार को महंगाई पर लगाम कसना चाहिए. दूध, सब्जी से लेकर हर खाद्य सामग्रियों के मूल्य आसमान छू रहे हैं. ऐसे में हर घर का बजट अनियंत्रित हो रहा है. वह खुद बेरोजगार हैं और शिक्षित होने के बाद भी नौकरी नहीं मिली है. ऐसे में महंगाई की मार से वह परेशान हैं. सरकार को चाहिए कि बढ़ती महंगाई पर रोक लगाए. ताकि आम आदमी को राहत मिल सके.इस दिशा में सरकारी स्तर पर शीघ्र कदम उठाया जाना चाहिए.

महंगाई के कारण हो रही है पढ़ाई प्रभावित : मीतू मिश्रा

नूतननगर की मीतू मिश्रा कहती हैं कि महंगाई के कारण पढ़ना-लिखना भी मुश्किल हो गया है. एक तो घर का खर्च सही ढंग से नहीं चल रहा है. ऊपर से बच्चों का फीस और अन्य सामान का खर्च कहां से आएगा. घर में बचत नाम की कोई चीज नहीं रह गई है. महंगाई से मध्यमवर्गीय और निम्नवर्गीय परिवार बुरी तरह प्रभावित हो गया है. सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए. ताकि महंगाई जैसी समस्या से शीघ्र राहत मिल सके.

एक वक्त का खर्च भी निकालना मुश्किल हो गया है : राहुल कुमार

शिवदयालनगर के युवा राहुल कुमार ने कहा कि अब तो एक वक्त का खर्च निकालना भी मुश्किल हो गया है. महंगाई इस कदर हावी है कि पचास-सौ रुपए तो पांच-दस पैसे जैसे हो गए हैं. घर का बजट नियंत्रित करने में आफत है. एक वक्त था, जब सौ रुपए में दो थैली सब्जियां हो जाती थीं. अब एक-दो सब्जियों की खरीदारी करने में परेशानी हो गई है. उससे तो अच्छा है कि लोग चोखा खाकर सब्जियों की कमी मिटा रहे हैं. दूसरी ओर सरकार को चाहिए कि इसका स्थाई समाधान निकाले.

पता ही नहीं चलता और वेतन खत्म हो जाता है : मिथिलेश

हाउसिंग कॉलोनी निवासी मिथिलेश कुमार कहते हैं कि माह में जो वेतन मिलता है, वह एक झटके में कैसे खत्म हो जाता है, वह पता ही नहीं चलता है. ऐसा लगता है कि इधर एकाउंट में पैसे आए और उधर चुकता कर दिया. इस महंगाई में बचत तो हो ही नहीं रही है. उल्टा उधार लेकर काम चलाना पड़ रहा है. महंगाई की यही स्थिति रही, तो आगे लोगों को मुश्किल हालात से गुजरने पड़ेंगे. सरकार को महंगाई पर नियंत्रण करना चाहिए. बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, मकान का किराया, बीमारी की दवा जैसी जरुरी चीजों को टाला या इसमें कटौती नहीं की जा सकती है. इसलिए परेशानी ज्यादा है.

अब उधार लेने में भी हो रही परेशानी : संदीप सिन्हा

नुरा निवासी युवा संदीप सिन्हा का कहना है कि महंगाई बढ़ जाने के कारण बहुत परेशानी होती है. मासिक कमाई से अधिक घर का बजट है. ऐसे में दुकान से राशन उधार भी लेकर काम चलाते रहे. अब तो सामान उधार लेने में भी परेशानी हो रही है. दुकानदार भी उधार का सामान देने में आनाकानी करने लगे हैं. आनेवाले समय में अगर महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो मध्यमवर्गीय और निम्नवर्गीय परिवार का जीना दूभर हो जाएगा. ऐसी स्थिति में सरकार को चाहिए कि इस दिशा में शीघ्र कारगर कदम उठाए, ताकि महंगाई पर नियंत्रण किया जा सके.

गिरिडीह

परिवार के मुखिया की चिंता बढ़ी घर चलाना मुश्किल : राजू मंडल

गांडेय प्रखंड के युवा राजू मंडल ने कहा कि खाद्य सामग्रियों की बढ़ती कीमतों के कारण माध्यम वर्गीय परिवार के मुखिया को घर चलना मुश्किल हो गया है . चाहकर भी पौष्टिक आहार नहीं ले पा रहे हैं . खाद्य सामग्रियों की बढ़ती कीमतों ने मध्यम वर्गीय परिवार के मुखिया की कमर तोड़कर रखदी है . महंगाई बढ़ने के कारण इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है.महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो जाएगी. लोगों को दो वक्त का खाना खाना मुश्किल हो जाएगा.

जरुरी चीजें भी पूरी नहीं हो पा रही है : संगम चंद्रवंशी

गावां प्रखंड के छात्र संगम चंद्रवंशी ने बताया कि आसमान छू रही महंगाई ने सबों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी है . हमारे घर के मुखिया परिवार के लिए जरूरी चीजों को भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं . हरी सब्जियों और दाल तेल की कीमत बढ़ने से खाने का स्वाद भी फीका हो गया है . केंद्र और राज्य सरकार को महंगाई पर नियंत्रण करने की दिशा में आवश्यक पहल करनी चाहिए .

इस समय महंगाई से सभी वर्ग के लोग परेशान हैं : टुकनी देवी

जमुआ प्रखंड की टुकनी देवी ने कहा कि महंगाई की मार से सभी तबके के लोग परेशान हैं . खाद्य सामग्री और हरी सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने मध्यमवर्गीय परिवार के साथ-साथ अन्य लोगों को भी परेशान किया है . लोगों को दो वक्त की रोटी की चिंता सताने लगी है . विकास के कार्यों को लोग भूल बैठे हैं . उन्होने कहा कि वर्तमान में सभी जगह भ्रष्टाचार हावी है . इससे भी महंगाई बढ़ रही है. केन्द्र और राज्य सरकार को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए कि किस तरह इस पर नियंत्रण किया जाए ताकि आम आदमी को राहत मिल सके.

पौष्टिक आहार आम लोगों की पहुंच से बाहर : अनिल विश्वकर्मा

धनवार प्रखंड के छात्र अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि महंगाई इतनी बढ़ गई है कि पौष्टिक आहार आम लोगों के पहुंच से बाहर हो गया है . आय से अधिक खर्च हो जाने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है . बढ़ती मंहगाई का सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है. अभिभावक बच्चों की सभी आवश्यकताएं पूरी नहीं कर पा रहे हैं . केंद्र और राज्य सरकार को महंगाई पर नियंत्रण करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाना चाहिए. कारण इस समय देश में महंगाई से सभी लोगों की परेशानी बढ़ गई है. बचत के पैसे भी खत्म हो जा रहे हैं. उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि जरुरतों को किस तरह से पूरा किया जाए.

इन दिनों मंहगाई चरम पर है लोग परेशान : अरुण कुमार

गिरिडीह के सिरसिया निवासी युवा अरुण कुमार राय ने कहा कि इन दिनों महंगाई चरम पर है .खाद्य सामग्री और हरी सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही है . बढ़ती महंगाई ने रसोई का जायका बिगाड़ कर रख दिया है . खाने की सभी चीजों का दाम बढ़ गया है . आमदनी से ज्यादा खर्च हो गया है . मध्यम वर्गीय परिवार के मुखिया प्रत्येक महीने कुछ न कुछ कर्ज लेकर घर के खर्च को चला रहे हैं . घर के खर्च को चलाने में लोग इतने परेशान हैं कि बच्चों की पढ़ाई की ओर ध्यान ही नहीं दे पा रहे हैं. केंद्र और राज्य सरकार को महंगाई पर नियंत्रण करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाना चाहिए .

देवघर

कोरोना के बाद से महंगाई एक वैश्विक समस्या : खुशबु मंडल

युवती खुशबू मंडल का मानना है कि कोरोना के बाद से महंगाई एक वैश्विक समस्या के रुप मे उभर कर सामने आयी है. ऐसा नहीं कि केवल हमारा देश या राज्य बल्कि दूसरे देशों में भी महंगाई बढी है. हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान की हालत किसी से नहीं छिपी है. खुशबू मानती है कि खाद्य पदार्थ के बढे दामों के कारण परिवार का घरेलू बजट लड़खड़ा रहा है. जिसे खर्च कम कर संभालने की कोशिश हो रही है, जहां दो प्याज का इस्तेमाल होता था वहां एक से काम चलाना पड़ रहा है. मूल्य वृद्धि के कारण परेशानी बढ़ गई है.

वस्तुओं का इस्तेमाल व्यक्तिगत चुनाव पर निर्भर करता है : स्नेहा

छात्रा स्नेहा का मानना है कि विलासिता की वस्तओं का इस्तेमाल व्यक्तिगत चुनाव पर निर्भर करता है. लेकिन जीवन रक्षक वस्तुओं एवं सेवाओं को दरकिनार नहीं किया जा सकता है.अगर शिक्षा जरुरी है तो पौष्टिक खाद्य पदार्थ का सेवन भी जरुरी है. क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है.स्कूल और किसी शिक्षण संस्थान पैदल जाया जा सकता है, लेकिन केवल पानी पी कर कितने दिन जिंदा रहा जा सकता है. ऐसे में साग सब्जी और खाद्दय पदार्थों के दाम बढने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

मूल्य वृद्धि पर सरकार का अंकुश नहीं : अमित कुमार

युवा अमित कुमार पांडेय की माने तो एक तरफ जहां खाद्य पदार्थ और साग सब्जी के दाम लगातार बढ रहे हैं, वहीं ऐसा लग रहा है कि मूल्य वृद्धि पर कोई तंत्र नहीं जो इस पर अंकुश लगा सके. अगर कृत्रिम कारणों से मूल्य वृद्धि हो रही है तो सरकार उसे पता लगाने में विफल है. पर्व के समय मूल्य वृद्धि होने से पर्व त्योहार में खर्च का बजट बिगड़ता जा रहा है.लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि बढ़े खर्च की भरपाई किस तरह से की जाए. आय जस के तस है और खर्चों में बढ़त्तोरी हो रही है.

सरकार का बढ़ती महंगाई पर अंकुश ही नहीं है : परशुराम

पालाजोरी प्रखंड के परशुराम की माने तो आय के स्त्रोत सीमित हैं जबकि खाद्य पदार्थ साग सब्जी और दूध के मूल्य में बेतहाशा वृद्धि हुई है. ऐसे में बजट का बिगड़ जाना लाजिमी है. सामान खरीदने और बेचने वालों से मूल्य वृद्धि को लेकर सवाल करते हैं.उनका साफ कहना है कि उत्पादन लागत और परिवहन में वृद्धि हो गयी है. ऐसे में सामान का मूल्य बढना ही है. हम अपने घर से घाटा लगाकर तो व्यापार नहीं कर सकते हैं. सरकार को चाहिए कि वह इस दिशा में प्रयास करे ताकि बढ़ी महंगाई को नियंत्रित किया जा सके.

केंद्र व राज्य सरकारें महंगाई रोकने की दिशा में पहल करें

- जरुरी चीजों का उत्पादन बढ़ाया जाए
- सरकारी स्तर पर योजनाएं शुरू की जाए
- जमाखोरी,काला बाजारी पर रोक लगे
- जरुरी सेवाओं के शुल्क में कटौती करे सरकार

आदित्यपुर

महंगाई से युवा और छात्र भी परेशान हैं, पढ़ाई का खर्च वहन करना मुश्किल : बैजू यादव

आदित्यपुर निवासी सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे छात्र बैजू यादव कहते हैं कि देश में बढ़ती महंगाई और सब्जियों की कीमतों में उछाल से आम लोग ही नहीं युवा और छात्रों की भी परेशानी बढ़ी है. महंगाई से हर वर्ग परेशान है. हम युवाओं को पढाई करने और उसका खर्च निकालने में बड़ी परेशानी हो रही है. परीक्षा के लिए बाहर जाने का खर्च भी वहन करने में दिक्कत हो रही है. महंगाई से खासकर नौकरीपेशा और मिडिल क्लास फैमिली को ज्यादा परेशानी है. मिडिल क्लास को घर चलाने के साथ बच्चों की पढ़ाई, सोसाइटी में स्टेटस मेंटेन करना बड़ी चुनौती है. ऐसे परिवार के मुखिया ऋण लेकर बच्चों को पढ़ाते हैं. उन्हें सोसाइटी में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए बहुत सोचना पड़ता है. अभी जिस तरह से हरी सब्जियां, आलू-प्याज की कीमतों में उछाल आ रहा है, इससे मिडिल क्लास फैमिली को घर बार चलाने में परेशानी हो रही है. हमारे अभिभावक को हर माह ईएमआई भरने की चुनौती रहती है. ऐसे में हम मिडिल क्लास फैमिली का समाज में रहना मुश्किल हो रहा है.

बढ़ती महंगाई से छात्रों की भी चिंता बढ़ी, हर माह फीस भरने की परेशानी : प्रशांत मिश्रा

आदित्यपुर निवासी इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र प्रशांत मिश्रा कहते हैं कि बढ़ती महंगाई से छात्रों की भी चिंता बढ़ी है. जिस तरह से हरी सब्जियों और दूध जैसी आवश्यक वस्तुएं महंगी हो रही हैं, घरवालों को घर चलाने में परेशानी हो रही है. सब्जियां और दूध के साथ अनाज की कीमतें आसमान छू रही हैं. महंगाई ने तो मिडिल क्लास फैमिली को घर चलाने में सोचने पर मजबूर कर दिया है. आज केवल अनाजों के ही नहीं शिक्षा, स्वास्थ्य और खाद्य पदार्थों की कीमतें भी बेलगाम हैं. हमें प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने में हर माह फीस भरने और किताब आदि खरीदने के लिए एक-एक रुपया जोड़ना पड़ता है. महंगाई पर सरकार का कोई नियंत्रण ही नहीं है. महंगाई के अनुपात में लोगों की आय भी नहीं बढ़ी है. ऊपर से बढ़ती बेरोजगारी, लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है. लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है. प्राइवेट सेक्टर के लोगों की एक तो अल्प आय होती है, दूसरा नौकरी जाने का खतरा, वह कैसे घर चलाते होंगे समझा जा सकता है.

धनबाद

इस सीजन में प्रत्येक वर्ष महंगी होती है हरी सब्जी : अखिलेश झा

तेलीपाड़ा निवासी युवक अखिलेश झा ने बताया कि वर्तमान में हरी सब्जी और प्याज महंगा हो गया है. अक्सर ऐसा देखा जाता है कि अक्टूबर और नवंबर के महीना में प्रत्येक वर्ष हरी सब्जी महंगी हो जाती है. इस बार सावन में प्याज महंगा नहीं हुआ था. इसलिए नवंबर में इसकी कीमत बढ़ी है. नया प्याज आते ही प्याज की कीमत कम हो जाएगी और दिसंबर आते-आते हरी सब्जी की कीमत कम हो जाती है. लेकिन वर्तमान में बढ़ी हुई कीमत लोगों को परेशान कर रही है.

लंबे समय से बिगड़ा है हमारे किचन का बजट : नेहा साव

निरसा निवासी गृहिणी नेहा साव ने बताया कि हरी सब्जी, दूध, किचन के कई सामान पर महंगाई छाई है. पिछले एक-दो महीने से कभी टमाटर, कभी अदरख तो कभी प्याज महंगा हो जा रहा है. किचन का बजट लंबे समय से बिगड़ा हुआ है. इस बीच बड़े बुजुर्गों की दवाई, बदलते मौसम में डॉक्टर का खर्च परेशान कर रहा है. महंगाई नियंत्रण में नहीं आती है तो आम जनता ज्राहिमाम की स्थिति में आ जायेगी.

अब पढ़ाई पर पड़ रहा महंगाई का असर : सिमरन कुमारी

बीबीएमकेयू पीजी अर्थशास्त्र की छात्रा सिमरन कुमारी ने बताया कि महंगाई का असर परिवार पर चौतरफा पड़ता है. किचन में खाने-पीने का सामान महंगा होने से परिवार की आर्थिक सेहत बिगड़ जाती है. जिससे कि हम विद्यार्थियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है. विश्वविद्यालय, कॉलेज व कोचिंग आने-जाने के लिए मिलने वाला रोजमर्रा के पॉकेट खर्च से लेकर किताब-कॉपी खरीदने में भी परेशानी होती है.

त्योहार पर बच्चों के लिए कपड़ा खरीदना हुआ मुहाल : सुमित साव

तेलीपाड़ा निवासी सुमित कुमार साव ने बताया कि हरी सब्जी से लेकर खाने पीने के समान महंगा होने की वजह से उनका पूरा बजट बिगड़ गया है. चंद दिनों में दीपावली व छठ जैसे बड़े त्योहार आने वाले हैं. यही स्थिति रही तो घर के बच्चों तक का कपड़ा खरीदना मुश्किल हो जाएगा. सरकार से अपील है कि वह कुछ ऐसा कदम उठाए की पूजा व त्योहार से पहले महंगाई नियंत्रण में आ जाये.

झारखंड के नैसर्गिक सौंदर्य, प्राकृतिक स्थल, खान-पान और रीति-रिवाज को भी राष्ट्रीय पटल पर लाने की पहल

पर्यटन को बढ़ावा देने 'हजार बागों' में आज जुटेंगे घुमक्कड़ी दिल से ग्रुप

अमरनाथ पाठक। हजारीबाग

हजार बागों के नाम से प्रसिद्ध हजारीबाग समेत झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए खूबसूरत झील परिसर स्थित स्वर्ण जयंती पार्क कैफेटेरिया में रविवार को जुटेंगे घुमक्कड़ी दिल से ग्रुप जुटेंगे.

यह अपने आप में एक अनोखा कार्यक्रम होगा. यहां दिन के 11 बजे से शाम चार बजे तक दिल से दिल की बातें होंगी. साथ ही घुमक्कड़ी दिल से, मिलेंगे फिर से जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इसमें ग्रुप से जुड़े और पर्यटन में दिलचस्पी लेने वाले प्रकृति प्रेमियों को जुटने का आह्वान किया गया है. इस ग्रुप से जुड़े हजारीबाग निवासी और पूर्व में धरोहर संस्था के माध्यम से विरासतों के प्रति जागरुकता लाने के प्रयास में संलग्न रहे अभिषेक मिश्र ने आशा व्यक्त की है कि यह आयोजन यहां के पर्यटन स्थलों से देश-विदेश के पर्यटकों को जोड़ने की दिशा में उल्लेखनीय कदम होगा. इससे इन स्थलों के संरक्षण और देखरेख के लिए गंभीर प्रयास की उम्मीद कर सकते हैं. यह ग्रुप यहां पुरानी यादें ताजा करेंगे. साथ ही हजारीबाग समेत झारखंड के नैसर्गिक सौंदर्य को देश-दुनिया को अवगत कराने की तैयारी भी करेंगे.

यहां प्राकृतिक स्थल, खान-पान और रीति-रिवाज को भी राष्ट्रीय पटल पर लाने की पहल करेंगे. सदस्यों के एक दिवसीय सम्मेलन के दौरान झारखंड के भौगोलिक, प्राकृतिक और सामाजिक परिप्रेक्ष्यों पर चर्चा होगी. आगे भी ऐसे कार्यक्रमों की रूपरेखा बनेगी, जिससे झारखंड प्रदेश में पर्यटन के लिए बाहर के लोग भी आएं और अपने अनुभवों से अन्य लोगों को परिचित करवाएं. इस ग्रुप के देश-विदेश के लगभग एक लाख सदस्यों में कई ऐसे लोग हैं, जो पर्यटन के लिए झारखंड आने के इच्छुक हैं.

झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं : अनूप

कोडरमा स्थित झुमरीतिलैया के व्यवसायी अनूप कुमार सरावगी कहते हैं कि झारखंड में पर्यटन की बात की जाये तो धार्मिक, मनोरंजक या साहसिक इन सभी क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं.

झारखंड के प्राकृतिक दृश्य निहारने को लोग इच्छुक : श्वेता

घुमक्कड़ी दिल से ग्रुप की श्वेता चंचल कहती हैं कि ग्रुप और कार्यक्रम की सक्रिय सदस्य श्वेता चंचल जी ने बताया कि इस ग्रुप के देश-विदेश के लगभग एक लाख सदस्यों में कई ऐसे हैं जो पर्यटन के लिए झारखंड आने के इच्छुक हैं.

झारखंड में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं : तनुजा

इंदिरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हजारीबाग की सेवानिवृत्त अध्यापिका तनुजा मिश्रा ने कहा कि झारखंड में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं. यहां के पहाड़ों, नदियों और घाटियों की सुंदरता मन मोहक है.

निश्चित ही झारखंड में टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा : आदित्य

आदित्य नारायण कहते हैं कि घुमक्कड़ दिल से ग्रुप की मीटिंग के माध्यम से निश्चित ही टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा. नए लोगों को इससे छुट्टियां स्पेंड करने के लिए इंस्पिरेशन मिलेगा. अज्ञात एवं अछूत टूरिस्ट स्पॉट का भी अनुसंधान होगा.

आओ जानें

झारखंड सामान्य ज्ञान

- मुगल काल में बंगाल की राजधानी झारखंड के किस क्षेत्र में थी ? – राजमहल
- झारखंड में ढाल विद्रोह कब शुरू हुआ था ? – 1767 ई.
- झारखंड में बिरसा आंदोलन का मुख्य केंद्र किस जिले में था ?– खूंटी
- अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की स्थापना किस वर्ष हुई थी ? – 1968
- झारखण्ड के इतिहास के किस अभियान या आन्दोलन में जर्मन बाबा के गीत गाकर उनके सर्मथक उनका आहवान करते थे ? – टाना भगत आंदोलन
- झारखंड में दामिन ए कोह की घोषणा किस वर्ष हुई ? – 1824
- पलामू में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था ? –नीलांबर और पितांबर
- छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम किस वर्ष पारित हुआ था ? – 1908
- झारखंड में क्रिश्चन स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन का गठन किसने किया था ? – जे बर्थोमान
- छोटा नागपुर उन्नति समाज की स्थापना किस वर्ष हुई ? – 1915

ब्रीफ खबरें

बारिश से किसान चिंतित जनजीवन अस्त-व्यस्त

मनोहरपुर। बेमौसम बरसात से एक ओर जहां आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. वहीं बारिश से जलजमाव व कीचड़मय सड़कों में आम लोगों का चलना दूभर हो गया है. बारिश ने आम लोगों के साथ-साथ किसान भाइयों के माथे पर चिंता बढ़ा दी है. इधर खेतों में धान के फसल जब पकने की स्थिति में है. ऐसे वक्त में बारिश से फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है. समय पर बारिश नहीं होने के चलते किसान सही ढंग से खेती भी नहीं कर पाए हैं. अब जो भी खेती हुई है. वह भी बारिश की भेंट चढ़ने वाली है. यदि दोबारा मूसलाधार बारिश हुई तो किसानों को आर्थिक रूप से भारी क्षति उठानी पड़ेगी. इससे विशेषकर छोटे एवं मध्यम वर्गीय किसानों को दोहरी मार झेलने को विवश नजर आ रहे हैं.

खनन विभाग ने पकड़ा अवैध बालू लदा हाइवा

चाईबासा। जिला खनन विभाग ने शनिवार को गुवा थाना क्षेत्र में वाहन जांच के क्रम में अवैध बालू लोड हाइवा (जेएच05बीके-2472) को 500 घनफीट बालू के साथ जब्त किया है. आवश्यक कागजी कार्रवाई करने के बाद उस हाइवा को गुआ थाना के हवाले कर दिया गया. इस मामले में दो व्यक्ति को भी पकड़ा गया है. इसमें वाहन चालक लक्ष्मण सिरका, मालिक बालेश्वर गोप शामिल हैं. वाहन मालिक, चालक एवं 2 बालू घाट संचालक समेत 04 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.

झारखंड में डेंगू के 74 संदिग्ध मरीज मिले

रांची। शनिवार को राज्य भर में डेंगू के 74 संदिग्ध मरीज मिले हैं. जांच के बाद 18 में डेंगू की पुष्टि हुई है. इनमें सबसे ज्यादा 10 मरीज चतरा जिले में मिले हैं. वहीं देवघर में एक, धनबाद में छह और हजारीबाग में एक मरीज मिला है. वहीं चिकनगुनिया के भी आठ संदिग्ध मरीज मिले हैं. हालांकि जांच के बाद किसी में भी इसकी पुष्टि नहीं हुई है.

जिप अध्यक्ष को दी जीत की बधाई

नोवामुंडी। चाईबासा के जिला परिषद अध्यक्ष सुश्री लक्ष्मी सुरेन के आवास पर शनिवार को नितेश कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान नोवामुंडी के समाजसेवी सह महादलित अनुसूचित जाति कल्याण संघ के समाज सचिव नितेश कुमार करूवा पुष्प गुच्छ देकर जीत कि बधाई दी. साथ ही नितेश कुमार करुवा ने समाज के उत्थान के लिए नोवामुंडी में एक कम्युनिटी हाल का निर्माण के लिए मांग पत्र सौंपा.उन्होंने कहा कि कम्युनिटी हॉल बन जाने से समाज के साथ-साथ नोवामुंडी वासियों के लिए भी वरदान साबित होगी.

बीडीओ को सीडीपीओ का अतिरिक्त प्रभार

बालूमाथ (लातेहार)। बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराव को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है. शनिवार को प्रखंड विकास कार्यालय में बालूमाथ के निवर्तमान प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आफताब आलम की उपस्थिति में उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सोमा उरांव ने ग्रहण कर लिया है. इस दौरान श्री उरांव ने कहा कि जिस विश्वास के साथ उपायुक्त ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है.

हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर दो हथनियां झुलस गईं थीं

हथनियों की मौत की जांच शुरू

संवाददाता। चाकुलिया

चाकुलिया में 30 अक्टूबर की रात को हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर झुलसी दो हथनियों की बाद हुई मौत के मामले की जांच शुरू हो गयी. जांच टीम ने प्रभारी वन क्षेत्र पदाधिकारी सह टीम के सचिव दिग्विजय सिंह और सदस्य बहरागोड़ा के भ्रमणशील प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार ने शनिवार की शाम को जांच शुरू की. वे नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ स्थित मुस्लिम बस्ती के शेख पाड़ा के पास एक राइस मिल के पीछे राइस मिल के तालाब के पास जाकर घटनास्थल की जांच की.

जांच टीम के सदस्यों ने कहा कि प्रथम दृष्टया हाई वोल्टेज तार की चपेट में हाथी उक्त तालाब की मेंढ़ पर आए थे. तालाब के आसपास खेत में और मेंढ़ पर पर्याप्त साक्ष्य हैं. कई स्थानीय लोगों ने टीम को बताया कि उक्त राइस मिल के पीछे राइस मिल से निकलने वाले पानी को जमा करने के लिए मिल मालिक द्वारा तालाब बनवाया गया है. इस तालाब में राइस मिल से निकलने वाला पानी भरा है. इस तालाब के पश्चिम में लगभग छह फीट ऊंची मेंढ़ बनाई गई है। मेंढ़ के नीचे धान के खेत हैं,जिनमें धान की फसल खड़ी है. घटनास्थल पर शेख पाड़ा के शेख हुसैन, शेख सुल्तान और शेख फिरोज ने जांच टीम को बताया कि कई हाथी तालाब की मेंढ़ के पास धान खाने के लिए आए थे. इनमें से कई हाथी मेंढ़ पर चढ़े थे ,जो हाई वोल्टेज तार की चपेट में आए थे.

उक्त लोगों ने टीम को बताया कि एक शिशु हाथी को भी करंट लगा था. उन्होंने टीम को बताया कि राइस मिल के तालाब की मेंढ़ पर हाई वोल्टेज के तार इतने नीचे हैं कि उसमें इंसान भी सट सकता है. टीम के सदस्यों ने बताया कि मेंढ़ पर जहां से बिजली के तार गुजरे हैं, के आसपास खेत में और मेंढ़ पर भी हाथियों के पैरों के निशान हैं. मेंढ़ पर बिजली के तार के नीचे हाथी के लिद गिरे हैं.हाथियों के पैरों के फिसलने के निशान भी हैं.

खास बातें

- हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर हुई थी मौत
- एक राइस मिल के पीछे मेंढ़ पर पर्याप्त साक्षी मिले

हाथी हाई वोल्टेज तार की चपेट में आए थे

चाकुलिया के प्रभारी वन क्षेत्र पदाधिकारी सह जांच टीम के सदस्य दिग्विजय सिंह ने जांच के बाद कहा कि प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट है कि उक्त स्थल पर ही हाथी हाई वोल्टेज तार की चपेट में आए थे. उन्होंने कहा कि इस मामले में बिजली विभाग और संबंधित मिल मालिक को नोटिस जारी किया जाएगा. इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी .जांच टीम के सदस्य सह बहरागोड़ा के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार ने कहा कि उक्त राइस मिल के तालाब की मेंढ़ पर ही हाथी हाई वोल्टेज तार की चपेट में आए थे. इसके पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं.

बिजली के तार की की जांच करेगी टीम

गठित जांच टीम में घाटशिला के रेंजर विमद कुमार अध्यक्ष, चाकुलिया के प्रभारी रेंजर दिग्विजय सिंह सचिव हैं. इस टीम में सदस्य के रूप में बहरागोड़ा के भ्रमणशील प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार, चाकुलिया के प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी मनोज कुमार महंता, धालभूमगढ़ की प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रतिमा कुमारी समेत चाकुलिया, घाटशिला और मुसाबनी वन क्षेत्र के वनपाल शामिल हैं. यह टीम चाकुलिया वन क्षेत्र में इस बात की जांच करेगी कि कहां-कहां पर बिजली के तार कम ऊंचाई पर झूल रहे हैं.

बीबीएमकेयू में बी फार्मा के लिए 9 नवंबर से खुलेगा चांसलर पोर्टल

धनबाद। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) के अधीन आने वाले हर्षिता ग्लोबल एजुकेशन एकेडमी कॉलेज आफ फार्मेसी चास बोकारो में बी-फार्मा पाठ्यक्रम सत्र 2023-27 में नामांकन के लिए विद्यार्थी 9 से 19 नवंबर तक चांसलर पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं. बीबीएमकेयू के रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार ने चार नवंबर को इस बाबत नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. जारी नोटिफिकेशन के अनुसार चयन सूची का प्रशासन विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर 22 नवंबर को कर दिया जाएगा. डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 23 नवंबर से संबंधित कॉलेज में शुरू होगा. बीबीएमकेयू में जर्मन और फ्रेंच लैंग्वेज के कोर्स में नामांकन के लिए विद्यार्थी 9 से 19 नवंबर तक चांसलर पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं.

मंदिर से प्राचीन मूर्ति सहित लाखों के आभूषण की चोरी

संवाददाता। झरिया

झरिया थाना क्षेत्र के लाल बाजार स्थित सत्यनारायण मंदिर से भगवान लड्डू गोपाल की प्राचीन मूर्ति व मूर्तियों पर चढ़े मुकुट व अन्य आभूषणों की चोरी कर ली. बताया जाता है कि लाल बाजार स्थित सत्यनारायण मंदिर में शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के गेट में लगे तीन ताले को काटकर मंदिर भगवान लड्डू गोपाल की दशकों पुरानी प्राचीन मूर्ति व मंदिर से लाखों रुपए के आभूषण की चोरी कर ली.

शनिवार की सुबह मंदिर के पुजारी अशोक पांडे जब मंदिर खोलने पहुंचे तो देखा कि मंदिर के गेट का ताला कटा हुआ और जमीन पर पड़ा है. मंदिर परिसर में जाकर देखा तो मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान भगवान सत्यनारायण जी का मुकुट एवं पूरे मंदिर कैंपस में विराजमान अन्य मूर्ति पर चढ़े सोने चांदी के आभूषण नहीं है. इसकी सूचना उन्होंने तुरंत मंदिर कमेटी के सदस्यों और झरिया पुलिस को दी. सूचना मिलते ही काफी संख्या में कमेटी के लोग, स्थानीय श्रद्धालु और झरिया पुलिस मौके पर पहुंची. मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच में जुट गई है.

खास बातें

- चोरों ने मंदिर के गेट में लगे तीन ताले को काटकर की चोरी
- चोरी की सूचना मिलते ही काफी संख्या में जुटे कमेटी के लोग

21 से 3 नई ट्रेनों का परिचालन होगा

संवाददाता। जमशेदपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) अनिल कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को बादामपहाड़-बहलदा-टाटा सेक्शन का निरीक्षण किया. इस दौरान कई खामियां मिली जिसे दूर करने का निर्देश दिया. जीएम शालीमार से विशेष ट्रेन से शनिवार सुबह टाटानगर पहुंचे, जहां से तमाम अधिकारियों के साथ बादामपहाड़-टाटा रेल मार्ग के विकास कार्यों का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने प्लेटफार्म नंबर दो पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आरपीएफ की दो महिला कांस्टेबलों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

स्टेशन की नई बिल्डिंग में रहेगी अत्याधुनिक सुविधाएं

जीएम ने महिलाओं के लिए शौचालय बनाने के सवाल पर कहा कि टाटानगर स्टेशन का 400 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार होगा. इसका कार्य जल्द शुरू होने वाला है. इसलिए कोई भी अस्थाई कार्य यहां नहीं कराया जा रहा है. स्टेशन की नई बिल्डिंग में महिलाओं से लेकर अन्य यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं मौजूद रहेंगी, इसके लिए नक्शा भी बनाया जा चुका है.

अस्पताल के समीप चल रहे ट्रांसपोर्टिंग को बंद करने की मांग

संवाददाता। नोवामुंडी

बड़ाजामदा अस्पताल के समीप ट्रांसपोर्टिंग के कारण आए दिन अस्पताल के समीप जाम की स्थिति बनी रहती है. इससे सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं को हो रही है. गर्भवती महिलाएं अस्पताल तक नहीं पहुंच पाती और उनकी गाड़ियां जाम में फंसी रह जाती हैं. इसको लेकर नोवामुंडी भाग एक जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी एवं बड़ाजामदा उप प्रमुख ज्योति दास ने 2 महीने पहले वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए अस्पताल के समीप चल रही कंपनी ट्रांसपोर्टर एजे ग्लोबल को यहां से ट्रांसपोर्टिंग बंद कर अन्य जगह से काम करने का निर्देश दिया. उसके बावजूद आजतक अस्पताल परिसर के समीप ट्रांसपोर्टिंग का कार्य चलता ही है.

इसी संदर्भ में बड़ाजामदा के ग्रामीणों ने जाम से निजात दिलाने के लिए एवं ट्रांसपोर्टर के ऊपर कार्रवाई की मांग करते हुए नोवामुंडी भाग एक जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी, बड़ाजामदा मुखिया एवं उप प्रमुख को पत्र लिखा है. उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि लगभग 2 महीने से सीएससी बड़ाजामदा अस्पताल के समीप से लगातार माल ढुलाई की काम चल रहा है. इसके कारण अगल-बगल के लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है. बड़ाजामदा का ये एकमात्र अस्पताल है. यहां मरीजों की भीड़ रहती है. खासकर इस अस्पताल में गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराया जाता है.

खास बातें

- अगल-बगल के लोगों का जनजीवन हो रहा है प्रभावित
- ट्रांसपोर्टिंग बंद कर अन्य जगह काम करने का दिया था निर्देश

लोचनपुर ने पुरनानगर को पेनाल्टी शूटआउट में 4-1 से पराजित किया

कोडरमा। पूरनानगर पंचायत फुटबॉल मैदान में लोचनपुर और पूरनानगर के बीच फुटबॉल मैच खेला गया. लोचनपुर ने पूरनानगर को पेनाल्टी शूटआउट में 4-1 हराया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य महेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि इस तरह के खेल के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा निखरती है. ग्रामीण युवकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है. वहीं पूरनानगर मुखिया अनीता देवी ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं में फुटबॉल के प्रति रुचि है लेकिन सुविधाओं की कमी से वह आगे नहीं बढ़ पाते है. इस तरह के आयोजन से युवा आगे बढ़ पायेंगे. मौके पर उपमुखिया कविता देवी, पंचायत सेवक कुमारी विभा, पुरनानगर वार्ड सदस्य कमलदेव प्रसाद, नौवाडीह वार्ड सदस्य कलावती देवी, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार रजक और कई ग्रामीण उपस्थित थे.

अडाणी प्लांट का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

संवाददाता। रांची

झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एशोसिएशन (जेसोवा) की तरफ से रांची के मोरहाबादी मैदान में में दो से छह नवंबर तक दिवाली मेले का आयोजन किया गया है. पांच दिवसीय मेले में 200 से ज्यादा स्टॉल हैं, लेकिन अडाणी फाउंडेशन द्वारा लगाया गया स्टॉल लोगों के बीच विशेष आकर्षण है.

इस मेले में गोड्डा में अडाणी पावर द्वारा किए गए सीएसआर की पूरी जानकारी उपलब्ध है. कैसे अडाणी राज्य में पावर के साथ- साथ लोगों को मजबूत करने के लिए अपनी अहम भूमिका निभा रहा है, इसकी विस्तार से जानकारी दी जा रही है.अगर आप भी इस मेले में शामिल हो रहे हैं तो इस स्टॉल तक आकर यह समझ सकते हैं कि कैसे अडाणी राज्य में स्वास्थ्य, कौशल विकास, शिक्षा, रोजगार की दिशा में लोगों को मजबूत करने उन्हें प्रशिक्षित करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है.

खास बातें

- पांच दिवसीय जेसोवा मेले में लगे हैं 200 से ज्यादा स्टॉल
- अडाणी पावर के सीएसआर से गोड्डा की तस्वीर बदली

अडाणी गोड्डा जिले के 323 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से आधुनिक शिक्षा पहुंचा रहा है. दुनिया भर में शिक्षा के विकास और तकनीक से बदलती और बेहतर होती शिक्षा का जिक्र होता है. ऐसे में झारखंड और यहां के बच्चे कैसे पीछे रह सकते हैं. अडाणी पावर ने सरकारी स्कूलों में स्मार्ट बोर्ड देकर आधुनिक शिक्षा की तरफ झारखंड के बढ़ते कदम से कदम मिलाया है. इस मेले में अडाणी पावर के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे.

तीसरी थाना का चौकीदार राहुल यादव उत्तर प्रदेश से बरामद

गिरिडीह। जिले के तिसरी थाना के चौकीदार राहुल यादव को उत्तर प्रदेश के गजोला थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया है . गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा ने इसकी पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि शुक्रवार अहले सुबह तिसरी थाना का चौकीदार राहुल यादव मॉर्निंग वॉक पर निकला था. इस दौरान उसका अपहरण कर लिया गया था. अपहरण कर उसे उत्तर प्रदेश ले जाया गया था. उसे गजोली थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया है. उसकी सकुशल वापस लाने के लिए पुलिस टीम को गजोली भेज दिया गया है. इस घटना में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.चौकीदार राहुल यादव को वापस लाने के बाद उससे पूछताछ की जाएगी. पता लगाया जाएगा कि उसके अपहरण में किसका हाथ था.

साजिश ईडी के हाथ लगा ऑडियो क्लिप, क्लिप की जांच के बाद ईडी जल्द इस बड़ी साजिश का पर्दाफाश कर सकती है

रेड से पहले प्रेम प्रकाश व अमित अग्रवाल ने जेल में पुलिस अधिकारी के साथ की थी मीटिंग

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

रांची पुलिस के एक अधिकारी ने जेल में रेड पड़ने से पहले मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल से मुलाकात की थी. पुख्ता सूत्रों के मुताबिक, ईडी के अधिकारियों के खिलाफ साजिश रचने के लिए रांची पुलिस के एक बड़े पुलिस अधिकारी से मदद मांगी गयी थी. इस बातचीत से संबंधित एक ऑडियो भी ईडी के हाथ लगी है. ऑडियो क्लिप की जांच के बाद ईडी जल्द इस बड़ी साजिश का पर्दाफाश कर सकती है. वहीं ईडी रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में लगे सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि इस बात की जानकारी मिल सके कि रांची पुलिस के किस अधिकारी ने प्रेम प्रकाश व अमित अग्रवाल से मुलाकात की.

ईडी अधिकारियों को फंसाने की रची जा रही थी साजिश

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, झारखंड में लैंड स्कैम, बालू के अवैध कारोबार, शराब टेंडर में हुए कथित घोटाले और अवैध खनन जैसे करोडों रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसी ईडी के अधिकारियों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की साजिश रची जा रही थी. ईडी के एक अफसर को धुर्वा थाना द्वारा एसटी-एससी केस में आरोपित करने के बाद एक बार फिर नये सिरे से एक गंभीर आरोप में फंसाने की साजिश जेल से रची जा रही थी. जानकारी के अनुसार, एक महिला को ईडी के अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए तैयार किया गया था.

सीबीआई की रोक वाली जमीन पर निर्माण के पीछे इंस्पेक्टर और प्रोफेसर

- सूरज चटर्जी के नाम पर किया जा रहा था काम

रांची। रांची में सीबीआई ने संजीवनी बिल्डकॉन घोटाला से जुड़े जिस जमीन पर काम करने से रोक लगाई है, उसपर बाउंड्री के अंदर निर्माण कार्य करने की कोशिश में लगे चेहरों से नकाब धीरे-धीरे हटने लगा है. अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, पुंदाग इलाके में करोडों रुपए के भूखंड पर निर्माण कार्य के लिए पुलिस मुख्यालय में तैनात एक इंस्पेक्टर और रांची के एक नामी कॉलेज के प्रोफेसर ने पूरी सेटिंग की थी. सारी तैयारी होने के बाद सूरज चटर्जी नाम के व्यक्ति ने निर्माण कार्य शुरू करवाया था. लेकिन स्थानीय लोगों ने पुंदाग ओपी को इस अवैध निर्माण की सूचना दे दी. जिसके बाद पुंदाग ओपी प्रभारी ने स्थल निरिक्षण कर निर्माण कार्य को तत्काल न सिर्फ बंद करवाया, बल्कि नगड़ी अंचल अधिकारी को अवैध निर्माण की लिखित सूचना देते हुए विधि सम्मत कार्रवाई का आग्रह किया.

फरार है कंपनी का प्रबंध निदेशक

बता दें कि रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र के ऐश्वर्या रेसिडेंसी के नॉर्थ साइड स्थित जमीन पर भू माफिया द्वारा शेड बनाने का कार्य किया जा रहा था. बीते 30 सितंबर 2022 को सीबीआई ने संजीवनी बिल्डकॉन और निदेशकों पर एक और मामला दर्ज किया था. यह मामला सीबीआई की रांची ब्रांच में दर्ज हुआ था. इस कांड के शिकायतकर्ता धुर्वा के एचईसी कॉलोनी के क्वार्टर नंबर डीटी-1314 निवासी दिनेश कुमार तिवारी है. संजीवनी बिल्डकॉन कंपनी के प्रबंध निदेशक जयंत दयाल नंदी अब तक फरार है, जिसके खिलाफ पहले से ही लुक आउट नोटिस जारी है.

हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने भी दर्ज कर ली है प्राथमिकी

सीबीआई ने संजीवनी बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अलावा कंपनी की निदेशक अनामिका नंदी, सुरजीत गोस्वामी, प्रबंधक श्याम किशोर गुप्ता व मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव श्वेता रानी के खिलाफ मामला दर्ज किया है. इन सभी लोगों पर आपराधिक साजिश कर धोखाधड़ी करने का आरोप है. सभी पर एक साजिश के तहत दूसरे की जमीन की रजिस्ट्री शिकायतकर्ता दिनेश कुमार तिवारी व उनकी पत्नी के नाम पर करने का आरोप है.

असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति पर कोर्ट ने लगायी रोक

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी द्वारा जारी उस विज्ञापन पर रोक लगा दी है, जिसके तहत असिस्टेंट प्रोफ़ेसर (मेडिकल कॉलेज) की नियुक्ति में वैसे अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने का प्रावधान किया गया था जो पूर्व से झारखंड चिकित्सा सेवा में कार्यरत हैं. इसके साथ ही अदालत ने यह निर्देश दिया है कि अगर प्रार्थी नियुक्ति प्रक्रिया की अन्य अहर्ताओं को पूरा करता है तो उसे नियुक्ति दी जाए. दरअसल जेपीएससी ने असिस्टेंट प्रोफ़ेसर (मेडिकल कॉलेज) के 110 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन संख्या 06/2022 निकाली थी.

ब्रीफ खबरें

बिहार से साइबर ठग को किया गिरफ्तार

पटना । एसके पुरी थाना क्षेत्र में जहां साइबर ठगी के मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए मिलिट्री इंटेलिजेंस लखनऊ की टीम और हरियाणा पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया और एक युवक को गिरफ्तार किया है. वो दो साल से नौकरी के नाम पर ठगी करता था. जिसके बाद लगातार पुलिस इसकी तलाश में थी. आखिरकार एसके पुरी थाना क्षेत्र से कई राज्यों की पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया है. बता दें कि शुक्रवार देर शाम मिलिट्री इंटेलिजेंस लखनऊ की टीम और हरियाणा पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत सुनील को गिरफ्तार किया.

अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ली बच्चे की जान

नवादा । शनिवार को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने साइकिल सवार छात्र को रौंद डाला. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना से गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के झुनाटी गांव के पास की है. मृतक छात्र की पहचान सुबेलाल चौहान के 10 वर्षीय बेटे अंकित कुमार के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि शनिवार को अंकित ट्यूशन पढ़ने के बाद साइकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था. इसी दौरान झुनाटी गांव के पास बालू लदे ट्रैक्टर ने उसे रौंद डाला.

कई गांवों में भूकंप का कहर, घर गिरा

पटना । पटना समेत मसौढ़ी के कई हिस्सों में भूकंप का झटका लोगों ने महसूस किया और कई जगहों पर इसका असर भी देखने को मिला है. मसौढ़ी के जमालपुर गांव में पिंकी देवी ने बताया की शुक्रवार देर रात खाना खाकर सोने ही जा रहे थे. उसी वक्त ऐसा महसूस हुआ कि खिड़की दरवाजे हिल रहे हैं. उसके बाद घर से सभी लोग बाहर आ गए और खपरैल नुमा मकान ढह गया. वहीं राजा बीघा गांव में अनिल कुमार ने बताया कि उनके मवेशी का पूरा घर गिर गया है. कुछ मवेशी जख्मी हो गए हैं. भूकंप के झटका के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है.

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने किया कटाव-ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण, बोले

स्थिति गंभीर, रोक नहीं लगी तो सब कुछ गंगा में हो जाएगा विलीन

- बिहार में 52 लाख हेक्टेयर और बेगूसराय में सवा लाख हेक्टेयर जमीन कटाव से प्रभावित है

संवाददाता । बेगूसराय

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को बेगूसराय के बलिया प्रखंड में गंगा के कटाव से प्रभावित सादीपुर-विष्णुपुर के कटाव स्थल का निरीक्षण किया. कटाव की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा एवं विभाग के अधिकारियों से बात कर कटाव रोकने का अनुरोध किया. उन्होंने कहा कि बलिया के सुदूरवर्ती और गंगा की गोद में बसे गांव में कटाव की स्थिति गंभीर बनी हुई है. अगर कटाव रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो यह स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय है. जोत की जमीन गंगा में समा रही है, आबादी प्रभावित होने वाली है. बिहार में 52 लाख हेक्टेयर और बेगूसराय में सवा लाख हेक्टेयर जमीन कटाव से प्रभावित है. इसलिए आबादी भी बचे और जोत की जमीन भी. हमने अभी बिहार के जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा को स्थिति की जानकारी दी है. अनुरोध किया है कि कमेटी बनाकर यहां कटाव निरोधक कार्य किया जाए. जिससे कि सादीपुर और गोखले नगर विष्णुपुर सहित आसपास के 12-13 गांव के लोगों को राहत मिले. उनकी जमीन बचे, उनकी आबादी प्रभावित नहीं हो. स्थिति काफी गंभीर है, रोक नहीं लगा तो सब कुछ गंगा में विलीन हो जाएगा.

इससे पहले सिंह ने सादीपुर निवासी भाजपा के जिला प्रवक्ता रहे ललन राय के असामयिक निधन पर परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दिया. उन्होंने कहा कि भाजपा के मजबूत स्तम्भ, दो बार मंडल अध्यक्ष रह चुके और वर्तमान कमेटी के जिला प्रवक्ता ललन राय जी के निधन की दुःखद सूचना से भाव विहीन और स्तब्ध हूं. ललन जी के निधन से पार्टी को हुई अपूरणीय क्षति की भरपाई संभव नहीं है.

आओ जानें

बिहार : आर्य सभ्यता को जानें

1. शतपथ ब्राह्मण के अनुसार आर्य सभ्यता गंगा के दोनों ओर फैला हुआ था.
2. अथर्ववेद व पंचवीश ब्राह्मण के अनुसार प्राचीन बिहार में तपस्वी के रूप में भटकने वाले को वर्त्यस कहा जाता था.
3. ऋग्वेद के अनुसार इस क्षेत्र के अछूत लोगों को कीकैत कहा जाता था.
4. पुराण, रामायण व महाभारत.
5. बौद्ध साहित्य जैसे अभिधम्मपिटक, विनयपिटक व सुतपिटक.
6. अंगुतर निकाय में महाजनपद के बारे में उल्लेख किया है.
7. दीर्घ निकाय, दीपवंश और महावंश.
8. जन साहित्य जैसे भद्रबाहू का कल्पसूत्र, परिशिष्ट वर्णन और वसुदेवचरित में चंद्रगुप्त मौर्य के प्रारंभिक इतिहास का वर्णन किया गया है.
9. मेगस्थनीज चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में आया था.
10. फाहियान 5 वीं शताब्दी ईस्वी में भारत का दौरा किया था.

फोन कर किसी ने बुलाया था, उप स्वास्थ्य केंद्र के पास फेंका शव

आरा में दवा व्यवसायी की गला रेत कर दी हत्या, सड़क जाम

संवाददाता । आरा

चांदी थाना क्षेत्र के चांदी बाजार में शनिवार की सुबह एक दवा दुकानदार की गला रेतकर हत्या कर दी गई. व्यवसायी को किसी ने सुबह में फोन कर दवा लेने के लिए बुलाया था. मृतक की पहचान चांदी थाना क्षेत्र के फरहंगपुर गांव निवासी 38 वर्षीय टुन्नू सिंह के रूप में की गई है. इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सकड्डी-नासरीगंज हाईवे को जाम कर दिया. घटना की सूचना पर चांदी थानाध्यक्ष सौरभ कुमार, संदेश थानाध्यक्ष अवधेश कुमार एवं कोईलवर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गुस्साए लोगों को समझाया. दवा व्यवसायी की हत्या क्यों की गई है इसका कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है. पुलिस कई एंगल से हत्या की छानबीन में जुट गई है. घटनास्थल पर एफएसएल एवं डॉग स्क्वायड की टीम भी बुलाया गई है.

मृतक टुन्नू सिंह के चचेरे भाई कमलेश राम ने बताया कि सुबह साढ़े पांच से छह बजे के करीब फोन आया था. टुन्नू सिंह को किसी ने दवा दुकान पर बुलाया था. वह घर से पैदल ही दवा दुकान पर चला गया. दुकान पर पहुंचने के बाद जैसे ही उसने अपनी दुकान का आधा शटर उठाया तभी धारदार हथियार से पीछे से उसकी गला रेतकर हत्या कर दी गई. उसके शव को दुकान से कुछ दूरी पर उप स्वास्थ्य केंद्र की गेट पर लाकर रख दिया गया. कमलेश ने दुश्मनी एवं विवाद की बातों से इनकार किया है.

अपराधी बेलगाम

- मृतक की पहचान फरहंगपुर निवासी टुन्नू सिंह के रूप में हुई
- मौके पर एफएसएल व डॉग स्क्वॉड की टीम बुलाई गई

घटना की जांच के लिए टीम का किया गया गठन : भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि स्थानीय थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि चांदी बाजार में एक मेडिकल है जो तेज नारायण सिंह उर्फ टुन्नू का है. किसी अज्ञात अपराधी ने मारपीट करते हुए धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी है. घटना की जांच के लिए एक टीम का गठन कर दिया गया है. एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीम बुलाई गई है. प्राथमिक जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर मेडिकल पर कुछ सामान लेने के लिए बुलाया था. इसी बहाने हत्या कर दी गई.

जहानाबाद रेलवे स्टेशन के पास रेल विभाग की बड़ी लापरवाही

मालगाड़ी-ट्रक में टक्कर, ट्रक क्षतिग्रस्त

संवाददाता । जहानाबाद

जहानाबाद रेलवे स्टेशन के पास कनौदी गांव में बने रेलवे फाटक के पास एक मालगाड़ी से ट्रक की टक्कर हो गई है. जिससे ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. स्थानीय लोगों के अनुसार रेलवे गुमटी पर तैनात कर्मचारी की लापरवाही के कारण यह घटना घटी है. रेलवे फाटक खुला रहने के दौरान ही मालगाड़ी रेलवे ट्रैक पर आ गई और उधर से ट्रक पार कर रहा था, जिसकी वजह से टक्कर हो गई.

हालांकि इस घटना के बाद ट्रक ड्राइवर अपना गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है. वहीं ट्रक कहां का है यह रेल थाना की पुलिस पता करने में जुट गई है और रेलवे ट्रैक से उसे हटाने का प्रयास किया जा रहा है. हालांकि इस मामले में रेलवे के अधिकारी या रेल थाना की पुलिस के द्वारा अभी तक कुछ भी बताने से इनकार किया जा रहा है. स्थानीय लोगों की मानें तो रेलवे गुमटी पर तैनात कर्मचारियों की लापरवाही के कारण यह घटना घटी है.

गोपालगंज में सड़क हादसे में पति और पत्नी की मौत

गोपालगंज । गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र के डीएवी स्कूल के पास शुक्रवार को अनियंत्रित कार की टक्कर से स्कूटी सवार दंपती की मौत हो गई. जिसके बाद शनिवार को आक्रोशित परिजनों ने शव को सड़क पर रख कर विरोध-प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया. इस वजह से सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई.

दरअसल, इस संदर्भ में बताया जाता है कि शहर के आर्य नगर वार्ड नंबर 21 मोहल्ले में मृतकों का अपना मकान भी है. वह अपने मकान से शुक्रवार को स्कूटी पर सवार होकर अपने गांव मीरगंज थाना क्षेत्र के पेऊली जा रहे थे. इस बीच थावे थाना क्षेत्र के डीएवी स्कूल के पास रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार बैगनार कार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही पति की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी बुरी तरह जख्मी हो गई. जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई.

रोहतास में ड्यूटी पर जाने के दौरान एसआई पर जानलेवा हमला

सासाराम । रोहतास में शुक्रवार की देर रात सब-इंस्पेक्टर पर जानलेवा हमला हुआ है. बदमाशों ने करीब साढ़े दस बजे नगर के नटवार रोड में रहने वाले थाने के सब-इंस्पेक्टर राकेश कुमार पर जानलेवा हमला कर दिया. हमले में वह बुरी तरह से घायल हो गए. हालांकि जब तक सूचना के मिलने के बाद पुलिस वहां पहुंची, तब तक सभी हमलावर फरार हो गए. पुलिस ने बगल के होटल में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पांच लोगों को आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की है.

कारोबार

एसबीआई का एकीकृत लाभ 16,099 करोड़ हुआ

मुंबई । सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 9.13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 16,099.58 करोड़ रुपये हो गया. कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी. बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 14,752 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था. बैंक ने बताया कि एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ समीक्षाधीन तिमाही में 14,330.02 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 13,264.52 करोड़ रुपये रहा था.

कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली । इजराइल-हमास युद्ध के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है. ब्रेंट क्रूड 85 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है. हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड का भाव 1.96 डॉलर यानी 2.26 फीसदी की गिरावट के साथ 84.89 डॉलर प्रति बैरल पर टिका है. वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट क्रूड भी 1.95 डॉलर प्रति बैरल पर है.

एनयूपीपीएल की पहली इकाई ग्रिड से जुड़ी

नयी दिल्ली । उत्तर प्रदेश में एनयूपीपीएल के कोयला आधारित सुपरक्रिटिकल ताप बिजली संयंत्र की पहली इकाई को ग्रिड के साथ जोड़ दिया गया है. नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड, एनएलसी इंडिया लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम है. एनयूपीपीएल उत्तर प्रदेश के कानपुर में 1980 मेगावाट का सुपरक्रिटिकल ताप बिजली संयंत्र स्थापित कर रही है. एनएलसी इंडिया ने शेयर बाजार के बताया, सभी जरूरी शर्तें पूरी करने के बाद ग्रिड के साथ सफलतापूर्वक जोड़ दिया गया है.

सरकार ने 10 हजार करोड़ के 2073 बॉन्ड को 7.46 प्रतिशत की कटऑफ यील्ड पर बेचा

सरकार ने पहली बार 50 वर्षीय बॉन्ड किया लॉन्च

भाषा । मुंबई

भारत सरकार ने अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए पहली बार 50 वर्षीय बॉन्ड को लॉन्च किया. आरबीआई ने कहा कि सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपये के 2073 बॉन्ड को 7.46 प्रतिशत की कटऑफ यील्ड पर बेचा है. इंश्योरर्स और इन्वेस्टर्स द्वारा संभावित रूप से इस बॉन्ड को हाथों-हाथ लेने से भारत की पहली 50-वर्षीय बॉन्ड की नीलामी मजबूत डिमांड के चलते पूरी तरह से बिक गई. हालांकि शुक्रवार की कटऑफ पिछले सप्ताह नीलाम हुए 40-वर्षीय बॉन्ड की यील्ड 7.54 प्रतिशत से कम रही. इस अल्ट्रा-लॉन्ग बॉन्ड के लिए बीमा और पेंशन फंडों की दिलचस्पी तेजी से बढ़ रही है. उन्होंने अपनी लॉन्ग टर्म वाली प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए नीलामी से पहले ही हायर यील्ड में बॉन्ड को लॉक करने के लिए मजबूत दिलचस्पी दिखाई है.

10,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड की नीलामी के लिए 216 बोलियां मिलीं जिसका मूल्य 40,200 करोड़ रुपये बैठता है. आनंद राठी इंश्योरेंस ब्रोकर्स के प्रमुख अमजद खान का कहना है कि देश में मिडल क्लास तेजी से बढ़ रहा है और देश के बढ़ते लाइफ इंश्योरेंस और पेंशन फंड इंडस्ट्री भारत के एक ट्रिलियन डॉलर के सॉवरेन डेट मार्केट के आउटलुक को बदल रहे हैं. सरकार के रेकॉर्ड उधार लेने के बावजूद भी भारत का यील्ड कर्व लगभग सपाट रहा है. ऐसा इसलिए क्योंकि इंश्योरर्स ने लॉन्ग टर्म बॉन्ड की खरीद बढ़ा दी है. बता दें कि सरकार की अक्टूबर से फरवरी की अवधि में 30,000 करोड़ रुपये के 50 साल वाले बॉन्ड बेचने की योजना है.

इस बीच आरबीआई के रिटेल निवेशकों के लिए जीरो कमीशन, जीरो ब्रोकरेज के रिटेल डायरेक्ट प्लैटफॉर्म से फ्लोटिंग रेट सेविंग बॉन्ड में निवेश की अनुमति देने के बाद रिटेल निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ी है. जानकारों की मानें तो जिस तेजी से रिटेल डायरेक्ट गिल्ट अकाउंट (आरडीजी अकाउंट) खुल रहे हैं, उसे देखते हुए शुक्रवार को आरबीआई ने एनआरआई को भी इसके जरिए सीधे गवर्मेंट सिक्योरिटीज् (जी-सेक) में निवेश की अनुमति दे दी है. अब एनआरआई भी सीधे जी-सेक, स्टेट डिवेलपमेंट लोन (एसडीएल) और ट्रेजरी बिल (टी-बिल्स) में निवेश कर सकते हैं.

बॉन्ड जारी

- देश में मिडल क्लास तेजी से बढ़ रहा है
- एनआरआई भी टी-बिल्स में निवेश कर सकते हैं

आरडीजी अकाउंट के लिए कोई चार्ज नहीं

फिनटेक एवं इक्विटी रिसर्च कंपनी आरफ्योनक्राट के फाउंडर गौरव गोयल कहते हैं कि फ्लोटिंग रेट सेविंग्स बॉन्ड में 8.05% ब्याज मिल रहा. फ्लोटिंग रेट सेविंग बॉन्ड पर ब्याज बढ़ने की संभावनाएं भी हैं. अकाउंट आरबीआई के रिटेल डायरेक्ट पोर्टल से बिना किसी चार्ज के खोला जा सकता है. आरडीजी अकाउंट के लिए कोई चार्ज नहीं है और न ही इसे मेंटेन करने का कोई चार्ज होता है. हो सकता है, सरकार स्मॉल सेविंग स्कीम्स पर ब्याज दरों में इजाफा करे. एनआरआई के मन में देश की इमेज बदली है. उन्हें सरकार द्वारा किए जा रहे खर्च पर भरोसा है. वे इंडिया के डेट मार्केट में सरकारी सिक्योरिटीज में निवेश करना चाहते हैं. फाइनेंशल प्लानर कार्तिक झवेरी का मानना है कि भारत में अभी लोगों को अडवाइरी की जरूरत है.

शनिवार को गुवाहाटी के बाहरी इलाके में दिवाली त्योहार से पहले मिट्टी के दीयों को सुखाती स्थानीय महिला.

ओडिशा सरकार की महत्वपूर्ण पवन ऊर्जा क्षेत्र परियोजनाएं

4,940 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव मिले

एजेंसी । नयी दिल्ली

ओडिशा सरकार को पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए निवेशकों से 4,940 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं. एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि शुक्रवार को यहां सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए नोडल एजेंसी ग्रिडको ने अपने तकनीकी भागीदार आईफॉरेस्ट के सहयोग से पवन ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए ओडिशा पवन ऊर्जा शिखर सम्मेलन -निवेशक गोलमेज' का आयोजन किया.

इस अवसर पर, संभावित निवेशकों ने वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और सरकारी नोडल एजेंसी ग्रिडको के अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत बैठक की. इसमें पवन ऊर्जा की 575 मेगावाट क्षमता के लिए विभिन्न निवेशकों द्वारा 4,940 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव का आश्वासन दिया गया. शिखर सम्मेलन में देश भर के 25 प्रमुख निवेशकों ने भाग लिया. इस सम्मेलन ने पवन ऊर्जा उत्पादन और विनिर्माण क्षेत्र में प्रमुख इकाइयों को एक साथ लाने में एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया. मुख्य सचिव पीके जेना ने अपने संबोधन में ओडिशा में बिजली संयंत्रों और विनिर्माण केंद्रों की स्थापना के लिए पवन उद्योग को व्यापक समर्थन देने के राज्य के दृढ़ संकल्प पर जोर दिया.

जताई उम्मीद बोइंग इंडिया के अध्यक्ष सलिल गुप्त ने गिनाए कई कारण

दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहा भारतीय विमानन उद्योग

एजेंसी । नयी दिल्ली

एयरोस्पेस प्रमुख बोइंग इंडिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने शुक्रवार को कहा कि भारत में एयरलाइन क्षेत्र दुनिया की तुलना में तेजी से विकास कर रहा है, पिछले कुछ वर्षों में लगभग 6.97 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर हुई है. गुप्ते ने इस बात पर जोर दिया कि एयरलाइन उद्योग में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है, क्योंकि यह देश की मजबूत जीडीपी वृद्धि से संबंधित है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था दुनियाभर के प्रमुख देशों में सबसे मजबूत में से एक बन जाएगी. भारत का एयरलाइन क्षेत्र दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला एयरलाइन क्षेत्र है. पिछले कुछ वर्षों में इसमें लगभग 6.97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. यह उस स्तर पर बढ़ता रहेगा क्योंकि यह जीडीपी वृद्धि के साथ-साथ बढ़ता है. 'मेक इन इंडिया' एक पहल है जिसे निवेश को सुविधाजनक बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने, सर्वोत्तम श्रेणी के बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और भारत को विनिर्माण, डिजाइन और नवाचार का केंद्र बनाने के लिए 25 सितंबर 2014 को शुरू किया गया था. यह अद्वितीय 'वोकल फॉर लोकल' पहलों में से एक है जिसने भारत के विनिर्माण क्षेत्र को दुनिया भर में बढ़ावा दिया.

पूर्व पायलट की शिकायत की होगी जांच : इधर, सूत्रों के अनुसार, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और डीजीसीए एक पूर्व वरिष्ठ पायलट द्वारा एयर इंडिया के खिलाफ दायर की गई शिकायत पर गौर करेंगे, जिसमें आरोप लगाया गया है कि एयरलाइन ने आपातकालीन ऑक्सीजन आपूर्ति की आवश्यक प्रणाली के बिना अमेरिका के लिए बोइंग 777 विमानों का संचालन किया. पायलट, जिसने बी777 कमांडर के रूप में काम किया था, उसने 29 अक्तूबर को मंत्रालय और डीजीसीए को इस अभ्यास के बारे में शिकायत की थी. पायलट ने शिकायत में कहा कि एयर इंडिया पट्टे पर लिए गए बी777 विमानों के साथ उड़ानें संचालित कर रही है, जिसमें रासायनिक रूप से उत्पन्न ऑक्सीजन प्रणाली होती है जो लगभग 12 मिनट तक चलती है, और इसलिए इसका उपयोग सैन फ्रांसिस्को से आने-जाने वाली एयरलाइन की सीधी उड़ानों के लिए नहीं किया जाना चाहिए.

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि मंत्रालय और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) एयर इंडिया के खिलाफ शिकायत की जांच करेंगे. संबंधित मामला बहुआयामी है और इसकी जांच एयर इंडिया और बाहरी विशेषज्ञों द्वारा पहले ही की जा चुकी है. हम इस विशिष्ट मामले पर कोई भी टिप्पणी करने से बचेंगे लेकिन हम दोहराना चाहते हैं कि हमारे यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है.

त्योहारों पर कीमतों को नियंत्रित करने की कवायद

बफर स्टॉक से 1 लाख टन प्याज बेचेगी केंद्र सरकार

एजेंसी . नयी दिल्ली

त्योहारी सीजन में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने नवंबर में खुदरा बाजारों में अपने बफर स्टॉक से एक लाख टन प्याज जारी करने की घोषणा की है. इसी के तहत शुक्रवार को 100 से अधिक शहरों के लिए प्याज जारी करेगी. खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार ने कहा, सरकारी हस्तक्षेप के कारण कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, इंदौर, भोपाल, रायपुर, रांची, जयपुर और कोटा सहित कई शहरों में प्याज की कीमत कम हो गई है. दिल्ली व आसपास के इलाकों में प्याज 70 से 80 रुपये प्रति किलो बिक रहा है.

सभी राज्यों में प्याज बेचेगा एनसीसीएफ : भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ ने कहा, वह दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के अलावा जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल तक सभी राज्यों में 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती भाव पर प्याज बेचेगा. इसका मकसद उपभोक्ताओं को प्याज की ऊंची कीमतों से राहत दिलाना है. केंद्र सरकार की ओर से एनसीसीएफ ने 9 सितंबर से दिल्ली और उसके आसपास 100 विभिन्न स्थानों पर रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री शुरू की है. सहकारी संस्थान ने पिछले दो सप्ताह से श्रीनगर, जयपुर, वाराणसी और दिल्ली-एनसीआर में ऑनलाइन प्याज बेच रहा है.

"प्रसन्न रहना बहुत सरल है, लेकिन सरल होना बहुत कठिन है. तितली महीने नहीं क्षण गिनती है और उसके पास पर्याप्त समय होता है. चंद्रमा अपना प्रकाश संपूर्ण आकाश में फैलाता है, परंतु अपना कलंक अपने ही पास रखता है. –रवींद्रनाथ टैगोर"

कविते! मत भूल तू अमर अजर अपराजेय है

कविता कलम
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

विष्णु पुराण ने कहा है- गायन्ति देवा किल गीतकानि धन्यास्तु ते भारत भूमि भागः, स्वर्गावपवर्गास्पदमार्ग भूते भवन्ति भूयः पुरुषः सुरत्वात्. अर्थात देवगण यही निरंतर गान करते हैं कि जिन्होंने स्वर्ग और मोक्ष के मार्ग पर चलने के लिए भारत में जन्म लिया है, वे मनुष्य हम देवताओं की अपेक्षा अधिक धन्य तथा भाग्यशाली हैं. यह सच है कि हम भारतवर्ष की भूमि पर जन्म लेनेवाले मनुष्य भाग्यशाली हैं, क्योंकि भारतवर्ष का कविताओं से अगाध प्रेम है, गीतों से अटूट रिश्ता है.जन्म के समय सोहर, पर्व-त्योहारों के अवसर पर भजन, रामचरित मानस की चौपाइयां, हनुमान चालीसा, होली में फगुवा, रामनवमी में चैता, सावन में कजरी, विवाह जैसे संस्कार के अवसर पर तन-मन को झंकृत करनेवाले गीत, आम समय में मनोरंजन के लिए लोकगीत और फिल्मी गीत. यह कहने की आवश्यकता नहीं कि गीत कविता का ही एक रूप है. भारतवर्ष वह देश है, जहां मनीषियों ने कविता का माध्यम केवल साहित्य रचना के लिए ही नहीं अपनाया, अपितु ज्योतिष, गणित, खगोल, अर्थशास्त्र, नीति शास्त्र, राजनीति शास्त्र, विज्ञान और तकनीक जैसे विषयों को भी छंदों में लिख डाला है, वह भी काव्यशास्त्र के सभी नियमों का अक्षरशः पालने करते हुए. हिंदी साहित्य की महादेवी का दर्जा प्राप्त कवयित्री महादेवी वर्मा के शब्दों में कविता कवि विशेष की भाषाओं का चित्रण है. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार कविता मानव एकता की प्रतिष्ठा करने का एक साधन है और यही उसकी उपयोगिता है. महाकवि जयशंकर प्रसाद कहते थे कि कविता आत्मा की संकल्पनात्मक अनुभूति है. कविता प्रकट कैसे होती है? इस प्रश्न का उत्तर प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत ने इस प्रकार दिया है-वियोगी होगा पहला कवि, आह से उपजा होगा गान, निकल कर आंखों से चुपचाप, बही होगी कविता अनजान. अर्थात जबतक वेदना नहीं होगी, कविता की धारा फूट ही नहीं पाएगी. रांची के गुरु कवि **डॉ. वैद्यनाथ मिश्र** कविता को नदी के रूप में देख रहे हैं. ये मूलतः शिक्षक हैं और बच्चों के साथ ही बड़ों के बीच भी ज्ञान का दीप जला रहे हैं. ये साहित्यिक संस्था झारखण्ड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच के संयुक्त सचिव भी हैं. साहित्य समाज में इनकी अच्छी प्रतिष्ठा है. हिंदी और संस्कृत दोनों भाषाओं में धड़ल्ले से काव्य रचनाएं करते हैं. इसमें कोई संदेह नहीं कि इन्हें कविता से अगाध प्रेम है. ये मानते हैं कि कविता अजर-अमर होती है, युद्ध में इसे कोई पराजित नहीं कर सकता. कविता को संबोधित करते हुए कवि डॉ. मिश्र कहते हैं-

कविते! मत भूल तू अमर है
अजर है समर में अपराजेय है
अमीर गरीब हर पंथ पर तेरा गहरा असर है
तू बसी है घर-घर , प्रकृति के कण-कण की
तू ही प्रतिच्छाया हो , तू कसक हो, करुण क्रंदन भी हो
स्मिति और अट्टहास हो,
आनंद और विलास हो
तुममें वीरता की धीरता है
कलियों में छिपा कोश-गंध है
रंगविरंगे फूलों के छंद हैं
तू उच्छ्वास हो कवियों के चिन्तन का
तू आभास हो भक्तों के ईश्वर से मिलन का
तू तो केवल साधना और आराधना से होती हो प्रकट
हे कविते ! मत रूठना हमसे
यही प्रार्थना है तुमसे
जब सुख में मतवाला होऊं, दुःख में धैर्य प्रबल खोऊँ
आ बैठ जाना मेरे हृदय में
हे भारत ! तुम दिया जलाओ
हे भारत तू दिया जलाओ
अंतर्मन में छाई है गहन कालिमा
अंधभक्ति की, हठधर्मिता की, ईर्ष्या की, अराष्ट्रीयता की,
धर्मान्धता की, विकृत राजनीति की,
वैमनस्यता की, युवाओं में कुंठा की, और असीम धनलिप्सा की
दिलों में फैलाओ-
दिए की धवलिमा, मिट जाए कालिमा, आ जाए लालिमा
दृढ़ एकता की, पवित्र समता की
बन्धुता साधुता और विद्वता की
फिर एक बार बुद्धत्व को , जन्म दो बोधिसत्व को
करुणा के प्रभुत्व को विश्व में फैलाओ
हे भारत, तू दीया जलाओ

कविता होती ही ऐसी है, जो कभी आपको सपनों और कल्पनाओं की रंगीन दुनिया की सैर कराती है-आ चल कि तुझे मैं लेके चलूं एक ऐसे गगन के तले तो कभी कल्पना के आकाश से नीचे यथार्थ के कठोर धरातल पर पटक कर जीवन से जोड़ देती है. यानी जीवन के सत्य को समझने के लिए भी कविता की आश्रय आवश्यकता होती है. कविता बुद्धि को कम, विवेक को अधिक प्रज्वलित करती है और इसी उद्देश्य को लेकर यह मनुष्य को यथार्थ के धरातल पर लाती है. रांची की कवयित्री **सुनीता अग्रवाल** यह कविता कुछ ऐसा ही प्रयास करती महसूस हो रही है, जिसका शीर्षक है-ये गलियां, ये चौबारा.

ज़िंदगी में कैसा ये ताना-बाना है
कुछ समझ आता नहीं, बस उलझते ही जाना है..
कितना हम रमते किसी में नहीं रहता साथ कोई
ख़ुद से ही मन लगाना है..
आस न करना दामन में मिली ख़ुशियों के
ठहरने का रुकने का,
पता है अब इतना दामन छुड़ा कर
तनहा एक दिन हो जाना है..
जीवन की सांझ जब आती है तो ही ये
समझाती है कि
व्यर्थ ही दिल लगाते रहे..
फ़ुर्सत नहीं किसी को यहां सबका
अपना-अपना घर द्वार है
अपना-अपना सबका ठिकाना है..
देखते जब जब
ये गलियां ये चौबारा,
हर कोना लगता सूना..
तरसती आंखें, ढूंढती निगाहें, बरबस ही याद आता जब
अपना बचपन सलोना.

दोष चाहे जिसका भी हो, यह कड़वी सच्चाई है कि हमारा समाज कुछ दशकों से कविताओं से दूर होता जा रहा है. पढ़ने की प्रवृत्ति तेजी से घट रही है. इसका दुष्परिणाम हमारे सामने है. चारों ओर घृणा-द्वेष का वातावरण लहरा रहा है. पूरी मानवता पर संकट गहरा रहा है...और जो कुछ हो रहा है, उसे रांची की कवयित्री **रश्मि सिंह** की इस कविता को पढ़ कर महसूस किया जा सकता है. इनकी कविता का शीर्षक है- हम कहां जा रहे.

किस राह के मुसाफ़िर
हम कहां जा रहे ?
बुझाने हलक की ये कौन सी पिपासा
लहू एक दूजे का ऐसे बहा रहे?
किस पर और कैसा वर्चस्व,
जताने की होड़ में
ख़ुद को ख़ुद ही से गंवाए जा रहे
कसमें उसकी उठा कर,
ख़ुदा नाम जिसका वजूद पर उसके ही हर पल,
प्रश्नचिह्न लगा रहे.
है लाल ही तो दोनों के टपकते लहू का रंग,
आदम की संतानें सब ये कैसे भुला रहे?
अजब दीवानगी का पसरा है आलम,
जग जीतने की ज़िद ले जग को मिटा रहे.
हर ओर बस विनाश ही विनाश
बैठ लाशों के ढेर हम दुदुंभी बजा रहे.
किस ओर जाएगी राह
हम कहां जा रहे???

रश्मि जी का प्रश्न यथोचित है, लेकिन अगर समाज को सहृदयता, सौहार्द, सहानुभूति और सद्भाव की आवश्यकता है तो यह कविता के हाथ में ही है. अर्थात हमें कविता की शरण में जाना ही पड़ेगा. इन्हीं शब्दों के साथ अगले सप्ताह तक के लिए दीजिए आज्ञा. जय हिंद ! जय भारत !!

लोकजीवन में भाषा और उसकी मर्यादा

चौराहा
प्रमोद कुमार झा

भारतीय राजनीति में पिछले सौ सालों में चित्र-विचित्र परिवर्तन हुए हैं. सौ साल पहले एक बड़ी संख्या में लोगों के सामने एकमात्र बड़ी मांग थी स्वतंत्रता, आज़ादी ! फिर स्वतंत्रता मिलने के बाद तो बहुत बड़ी संख्या में लोग राजनीति में आए. आज़ादी की लड़ाई में शामिल हुए. विभिन्न व्यवसाय के शिक्षित लोग देश निर्माण के सपनों के साथ आए राजनीति में. बडी संख्या में सफल वकील, डॉक्टर, प्राध्यापक, स्कूल शिक्षक, व्यवसायी सभी आए राजनीति में. आज़ादी के बाद देश की राजनीति में पहले दौर के राजनीतिज्ञों में आचार- व्यवहार और शब्द में शालीनता हुआ करती थी. विभिन्न दलों के लोग अन्य दलों के नीतियों की आलोचना करते थे, व्यक्तिगत चरित्र हनन, आक्षेप या मर्यादाहीन शब्दों का प्रयोग घोर विरोधियों के लिए भी अमूमन नहीं किया जाता था. पहले लोक सभा में प्रायः किसी आपराधिक चरित्र के व्यक्ति का प्रवेश सदनों में नहीं हुआ. शुरू के दिनों के विधायकों को पैदल या साइकिल पर क्षेत्र में घूमते बहुत सारे लोगों ने देखा होगा. हरेक पांच साल बाद सदनों का स्वरूप बदलने लगा. बड़ी संख्या में लोग राजनीति को पेशा , व्यवसाय बनाकर आने लगे. उनकी सामाजिक छवि भी सम्मानजनक नहीं रहने लगी. आम जनता में उनके प्रति सम्मान से अधिक भय होने लगा. और अब तो स्थिति बदलते बदलते राजनीतिक आतंक के रूप में आ चुकी है. देश की राजनीति का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव राजनीतिज्ञों द्वारा उपयोग की जाने वाली भाषा और विरोधियों के प्रति आक्षेप, आरोप की भाषा और शब्द पर पड़ा है. हाल में देश के एक प्रमुख दल की नेता ने झारखंड निवासियों पर एक आपत्तिजनक टिप्पणी की. आश्चर्य की बात है कि झारखण्ड के किसी भी राजनीतिज्ञ ने इसकी भर्त्सना नहीं की, न किसी ने प्रतिवाद किया. इस तरह की टिप्पणियां अंग्रेजी हुकूमत के ₹औपनिवेशिक ₹ सोच की याद दिलाती है. हम झारखण्ड निवासी किसी भी टिप्पणी की तीव्र भर्त्सना करते हैं. राजनीतिज्ञों को न हो, पर आम नागरिक को अपने राज्य और अपने आत्मसम्मान की चिंता है और रहेगी. अगर देश की राजनीतिक भाषा की बात करें तो स्थिति चिंताजनक इसलिए है कि प्रत्येक दल के नेता चुनाव प्रचार में अपने दल की भावी योजनाओं की कम, दृष्टि की कम, लेकिन अन्य दलों की निंदा, उनके लिए अपशब्द और उनपर झूठे अश्लील आरोपों का प्रयोग अधिक करते हैं. चिंता की बात है कि आज से एक दो दशक के बाद ₹भारतीय राजनीतिज्ञ ₹ कैसी भाषा का प्रयोग करेंगे? क्या भारतीय राजनीति में अश्लील भाषा का ही साम्राज्य होगा? क्या आज़ादी के सौ साल के बीतते-बीतते हम पूरी अपसंस्कृति के संवाहक को ही अपने सदनों में चुन कर भेजेंगे? ये निर्णय आप और हम जैसे आम नागरिक को करना है कि हम अपने आगामी पीढ़ी को क्या 'असभ्य ' लोगों के हाथ सौंपकर जाएंगे. वैसे भी सम्पूर्ण भारतीय राजनीति की सत्ता मिलाजुला कर एक डेढ़ सौ परिवारों के हाथों में ही सिमटी है. देश और दुनिया के किसी पेशे में इतना भाई भतीजावाद नहीं है, जितना भारतीय राजनीति में है !

क्या आपने कभी सोचा कि इक्कीसवीं सदी में ऐसे व्यक्ति को भी हमलोग चुनकर सदनों में भेजते हैं न तो वह सभ्य है, न सम्मानित रूप से शिक्षित, न उसे कानून -व्यवस्था की जानकारी है , न सम्मान. उनके जीवन में अनैतिक कार्यों की लम्बी सूची है. वे शिक्षा और कानून मंत्री बनते हैं, तुग़लकी फरमान चलाते हैं ! वे देश के कानून से ऊपर हैं, पर उनकी एक जन्मजात खूबी है और वह है किसी पुराने राजनीतिक व्यक्ति का बेटा-बेटी, पोता-पोती, परपोता-परपोती होना ! क्या ऐसे माहौल में राजनीति में सभ्य भाषा की अपेक्षा की जा सकती है? ज़रा सोचियेगा !

एक शाम छत्तीसगढ़ के पंचधानी के नाम

यायावर की डायरी
डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय

25 अक्टूबर 2023 को एक साहित्यिक - सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक राजधानी बिलासपुर जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. मेरे परम मित्र डॉ. विनय कुमार पाठक, डॉ. गिरधारी लाल अग्रवाल और डॉ. अरुण कुमार यदु ने बातचीत के क्रम में बताया कि बिलासपुर को पंचधानी की संज्ञा प्राप्त है, क्योंकि यह पांच क्षेत्रों की राजधानी है. मेरी जिज्ञासा बढ़ी तो उन्होंने पंचधानी शब्द की सप्रसंग व्याख्या की. तब मैंने पंचधानी का प्रत्यक्ष भी अवलोकन किया और मुझे महसूस हुआ कि उनका द्वारा दिये गये तथ्य पूरी तरह सार्थक हैं.

ज्ञानधानी(शिक्षाधानी):-बिलासपुर शिक्षा का मुख्य केंद्र है और यहां अनेक कालेज तो हैं ही तीन विश्वविद्यालय भी हैं:-(क)गुरुघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय , बिलासपुर (ख) पं सुंदरलाल शर्मा खुला विश्वविद्यालय, बिलासपुर (ग)और पं अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर . इसलिए इसे ज्ञानधानी कहा जाता है. बिलासपुर में हिंदी साहित्य के अनेक साहित्यकार एवं कवि हैं उनमें डा विनय कुमार पाठक, महाकवि डा ब्रजेश सिंह, डा गिरधारी लाल अग्रवाल, न्यायमूर्ति चंद्रभूषण वाजपेयी और डा अरुण कुमार यदु आदि.

न्यायधानी:- लोकतंत्र के चार मुख्य स्तंभ हैं- व्यवस्थापिका, कार्यपालिका, न्यापालिका और पत्रकारिता.जिस प्रकार उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ है, लेकिन उच्च न्यायालय इलाहाबाद में है, उसी प्रकार यद्यपि कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर है, लेकिन उच्च न्यायालय बिलासपुर में है, इसलिए इसे न्यायधानी भी कहा जाता है.

ऊर्जाधानी:-बिलासपुर उर्जा का भी केंद्र है.यहां बिजली कभी नहीं गुल होती है. हमेशा बिजली के प्रकाश में यह शहर जगमग जगमग करता रहता है. ऊर्जा की प्रचुरता के कारण इसे उर्जाधानी कहा जाता है.

कोयलाधानी :- कोयला उर्जा का एक प्रमुख स्रोत है. छत्तीसगढ़ में कोयले की अनेक खाने हैं.डब्लूसीएल का मुख्यालय बिलासपुर में है. अतः इसे कोयलाधानी भी कहा जाता है.

रेलधानी:- आधुनिक काल में यातायात के अनेक साधनों में रेल एक महत्वपूर्ण साधन है. यह सुखद संयोग है कि बिलासपुर रेलवे का मुख्यालय भी है. अतः इसे रेलधानी की संज्ञा प्राप्त है.

साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रम बिलासपुर के होटल सेंट्रल प्वाइंट में आयोजित किया गया था. उसमें साहित्यिक विमर्श के साथ साथ तीन विद्वानों का अलंकरण भी था -धर्म भूषण डॉ. श्रीधर गोरहा, डॉ. संगीता मनीष बनाफर और आभा गुप्ता. डॉ. पीएस दयाल यति ने थावे विद्यापीठ के अतीत वर्तमान और भविष्य पर गहन प्रकाश डाला. मैंने कविता की ताकत पर प्रकाश डाला और कहा कि कविता में वह शक्ति छिपी हुई है जो तोप तलवार और बम के गोलों में नहीं जाती. कवियों ने अपनी कविताओं से उपस्थित श्रोताओं के मन मोह लिए. बिलासपुर की यह शाम पंचधानी के नाम मेरे लिए परम आह्लादकारी और सुखद रहा.प्रभु से मेरी प्रार्थना है कि:-

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया.
सर्वे भद्राणि पश्यंतु मां कश्चित दुःख भाग्भवेत्.

गोरे गधे का सफेद झूठ

नश्तर
सुधीर राघव

जंगल लुट रहा था. बर्बाद हो रहा था. मगर गधा गा रहा था, जंगल की ग्रोथ हो रही है. कैलोबेलो कंपनी के सभी चैनल चिल्ला रहे थे, जंगल ग्रोथ कर रहा है. सफेद गधा सफेद झूठ बोलने में माहिर था. उसने एक और सफेद झूठ गढ़ा. गधे ने भाषण दिया कि जानवर जंगल की ग्रोथ इसलिए नहीं देख पा रहे हैं, क्योंकि उन्हें गलत इतिहास पढ़ाया गया है. हम उसे बदलेंगे और एंटायर हिस्ट्री पढ़ाएंगे. गधे ने जंगल के शिक्षा विभाग की बैठक बुलाई और आदेश दिया कि इतिहास को दुरुस्त किया जाए और जानवरों को क्लासिक इतिहास ही पढ़ाया जाए. शिक्षा विभाग प्रमुख कौवे ने कहा, साहब ! जंगल के इतिहास के बारे में किसी को पता नहीं है और न ही जानवरों को इतिहास पढ़ाया जाता है. गधे ने सयाने कौवे को डांटा, लेकिन मेरे व्हाट्सएप पर तो सेठ दुलीचंद सुनामी जी का मैसेज आया था कि मुगल जीत गए, यह गलत इतिहास है. इसे बदलो. कौवा बोला, लेकिन यह तो इंसानों का इतिहास है और इसे उन्हीं के बच्चे पढ़ते है. इस पर गधा भड़क गया. उसने कौवे को डांटा, जब सेठ ने कह दिया तो जानवरों के बच्चे भी इतिहास पढ़ेंगे और क्लासिकल इतिहास पढ़ेंगे. हमारे इतिहास में मुगल नहीं जीतेंगे. हम जानवरों को बताएंगे कि पानीपत की जंग बाबर की इब्राहिम से नहीं ईशान किशन लोधी से हुई थी. इसमें बाबर बुरी तरह से हार गया था. ईशान किशन लोधी बहुत दयालु था, उसने बाबर को माफ करते हुए कहा, तुम इतनी दूर से चलकर आए हो. अब तुम्हीं राज करो. बाबर को राजपाट सौंपकर लोधी खुद तपस्या करने जंगल चला गया. वह आज भी जीवित है. इसी तरह पानीपत के दूसरे युद्ध में हेमू... कौवे ने गधे को बीच में ही टोका, साहब ! मैं समझ गया. आप देखिए अब सबको जिताएगा आप का ये कौवा. इस तरह जंगल में जानवरों को पढ़ाने के लिए क्लासिकल इतिहास तैयार हो रहा था.

कैनवास पर दिखी स्कूली बच्चों की मासूमियत

कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार



बच्चों के पास शब्दों की भाषा कम होती है, किंतु उनके पास दूसरी ऐसी भाषा होती है, ताकि वह अपने मन में भरी कहानियों और अनुभवों को दूसरों को बता सके. बच्चों के ये अनुभव या उसकी ये कहानियां शब्दों से नहीं, बल्कि आकारों से भरी होती हैं. कलाकार अपनी कला के जरिये अपने अंदर के अनुभव, विचार आदि को प्रकट करता है. जिस अनुभव या विचार को वह सोचता है कि दूसरों को भी देना चाहिए, वह अपनी कला के जरिये देने का प्रयत्न करता है. कुछ अनुभव ऐसे भी होते हैं, जो स्वयं प्रकट हो जाते हैं. केवल कलाकार के ही अनुभव या विचार प्रकटन नहीं पाते, बल्कि हर व्यक्ति अपने भीतरी व्यक्तित्व को किसी न किसी रूप में बाहर प्रकट करता है. बच्चे के लिए यह भी स्वाभाविक है कि जो कुछ उसे अनुभव हो, वह दूसरों को बताये. कम उम्र में बच्चों की शब्दों की भाषा अविकसित रहती है. इसलिए कला ही उसके आत्म प्रकटन का एक मुख्य साधन हो जाता है. बच्चों द्वारा बनाये चित्रों में उसके भीतरी विकास का दर्शन होता है और उसके स्वगुण का हमें पता चल जाता है. जिन बच्चों की कला अंतर्मुखी थी, यानी उनके अंदर ही वास करती थी, लेकिन 3 से 5 नवम्बर तक आड्रे हाउस में आयोजित कला प्रदर्शनी में उनके हुनर को देखने का अवसर मिला. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा राज्य के सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों द्वारा तैयार सामग्री की प्रदर्शनी लगायी गई है. इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया. प्रदर्शनी में झारखंड के सभी जिलों के 235 स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा बनायी गई सैकड़ों कलाकृतियों को करीब 10 से अधिक श्रेणियों में रखा गया है.

स्कूली बच्चों के लिए पहली बार आयोजित इस प्रदर्शनी में रखी पेंटिंग का मूल्य सौ रुपये से लेकर दस हजार तक रखी गई है. कुछ बच्चों द्वारा टेराकोटा के कार्य, बांस व लकड़ी की आकर्षक कलाकृति भी तैयार की जा रही है. बच्चों ने अपनी पेंटिंग के माध्यम झारखंड की कला का बखूबी प्रदर्शन किया है. अर्निंग फॉर लर्निंग के उद्देश्य से आयोजित

इस प्रदर्शनी में लगी कलाकृतियों की बिक्री से मिलने वाली राशि में से 80 प्रतिशत राशि संबंधित कलाकार को मिलेगा. इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों की प्रतिभा को उभारना है. इस कला प्रदर्शनी में बच्चों की कलाकृतियों को देखकर कला प्रेमी काफी खुश हुए और उनकी कलाकृतियों की खूब चर्चा हुई, लेकिन जिस कला पर लोगों का ध्यान बार-बार जा रहा था, वह थी हजारीबाग के प्रीत राज की अदभुत कलाकारी. हजारीबग के संत कोलम्बस कॉलेज के छात्र प्रीत राज जब एक साथ बीस पोट्रेट बना रहे थे तो कला प्रेमी उसे देखकर अचंभित हो जाते थे. संत मेरी गर्ल्स हाई स्कूल देवघर की छात्रा ममता ने मूर्तिकला के माध्यम से नारी सशक्तीकरण को प्रदर्शित किया. सपना मार्डी की जादोपटिया पेंटिंग, सरायकेला की खुशबू प्रधान की गोल्डन फोयल पर मधुबनी पेंटिंग, के प्रियांशु चन्द्र पोधार की हेमंत सोरेन का और गोला के ही गोकुल दास की कल्पना सोरेन की चारकोल से बनी कलाकृति, पाकुड़ के मनीषा हांसदा की मंडला आर्ट, लोहरदगा की करी खातून की क्ले आर्ट, खरसावा की मनीषा माली की बैम्बू आर्ट, चैताली धल की वुड आर्ट की खूब सराहना हुई.

आखर



हिंदी-मैथिली के जनकवि नागार्जुन का मूल नाम वैद्यनाथ मिश्र था. हिंदी में नागार्जुन और मैथिली में यात्री नाम से लिखा. बाबा नागार्जुन की आज बरसी है. इस मौके पर प्रसिद्ध कथाकार पंकज मित्र उनकी रचनाओं, सृजन प्रसंगों व प्रभाव का जिक्र कर रहे, वहीं उनसे पितृवत सुख प्राप्त करने वाली पद्मश्री वरिष्ठ साहित्यकार उषाकिरण खां बता रही हैं घुमक्कड़ व फक्कड़ कवि की कविताओं में प्रेम रस घोलने वाली अपराजिता की कहानी...

जनकवि हूं क्यों हकलाऊं

पंकज मित्र

नुक्कड़ नाटकों के दिन थे और हम जवान. धरती को धकेलते हुए चलते थे. हर नौजवान की तरह एक बेहतर दुनिया का स्वप्न हमें भी परेशान करता था. ऐसे ही समय में बाबा नागार्जुन की कविताएं अपनी पूरी ऊर्जा के साथ हमारे जीवन में उतर रही थीं. उनकी "पांच पूत भारत माता के" कविता का सस्वर नाटकीय पाठ जैसे हमारे रग रेशों को हिला देता और "बाकी बच गया अंडा" तक आते -आते जैसे आसपास खड़े दर्शकों से सीधे जुड़ जाते. यह बाबा की कविताओं की ही ताकत थी कि पूरी टीम बाबा की कविताएं खोजकर पढ़ती. चाहे "किसकी है जनवरी किसका अगस्त है" कविता हो या "कोयलिया कूक" सबमें एक नाटक की टीम के लिए कुछ न कुछ होता. हमें ताज्जुब होता कि आखिर ये वरिष्ठ कनिष्ठ सबके बाबा कैसे हैं. गांवों का किसान, शहरों का मजदूर, कॉलेज के विद्यार्थी, शहर के साहित्यकार सब उनकी कविताएं कैसे सुनकर -पढ़कर आनंदित होते हैं. बड़े नाटककार ब्रेख्त की इन पंक्तियों ने इस रहस्य को खोला- लोकप्रिय वह है जो व्यापक जनता के लिए बोधगम्य हो, जो जन के अभिव्यक्ति रूपों को अपनाए और उन्हें समृद्ध बनाए. भक्त कवियों की अपार लोकप्रियता का रास्ता उनकी सहजता से ही निकलता है और बाबा के पास भी जटिल बातों को सहजता से कविता में व्यक्त करने का हुनर है. सरलता की साधना बहुत कठिन साधना है, इसके लिए साधारण जन की संवेदना से गहरे एकात्म होना पड़ता है. किताबी भाषा का नहीं, जीवन की भाषा का कवि होना पड़ता है. आमफहम भाषा, संवाद करती कविताएं, कहन का अंदाज़ पाठक या श्रोता को जैसे हाथ पकड़ कर कविताओं के मर्म तक ले जाता है. बड़े कवियों की कविता की खासियत होती है कि उनमें हर वर्ग के पाठको के लिए अलग अर्थछवियां होती हैं. "अकाल और उसके बाद" कविता को ही देखें तो यह एक तरफ बाल कविता लगती है लेकिन गहरे उतरें तो उस मानव निर्मित अकाल के दारूण चित्र दिखाई देते हैं-

कई दिनों तक चूल्हा रोया चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उसके पास....

लोकप्रियता की वजह से वे अपने समकालीन कवियों से काफी आगे निकल जाते हैं. बोधगम्य होने के अलावा बाबा की कविताओं में कौन सी बात है जो उनको विशिष्ट बनाती है- उनकी कविता धरती की कविता है जिनकी जड़ें कबीर की काव्य परंपरा में गहरे धंसी हैं. भाषा को बरतने का जो हुनर और भाषाओं के वैविध्य की जो छटा यहां मिलती है वह देखने लायक है- मैथिली हिन्दी संस्कृत से लेकर पालि प्राकृत बांग्ला सिंहली तिब्बती सब... मैथिली कविता संग्रह पत्रहीन नग्न गाछ पर ही उनको अकादमी पुरस्कार मिलता है जैसा कई बार हुआ है कि अकादमी ने अति महत्वपूर्ण रचनाओं को नकार कर पुरस्कार दिए हैं. खैर, कबीर तुलसी की तरह किताबों से निकल कर कंठों में बस जाती हैं बाबा की कविताएं. व्यंग्य विदग्धता का स्वर इतना मुखर है कि कविताएं सीधे चोट करती हैं. तभी नामवर सिंह कहते हैं कि यह निर्विवाद हैं कि कबीर के बाद हिन्दी कविता में नागार्जुन से बड़ा व्यंग्यकार अभी तक कोई नहीं हुआ. वैद्यनाथ मिश्र के रूप मधुबनी के तरौनी ग्राम में पैदा हुए बाबा मूर्तिभंजन के साकार रूप हैं. यात्राओं ने यात्री नाम दिया और बौद्ध धर्म के विचारों के प्रभाव ने नागार्जुन बना दिया. अपने गांव की माटी और अपनी परंपरा का सम्मान करते हुए भी वह हमेशा नये रास्ते पर चलते हैं चाहे कविताओं का कथ्य हो या शिल्प. विषय वैविध्य को देखिए - बादल को घिरते देखा है का मिज़ाज अलग है जबकि मंत्र कविता परंपरा पर गहरा कटाक्ष करती है. आओ रानी हम ढोयेंगे पालकी, इंदु जी इंदु जी क्या हुआ आपको और शासन की बंदूक विशुद्ध राजनीतिक कविताएं हैं. आपातकाल के विरुद्ध लिखी कविताओं के कारण उन्हें जेल तक जाना पड़ा था. यह बात और है कि बाद में जयप्रकाश नारायण पर टिप्पणी के कारण उनकी आलोचना हुई. गहरे उतरकर देखेंगे तो संभवतः जयप्रकाश के इर्द गिर्द जमा हो रही सांप्रदायिक शक्तियों के कारण वह आशंकाओं से घिर गए थे. बाद में यह आशंका सच भी साबित हुई जब जयप्रकाश के शिष्यों ने सांप्रदायिकता का रास्ता अपनाया. दरअसल बाबा अंतरतम से प्रतिरोध के कवि हैं. किसी वैचारिक चौखटे में बंधकर रहना उन्हें मंजूर नहीं था. निर्द्वन्द्व और मुक्त मनुष्य के स्वर को रूपायित करने वाली कविताओं की वजह से वामपंथी मित्रों का भी कोप झेलना पड़ा. सिर्फ कविताएं नहीं उनके उपन्यासों पर भी नज़र डालें तो बलचनमा, वरूण के बेटे एक नया प्रस्थान प्रस्तावित करती हैं जिसपर बाद में पूरी सबाल्टर्न बहस खड़ी होती है. हमारे समय के फक्कड़ अलमस्त कबीर हैं बाबा नागार्जुन जिनकी कविताएं कभी भी अपनी समसामयिकता नहीं खोती. सही मायने में जनकवि किसी को कहा जा सकता है तो वे नागार्जुन हैं जो घोषणा करते हैं –

जनता मुझसे पूछ रही है
क्या बतलाऊं,
जनकवि हूं मैं
साफ कहूंगा
क्यों हकलाऊं!

"हिंदी के महान कवि तुलसीदास के बाद नागार्जुन ही ऐसे कवि हुए जिनकी रचनाएं गांव की चौपाल से लेकर बौद्धिक वर्ग की चर्चा का केंद्र बनी.
- नामवर सिंह"

अपराजिता ने भरे फक्कड़ कवि में प्रेम के कोमल भाव

उषाकिरण खां

कौन है जो बाबा नागार्जुन को नहीं जानता? लेकिन कितने लोग उनकी पत्नी के बारे में जानते हैं? जो व्यक्ति दिन रात घुमक्कड़ी करता रहा, फक्कड़ जीवन गुजारता रहा है परिवार और पत्नी से दूर साहित्यिक यात्राएं देश में करता रहा, उसके जीवन साथी ने कितना त्याग और संघर्ष किया होगा इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता. चर्चा केवल नागार्जुन की होती रही. उनके क्रांतिकारी छवि का गुणगान होता रहा पर अपराजिता की किसी ने सुध नहीं ली. क्या आपने सोचा है अपराजिता जी ने कैसे उनके साथ निबाहा होगा? कैसे परिवार की जिम्मेदारी निभाई होगी?

नागार्जुन जैसे जीनियस फक्कड़ कवि की पत्नी होना तथा प्रेम पूर्वक निर्वाह करना सहज नहीं था. सो अक्षर ज्ञान से रहित अपराजिता स्वयं विशिष्ट थीं इसीलिए कवि संग सुखपूर्वक निर्वाह हुआ.

नागार्जुन दरभंगा जिला के पंडितों के प्रसिद्ध गांव तरौनी के वासी थे. उच्चकुलीन ब्राह्मण थे. उनका विवाह बाल्यकाल में ही मधुबनी के हरिपुर बख्शी टोले की अपराजिता से हुआ. नागार्जुन की माता का देहांत हो गया था, पिता घूम-घूमकर पूजा-पाठ कराते थे. पुत्र साथ रहते.

नागार्जुन को पढ़ने को तत्कालीन प्रसिद्ध शिक्षा केंद्र नवानी (मधुबनी) भेजा गया. वहां से उन्होंने प्रथमा पास किया, इलाके में टॉप किया. पर पिता उन्हें पंडिताई में लगाना चाहते थे. तरौनी में उनके हिस्से की जो भी जमीन थी वह बेचकर खा रहे थे. अपराजिता सम्पन्न किसान की बेटी थीं. नागार्जुन सतत ऊर्ध्वगामी लहर थे, किसी के बांधे न बंधते. वह दरभंगा होते हुए काशी पहुंचे. वहां से कई तरह के काम करते-करते वे अनेक लोगों के सम्पर्क में आए.

'मैं नहीं पोछूंगी सिंदूर, न उतारूंगी चूड़ियां'

नागार्जुन श्रीलंका चले गए. बौद्ध हो गए. राहुल सांकृत्यायन के साथ तिब्बत गए. किसान आंदोलन में सक्रिय हुए. बहुत कुछ किया पर पलटकर गांव की ओर न आए. उनके अस्तित्व का नहीं पता था किसी को. चौदह साल बीत गए. घटश्राद्ध की चर्चा होने लगी. अपराजिता तन कर खडी हो गईं. मैं न पोछूंगी अपना सिंदूर, अपनी चूडियां, न उतारुंगी. जबतक मैं उसे मृत न देखूंगी न मानूंगी.

अपराजिता के विश्वास का बल था कि नागार्जुन सहज जीवन में लौट आए. परिवार बसाया. एक सम्पन्न किसान की बेटी विपन्न पंडित के घर साग पात सब्जी भाजी उगाती, संतान पालती रहीं. नागार्जुन कविता उपन्यास लिखते क्रांति करते रहे. अपराजिता देवी जब पटना इलाहाबाद या लहेरिया सराय में रहतीं उनका अपना आभा मंडल होता. नागार्जुन अपने स्नेहवश बनाए बेटों-दामादों को कुछ भी कह सकते थे पर अपराजिता देवी के लिए सभी अवधनरेश होते. अपराजिता देवी कुशल गृहिणी थीं. स्वादिष्ट मैथिली भोजन बनातीं.

कई बार पटना में मुझसे कहते कि आज तुम काकी की तरह की रेहू मछली बनाओ. मैंने वह सब उनसे ही सीखा था. रक्तसंबंध में मैं उनकी कोई नहीं लगती पर उन्होंने सदा मुझे तथा प्रेमलता को मां का प्यार दिया.

एक विशेष बात कि अपराजिता देवी नागार्जुन के नायक-नायिकाओं को बखूबी पहचानती थीं. बल्कि मैं तो कहना चाहूंगी कि बाबा की रचनाओं के कथानक की पक्की स्रोत भी वही थीं.

आखिरी बार मेरी मुलाकात लहेरिया सराय में हुई, नागार्जुन अशक्त हो चले थे. कष्ट बढ गया था. अपराजिता ने कहा पहले मैं रुखसत होऊंगी. वैसा ही हुआ. अपने मंझले बेटे के यहां वह पटना आईं और यहीं उनका निधन हो गया. 19-2-1997 का दिन मैं भूल नहीं सकती.

कुछ कट्ठे जमीन को, वहां बने खपरैल मकान को, आंगन में पनपे नीम को, साझा तालाब को धुरी बनाकर घर बनाकर रखने वाली अपराजिता देवी न होतीं तो नागार्जुन अलहदा इंसान होते. मात्र राजनीति व्यंग्य और संत्रास के कवि होते. प्रेम के अकुंठ भाव के नहीं होते. वह तो अपराजिता का अटल विश्वास था जिसने वियोगी कवि को जन्म दिया. जिसने सधे हाथों से उनकी आखिरी बार मांग भरी, और अज की भांति रोया था. कालिदास सच-सच बतलाना कविता के अज वही थे.

कविता/गज़ल

हरिवंश प्रभात

गजल

हरेक बात सियासी कुबूल मत करना,
चांद को रोटी समझने की भूल मत करना.
है शॉर्टकट का जमाना, तू शॉर्टकट ही चल,
किसी सवाल का हरगिज़ भी तूल मत करना.
भलाई कर तू गरीबों का तो भला होगा,
कभी भी नेकी का, बदला वसूल मत करना.
बहार आएगी इक दिन, तुम्हारे गुलशन में,
उदास होके कभी मन बबूल मत करना.
नगर में गांव से जाकर, बदल न जाना तुम,
उम्मीद अपने बुजुर्गों की धूल मत करना,
प्रभात अपने दुखों को जगह दे जीवन में,
खुशी की राह ही चलने की भूल मत करना.

शालिनी 'सहबा'

गजल

कभी मुश्किल में ये मन बावरा हंसता भी रहता है
वहीं रंगीन महफ़िल में ये अफ़सुर्दा भी रहता है.
अगर दिल का न हो रिश्ता शिकायत भी नहीं रहती,
किसी से गर मुहब्बत हो तो फिर शिकवा भी रहता है.
कमी होती है कुछ सब में कहां कोई मुकम्मल है
हर इक दिन चांद पूरा ही नहीं आधा भी रहता है.
मेरी यादों की ये गठरी कभी जब खोलता है मन
उभरता बारहा धुंधला सा इक चेहरा भी रहता है.
हुआ होगा भरम तुमको कि बादल पर हैं दो प्रेमी
कभी जो देखती है आँख वो धोखा भी रहता है.
नज़र आता है सहरा में सभी को रेत का मंज़र
मगर अंदर छिपा अक्सर कोई दरिया भी रहता है.
मुसाफ़िर के सफ़रनामे को पढ़ना सोचकर रसस्बा र
हकीकत की बयानी में मिला क़िस्सा भी रहता है.

अनिल किशोर सहाय

अपना पराया घर

कितना आसान है कहना
कि जब जायेगी अपने घर
तब तो करेगी ही सारा काम
अभी जरा आलस करती है.
कितना दुखदायी है यह जानना
कि वह दूसरे का घर
होगा उसका अपना घर
और उसका यह घर
हो जायेगा पराया, दूसरा.
किसने बनाई है यह विभाजक रेखा
कब से बनी है यह?
शायद जानता हो ईश्वर!
नहीं जानता कोई पिता
पर कैसे जान जाता है सारा संसार?

विनोद राज विद्रोही

चिरैंया

एक दिन
नन्हीं चिरैया ने कहा बाज से
तुम अपनी आंखें मुझे दे दो
मैं देख नहीं पाती अपने शिकार को
बाज ने दे दिया अपनी आंखें
दूसरे दिन
नन्हीं चिरैया ने कहा बाज से
तुम अपने पैर मुझे दे दो
मैं पकड़ नहीं पाती अपने शिकार को
तीसरे दिन
नन्हीं चिरैया ने कहा बाज से
तुम अपने पंख मुझे दे दो
मैं ऊंची उड़कर
नहीं पकड़ पाती अपने शिकार को
चौथे दिन
नन्हीं चिरैया ने सब लौटा दिया बाज को
आंखें, पैर, पंख
कहा उससे
मैं ऐसे ही ठीक हूं
नहीं चाहिए तुम्हारा ये सब
मेरा भ्रम टूट गया है
मेरी छोटी दुनिया ही
खूबसूरत है बहुत
तुम्हें तुम्हारी संसद मुबारक
कि आंखें, पैर, पंख के बावजूद
तुम्हारी तरह
धूर्तता नहीं ला पाती हूं ...

sa- व्यंग्य जो घाव गंभीर करे

डॉ कृष्ण कलाधर

झारखंड के रंगकर्मी, फोटोग्राफर, कवि और व्यंग्यकार राकेश रमण की 452 पृष्ठों में संकलित 168 व्यंग्य रचनाएं पुस्तकाकार में घाव करे गंभीर के नाम से सद्यः प्रकाशित हैं. घाव करने का जिम्मा व्यंग्य को दिया गया है जिसे व्यंग्य वाण भी कहा जाता है. लक्ष्य है समाज और समय की वे विसंगतियां जिन से हम त्रस्त तो हैं परन्तु पस्त होकर यथावत् स्वीकार कर लेते हैं. लेखक के शब्दों में -मेरा मानना है कि असंगत स्थितियां ही व्यंग्य के लिए कच्ची सामग्री बन जाती हैं.

घाव करे गंभीर की भाषा वैसी ही है जिसे लैट्रिन साहित्य में होराटियन व्यंग्य कहा गया है. अर्थात् सुसंस्कृत बुद्धि के प्रयोग से उत्पन्न व्यंग्य जो कम चिढ़ाती है, कम तीखी है और अधिक चतुर, सौम्य, उपहास तथा बुद्धिमानी वाले मजाक का उपयोग करती है. यह आक्रामक जुवेनाइलियन व्यंग्य की भाषा नहीं है, जो कैरीकेचर का उपयोग कर विडम्बना को अधिक हास्यास्पद रूप में प्रस्तुत करती हैं, जिनमें सनकी विद्वान, कट्टरपंथी सदाचारी और अंध उत्साही पात्रों के तद्जनित क्रियाकलापों से व्यंग्य की सृष्टि की जाती है. राकेश रमण की शैली विश्लेषण प्रधान है. इन्होंने व्यंग्य के लिए कथा का तो नहीं किंतु हल्के फुल्के कथोपकथनों का सहारा अवश्य लिया है. स्वयं रंगकर्मी जो ठहरे. इनकी रचनाएं टिप्पणियों का सहारा लेकर अपना विकास करती हैं, जिन से किसी स्थिति तथा उसके प्रभाव के सूत्र निकल आते हैं, जो बातचीत के दौरान बड़े सहज प्रतीत होते हैं. लेखक का व्यंग्य इन्हीं के आसपास हठात् किसी टिप्पणी या विश्लेषण के रूप में व्यक्त होता है. 'किस हमाम में हैं हम' में लिखते हैं- "नंगे घूमने वालों और नंगेपन का मजा लेने वालों ने इस कदर कहर बरपा किया है कि आप चाहें या न चाहें, आपको नंगा होना ही पड़ेगा."

'चाऊमीन और चुनाव' शीर्षक रचना में ग्लोबल की विडंबना को इस तरह व्यक्त करते हैं- " तो हाथ में मोबाइल और नाश्ते में सहजता से सुलभ चाऊमीन को देखकर आप बिना बिजली और अच्छी सड़क के भी हमारे गांव को ग्लोबल कह सकते हैं."

'गरियाना तो अच्छी बात है' में नग्नता के प्रति विद्रूप दृष्टिकोण पर उनकी व्यंग्यात्मक टिप्पणी है - " स्लीवलेस से लेकर टॉपलेस तक तो पहुंच ही गई है बेचारी अब और क्या लेस करती! " गली के मनोविज्ञान (काथार्सिस) पर उनका कहना है - रलोगों का गुस्सा गारी और लप्पड़ थप्पड़ पर निकल जाता है और उसके नतीजे में कई हत्याएं होने से रह जाती हैं."

खरगोश और कछुए की पुरानी कहानी के माध्यम से "नई पुरानी वही कहानी" शीर्षक में लेखक ने बताया है कि यह कछुआपन ही हमारे विकास का बाधक है. लेखक के शब्दों में- "यकीन मानिए अगर यह कहानी नहीं होती तो हमारे देश के लोगों में इतना भयंकर कछुआपन नहीं समाया होता. कई पंचवर्षीय योजनाएं भी 5 वर्षों में पूरी नहीं हो पाईं." इस कच्छप गति के उदाहरण देते हुए कहते हैं कि न्याय व्यवस्था 20 वर्षों के बाद विचाराधीन कैदी को निर्दोष पाकर रिहा करती है. इसी कथा के अन्य रूप की कल्पना करते हुए बताते हैं कि विजित होने वाला कछुआ भी खरगोश को सोता देख कुछ आगे बढ़कर सो जाता है. राकेश रमण ने इस अवांतर रूप के माध्यम से भी अपने कथ्य के व्यंग्य को नई धार दी है.

'नाम बदलने के फायदे' में वह विरोध के लिए विरोध करने की एक जीवंत परंपरा का उल्लेख करते हुए डाकू, डॉन, रंगदार, आतंकवादी, क्रांतिकारी जैसे शब्द जाल और उनके आगरा की पहचान का काम करते हैं. जब एक नाम प्रभाहीन हो जाए तो दूसरे नाम से वही चमक पानी की चेष्टा की जाती है.

"यथास्थिति बनाए रखिए" में लेखक ने आम जन तथा व्यवस्था से लाभांश पाने वालों की रग को छेड़ा है.

"किसने रोका है" में व्यंग्यकार की दृष्टि परिवर्तनकामी लोगों पर पड़ी है. व्यंग्य वाण का अचूक प्रहार करते रमण "दुनिया वालों झारखंड से सीखो" में लिखते हैं - "अगर आप राजनीति कर रहे हैं और अच्छी कमाई नहीं कर रहे तो आप अच्छी राजनीति नहीं कर रहे."

कहना न होगा "घाव करे गंभीर" के व्यंग्य कितने समीचीन हैं. लेखक व्यंग्य विधा के शिल्प के प्रति सजग हैं. शब्दों व विशेषणों के विशिष्ट संयोजन से भाषाई तेवर की सृष्टि हुई है. कुछ स्थलों पर आत्म व्यंग्य का भी खूबसूरत प्रदर्शन किया है. टिप्पणियां चुभने वाली और लक्ष्य पर सटीक प्रहार करने वाली हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

विश्व कप : पाकिस्तान ने डकवर्थ लुईस नियम से न्यूजीलैंड को 21 रन से हराया

पाक की सेमीफाइनल की उम्मीद बरकरार

126
रन बनाए फखर जमां ने

- पाकिस्तान के अब आठ मैचों में आठ अंक हो गये हैं जो न्यूजीलैंड के बराबर हैं

भाषा । बेंगलुरु

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज फखर जमां (नाबाद 126 रन) के तूफानी शतक की बदौलत शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित विश्व कप मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति (डीएलएस) से 21 रन से हराकर अपनी सेमीफाइनल उम्मीद कायम रखी. न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद रचिन रविंद्र (108 रन) के शतक और कप्तान केन विलियमसन (95 रन) के अर्धशतक से छह विकेट पर 401 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को बार बार हुई बारिश के कारण 41 ओवर में 342 रन का संशोधित लक्ष्य मिला लेकिन फिर बारिश आ गयी. तब तक पाकिस्तान ने 25.3 ओवर में एक विकेट गंवाकर 200 रन बना लिये थे. उसके लिए तब जमां 126 रन (81 गेंद, 11 छक्के, आठ चौके) और कप्तान बाबर आजम नाबाद 66 रन (63 गेंद, छह चौके, दो छक्के) बनाकर खेल रहे थे. पाकिस्तान डीएलएस स्कोर के हिसाब से 21 रन से आगे चल रहा था जिससे उसने दो जरूरी अंक हासिल किये. 25.3 ओवर में न्यूजीलैंड ने 179 रन बनाये थे.

बाबर और फखर ने की शानदार बल्लेबाजी : पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक (04) का विकेट सस्ते में गंवा दिया लेकिन इसके बाद जमां और बाबर ने कोई झटका नहीं लगने दिया और शानदार बल्लेबाजी की. जमां ने ट्रेंट बोल्ट के तीसरे ओवर में दो चौके और एक छक्का जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिये थे जिसके बाद बाबर भी इसी लय में बल्लेबाजी करने लगे. जब पहली बार बारिश आयी तब भी पाकिस्तानी टीम 21.3 ओवर में एक विकेट पर 160 रन बनाकर डीएलएस स्कोर से 10 रन से आगे थी.

108
रन बनाए रचिन रविंद्र ने

95
रन बनाए विलियसन ने

न्यूजीलैंज के रचिन रविंद्र व विलियमसन ने 180 रनों की साझेदारी की

पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों का प्रदर्शन दमदार नहीं रहा और वे ज्यादा 'वैरिएशन' नहीं कर सके जिससे रविंद्र और विलियमसन ने न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद दूसरे विकेट के लिए 180 रन की साझेदारी से बड़े स्कोर की मजबूत नींव रखी. रविंद्र ने 94 गेंद में 15 चौके और एक छक्के से टूर्नामेंट में अपना तीसरा शतक जड़ा जबकि विलियमसन ने 79 गेंद में 10 चौके और दो छक्के जड़े.

टूर्नामेंट में दूसरी बार 400 से अधिक रन बने

यह इस टूर्नामेंट में दूसरी बार है जब स्कोर 400 रन के पार पहुंचा. नयी दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट पर 428 रन बनाकर 2015 में ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ दिया था.

स्कोरबोर्ड

न्यूजीलैंड	रन	बॉल	4	6
हसन अली	35	39	6	0
रचिन रवींद्र कै शकील बो वसीम जूनियर	108	94	15	1
विलियमसन कै फखर बो इफ्तिखार	95	79	10	2
मिचेल बो हारिस रऊफ	29	18	4	1.
चैपमैन बो वसीम जूनियर	39	27	7	0
फिलिप्स बो वसीम जूनियर	41	25	4	2
सैंटनर नॉटआउट	26	17	0	2
लैथम नॉटआउट	2	2	0	0

कॉनवे कै रिजवान बो

अतिरिक्त : 26, कुल : 401/6 , 50 ओवर, विकेट पतन : 68-1, 248-2, 261-3, 318-4, 345-5, 388-6, गेंदबाजी : शाहीन अफरीदी : 10-0-90-0, हसन अली : 10-0-82-1, इफ्तिखार अहमद : 8-0-55-1, हारिस रऊफ : 10-0-85-1,मोहम्मद वसीम जूनियर : 10-0-60-3,आगा सलमान : 2-0-21-0

पाकिस्तान	रन	बॉल	4	6
शफीक कै विलियमसन बो साउदी	4	9	1	0
फखर नॉटआउट	126	81	8	1
बाबर नॉटआउट	66	63	6	2

अतिरिक्त : 4, कुल : 200/1, 25.3 ओवर, विकेट पतन : 6-1, गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट : 6-0-50-0, टिम साउदी : 5-0-27-1, मिचेस सैंटनर : 5-0-35-0, ग्लेन फिलिप्स : 5-1-42-0, ईश सोढ़ी : 4-0-44-0, डेरेल मिचल : 0.3-0-1-0

विश्व कप से बाहर हुए हार्दिक प्रसिद्ध कृष्णा टीम में शामिल

भाषा । नई दिल्ली

भारत के स्टार ऑल राउंडर हार्दिक पंड्या टखने की चोट से उबरने में असफल रहने के बाद शनिवार को विश्व कप से बाहर हो गये. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार 17 वनडे खेलने वाले तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को पंड्या की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है. पंड्या 19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी ही गेंद पर क्षेत्ररक्षण करते हुए बायें टखना चोटिल करा बैठे थे. इसके बाद वह न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ मैच नहीं खेल पाये. पंड्या ने 'एक्स' पर लिखा कि यह बात पचा पाना मुश्किल है कि मैं विश्व कप के बचे हिस्से में नहीं खेल पाऊंगा. मैं टीम के साथ रहूंगा और प्रत्येक मैच में प्रत्येक गेंद पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करूंगा. आप सभी की शुभकामनाओं, प्यार और समर्थन के लिये शुक्रिया. आप सभी का सहयोग शानदार रहा है. यह टीम विशेष है और मैं सुनिश्चित करूंगा कि हम प्रत्येक को गौरवान्वित करें.

बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने पहना मास्क, श्रीलंका का अभ्यास सत्र रद्द

भाषा । नई दिल्ली

चार नवंबर (भाषा) विश्व कप मैच से पहले राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के 'गंभीर' श्रेणी में पहुंचने के कारण श्रीलंका को भी शनिवार को अपना शुरुआती अभ्यास सत्र रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा लेकिन बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने मास्क के इस्तेमाल के साथ अभ्यास किया. दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच विश्व कप मैच को सोमवार को खेला जाना है. बांग्लादेश की टीम बुधवार को दिल्ली पहुंच गयी थी लेकिन टीम ने शुक्रवार को अभ्यास नहीं करने का फैसला किया क्योंकि शहर में प्रदूषण का स्तर 'गंभीर प्लस' श्रेणी में पहुंच गया था. श्रीलंका के खिलाड़ियों ने भी शनिवार को होटल के अंदर रहना ही सही समझा क्योंकि सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 407 था. बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने हालांकि शनिवार को मास्क के इस्तेमाल के साथ फिरोज शाह कोटला मैदान में अभ्यास किया.

वायु प्रदूषण

- राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में पहुंचा
- शनिवार सुबह वायु गुणवत्ता सुचतकांक 407 था

विजयरथ पर सवार भारत मिल सकती है कड़ी चुनौती

भारत व द. अफ्रीका के बीच मैच आज

भाषा । कोलकाता

लगातार सात जीत के साथ आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम को इस विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के रूप में पहली कठिन चुनौती मिलने जा रही है और शीर्ष दो टीमों के बीच रविवार को 'फाइनल से पहले फाइनल ' माने जा रहे इस मुकाबले में 'बर्थडे ब्वॉय' विराट कोहली पर सभी की नजरें होंगी. करीब 65000 की दर्शक क्षमता वाले ऐतिहासिक ईडन गार्डंस पर होने वाला यह मैच भारत के लिये इस टूर्नामेंट की सबसे कठिन चुनौती है चूंकि नीदरलैंड के खिलाफ एक मैच को छोड़कर दक्षिण अफ्रीका ने छह मुकाबले जीते हैं. लेकिन भारत ने अभी तक एक चैंपियन की तरह खेल दिखाया है और सेमीफाइनल में प्रवेश के बाद अंतिम दोनों लीग मैच में बड़ी जीत दर्ज करके उसके इरादे नंबर एक पर बने रहने के होंगे. बल्लेबाजी में मेजबान के लिये सर्वाधिक 442 रन बना चुके कोहली वनडे क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की कोशिश में होंगे. मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ 302 रन से मिली जीत में वह 12 रन से चूक गए थे. इसके अलावा ईडन गार्डन कप्तान रोहित शर्मा का भी पसंदीदा है जहां उन्होंने नवंबर 2014 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे क्रिकेट का सर्वोच्च स्कोर 264 रन बनाया था. अपनी सरजमीं पर बारह साल बाद वनडे विश्व कप जीतने के इरादे से उतरी रोहित शर्मा की टीम ने अब तक एक भी कदम गलत नहीं रखा है.

कोहली के जन्मदिन को यादगार बनाने की तैयारी में कैब

ईडन गार्डंस पर इस बार भारतीय टीम अपना एकमात्र लीग मैच रविवार को दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी तो यह उसके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का 35वां जन्मदिन भी होगा जिसे यादगार बनाने में बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता. ईडन गार्डंस पर मैच से कई दिन पहले ही से गहमागहमी शुरू है और तैयारियों को अंतिम रूप देने में सभी अधिकारी मसरूफ हैं. एक तरफ टिकट नहीं मिलने से गुस्साये क्रिकेटप्रेमियों को जवाब देना है तो दूसरी ओर इस मैच को खास बनाने की हर संभावना तलाशनी है. कैब के एक आला अधिकारी ने बताया कि कोहली के लिये एक खास केक और उपहारस्वरूप बल्ला तैयार किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि कोहली चैंपियन क्रिकेटर हैं और यह हमारी खुशकिस्मती है कि हम उनके जन्मदिन के दिन इतने अहम मैच की मेजबानी कर रहे हैं. हमने उनके लिये एक खास केक तैयार कराया है जो टीम के ड्रेसिंग रूम में भेजा जायेगा. उन्होंने कहा कि इसके अलावा कैब अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली उन्हें एक बल्ला प्रदान करेंगे.

विराट का फोकस 49वें शतक या बर्थडे पर नहीं है : राहुल द्रविड़

कोलकाता। चैंपियन बल्लेबाज विराट कोहली के जन्मदिन ने भले ही भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच यहां रविवार को ईडन गार्डन पर होने वाले मुकाबले को खास बना दिया है लेकिन भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि कोहली का फोकस सिर्फ टूर्नामेंट जीतने पर है. इस हाइप के बारे में पूछने पर द्रविड़ ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि विराट रिलैक्स्ड है. उसका प्रदर्शन दिखाता है. वह हमारे लिये बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है. अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है. मुझे नहीं लगता कि वह कुछ अलग या नया कर रहा है. अब तक सात मैचों में 442 रन बना चुके कोहली का रविवार को 35वां जन्मदिन है और ईडन गार्डन पर करीब 65000 दर्शक मैच के दौरान 'कोहली कोहली' के शोर से आसमान को गुंजाने की तैयारी में है. कोलकाता के क्रिकेटप्रेमियों की जबां पर सिर्फ कोहली का नाम है और उन्हें उम्मीद है कि वह इस मैच में वनडे क्रिकेट में 49 शतक के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी करेंगे. द्रविड़ ने कहा कि वह हमेशा से मेहनती और पेशेवर था. वह 49वें या 50वें शतक या जन्मदिन के बारे में नहीं सोच रहा.

37वां राष्ट्रीय खेल में झारखंड के खिलाड़ियों का स्वर्णिम प्रदर्शन

छोटी व दिनेश एवं सुनील की जोड़ी ने जीता स्वर्ण

संवाददाता । रांची

भारतीय ओलंपिक संघ और गोवा सरकार द्वारा 25 अक्टूबर से गोवा के विभिन्न शहरों में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेल में शनिवार को झारखंड के खिलाड़ियों ने स्वर्णिम प्रदर्शन किया. लॉन बॉल के पुरुष डबल में सुनील बहादुर एवं दिनेश कुमार की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता. महिला सिंगल में झारखंड के लिए छोटी कुमारी ने स्वर्ण जीता.

इसके अलावा कुसू के खेल में भी मेडल मिले. इस तरह से शनिवार को झारखंड के खाते में दो गोल्ड सहित 4 कांस्य पदक आए. इस खेल प्रतियोगिता में अब तक झारखंड को 02 स्वर्ण, 03 रजत, 10 कांस्य पदक समेत 15 पदक मिल चुके हैं. गौरतलब है कि इससे पहले गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड 13 पदक मिले थे.

राज्य स्तरीय खेलो झारखंड

स्केटिंग में राज्य भर के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

संवाददाता । रांची

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में खेल गांव परिसर में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड स्केटिंग चयन ट्रायल संपन्न हुआ. खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय स्केटिंग में राज्य भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया. चयनित खिलाड़ी 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे. राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया की तीनों आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के बीच चयनित खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जाएगी.प्रतियोगिता को सफल बनाने में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्यों ने मुख्य भूमिका निभाई.

परिणाम

अंडर – 11 इनलाइन	अंडर – 14 इनलाइन	अंडर – 17 इनलाइन
बालिका वर्ग	**बालिका वर्ग**	**बालिका वर्ग**
1 – जश्मीन केरकेट्टा	1 – ब्लेसी एंजल	1 – जैनब सफदर
2 – नव्या सेठ	2 – प्रीशा ओझा	2 – अन्नू प्रिया खलखो
3 – अनाया तिवारी	3 – रिद्धि धनुका	3 – शिवानी सिंह
बालक वर्ग	**बालक वर्ग**	**बालक वर्ग**
1 – ऋषभ अभिजीत	1 – रुद्रांश शर्मा	1 – शादाब खान
2 – आदित्य रंजन	2 – आरव परभात	2 – शिवम कुमार
3 – प्रदून्य प्रमोद कराले	3 – शैलभ केरकेट्टा	3 – आयमन फरीदी
क्वाड	**क्वाड**	**क्वाड**
बालिका वर्ग	**बालिका वर्ग**	**बालक वर्ग**
1 – वर्तिका कुमारी	1 – रितिका कुमारी	1 – आर्यन राज
2 – रिया कुमारी	2 – अर्शिया चौधरी	2 – आयुष ओम दास
3 – इशानी दत्ता	3 – आस्था कुमारी	3 – शंभु कुमार
बालक वर्ग	**बालक वर्ग**	अंडर – 19
1 – कार्तिक कुमार	1 – ईशान त्रिया	**इनलाइन**
2 – दीपांशन महतो	2 – आरव यादव	**बालक वर्ग**
3 – प्रांजल कुमार	3 – एल सूर्या नारायणा	1 – एलेक्स लकड़ा
		2 – स्नेहंश सुंडी

महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

चीन को हराकर फाइनल में पहुंचा जापान

संवाददाता । रांची

झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में चाइना को हराकर जापान ने फाइनल में प्रवेश कर लिया. मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में शनिवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में चीन का मुकाबला जापान से हुआ. जिसमें जापान ने 2-1 से मुकाबले को जीतकर फाइनल में जगह बनाई. मुकाबले का पहला गोल चाइना ने 11 वें मिनट में किया. चाइना की टायंटियन लुओ ने जापान के डिफेंस को भेदकर पहला फील्ड गोल किया. पहले हॉफ में लिया लीड चाइना के पास ज्यादा देर तक नहीं रहा और जापान की काना उरता ने 34 वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर को फील्ड गोल में तब्दील कर स्कोर को 1-1 पर बराबरी कर दिया. मुकाबले के 44वें मिनट में मियु सुजुकी ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर 2-1 की लीड ली और जापान ने मुकाबले में जीत दर्ज की.

थाईलैंड को हराकर पांचवें स्थान पर रहीं मलेशिया

राजधानी रांची में आयोजित झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शनिवार को 5वें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में मलेशिया ने थाईलैंड को 1-0 से मात दी. प्रतियोगिता में मलेशिया ने जीत के साथ विदाई ली और 5वें स्थान पर रही. थाइलैंड इस प्रतियोगिता में एक भी मुकाबला नहीं जीत सकी. इस मुकाबले का एक मात्र गोल पहले मिनट में हुआ. मलेशिया की नूरमाइजातुल सयाफी ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर 1-0 की लीड ली जो मुकाबले की समाप्ति तक रही.

ब्रीफ खबरें

ओडिशा का सांस्कृतिक उत्सव 'परब-2023' शुरू

कोरापुट। ओडिशा के आदिवासी बहुल कोरापुट जिले के बोरीगुम्मा में एक महीने तक चलने वाला वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'परब-2023' पारंपरिक और जीवंत तरीके से शुरू हुआ. वर्ष 1996 से मनाए जा रहे इस उत्सव का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए एक मंच प्रदान करना तथा क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने के साथ ही इसे संरक्षित करना है. हजारों आदिवासियों ने पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर शुक्रवार को त्योहार का जश्न मनाया.

डार के हत्यारों को सजा दिलाने का लिया संकल्प

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आर. आर. स्वैन ने शनिवार को कहा कि बारामूला जिले में एक पुलिसकर्मी की हत्या की जांच में पुलिस को सुराग मिले हैं और इसने हत्यारों एवं उनके समर्थकों को सजा दिलाने का संकल्प लिया है. पुलिस प्रमुख, उत्तरी कश्मीर जिले के वैलू क्रालपोरा में मारे गए हेड कांस्टेबल गुलाम मोहम्मद डार के आवास पर भी गए. इस दौरान उनके साथ कश्मीर के अतिरिक्त एडीजीपी विजय कुमार भी मौजूद रहे. डार की 31 अक्टूबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

पुलिस दल पर गोली चलाने वाला गिरफ्तार

कन्नूर। केरल के कन्नूर जिले में एक आपराधिक मामले के आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंचे पुलिस दल पर उसके पिता ने गोली चला दी, जिसके बाद आरोपी के पिता को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. उसने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात को उस वक्त हुई जब वालापट्टनम थाने के पुलिसकर्मियों का एक दल रोशन नाम के आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कन्नूर जिले के चिरक्कल स्थित उसके घर पहुंचा.

सूअरों को मारने का चलाया अभियान

अगरतला। त्रिपुरा सरकार के पशु संसाधन विकास (एआरडी) विभाग ने अफ्रीकी स्वाइन फ्लू को फैलने से रोकने के लिए खोवाई जिले में सूअरों को मारने का अभियान चलाया है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि जिले के बाटापारा स्थित एक सूअर फार्म में अफ्रीकी स्वाइन फ्लू के कारण कुछ सूअरों की मौत हो जाने के बाद शुक्रवार को यह अभियान चलाया गया. एआरडी के उप निदेशक प्राण कुमार दास ने कहा कि फिलहाल अभियान खत्म हो गया है.

सड़क हादसे में चार की मौत, एक घायल

जयपुर। राजस्थान के डूंगरपुर जिले में शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. बिछीवाड़ा के थाना प्रभारी मदनलाल ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर शुक्रवार की देर रात गलत दिशा से आ रही एक कार निजी बस से टकरा गयी. हादसे में कार सवार चार युवकों की मौत हो गई. घायलों की हालत गंभीर है.

कांग्रेस पार्टी ने 39 नेताओं को किया निष्कासित

भोपाल । मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ आगामी राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए 39 नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है. पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव सिंह द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख कमल नाथ के निर्देश पर इन 39 नेताओं को कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया है. ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश में 230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए 17 नवंबर को चुनाव होंगे.

पांचवीं मंजिल से कूद व्यक्ति ने की आत्महत्या

नोएडा। नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की एक सोसाइटी में रहने वाले एक युवक ने इमारत की पांचवीं मंजिल से कूदकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली. बिसरख थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल राजपूत ने बताया कि राधा स्काई गार्डन सोसाइटी निवासी विकास तिवारी (36) शुक्रवार शाम को इमारत की पांचवीं मंजिल से कूद गया. उन्होंने बताया कि तिवारी के परिजनों ने उसे एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

जब तक हमास 240 बंधकों को आजाद नहीं कर देता, तब तक कोई अस्थायी संघर्ष विराम नहीं होगा : बेंजामिन नेतन्याहू

अल्प विराम के अमेरिकी दबाव के आगे झुकने को तैयार नहीं इजराइल

भाषा। तेल अवीव

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में और मदद की आपूर्ति संभव बनाने और आम नागरिकों की रक्षा करने के लिए युद्ध को 'मानवीय आधार पर कुछ देर रोकने' को लेकर बढ़ते अमेरिकी दबाव के आगे झुकने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और जोर देकर कहा कि जब तक हमास करीब 240 बंधकों को आजाद नहीं कर देता, तब तक कोई अस्थायी संघर्ष विराम नहीं होगा. अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन युद्ध शुरू होने के बाद तीसरी बार इजराइल गए. उन्होंने दक्षिणी इजराइल में सात अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए नृशंस हमले के बाद उसे कुचलने की इजराइल की मुहिम के प्रति अपना समर्थन दोहराया. उन्होंने गहराते मानवीय संकट से निपटने के लिए युद्ध कुछ देर के लिए रोकने के अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के आह्वान को भी दोहराया.

इजराइली हवाई हमलों के बाद ऐता अल-शाब के बाहरी इलाके में उठता धुंआ.

गाजा सिटी पर हवाई हमले जारी : गाजा सिटी पर इजराइली बलों की घेराबंदी और हवाई हमले जारी हैं. 'अल जजीरा' टीवी ने बताया कि गाजा सिटी के एक स्कूल में शुक्रवार को किए गए हमले में कई लोग हताहत हुए है. गाजा में अस्पताल निदेशकों ने कहा कि उत्तरी गाजा में तीन अस्पतालों के प्रवेश द्वार पर उस समय हमले हुए, जब अस्पतालकर्मी घायलों को दक्षिण की ओर ले जाने की कोशिश कर रहे थे.

इजराइल पूरी ताकत से आगे बढ़ेगा : नेतन्याहू

नेतन्याहू से बातचीत के बाद ब्लिंकन ने कहा कि मदद पहुंचने की गति बढ़ाने और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने में मदद के लिए युद्ध को कुछ देर रोकने की आवश्यकता है. हमास ने करीब एक महीने पहले इजराइल पर किए हमलों के दौरान लोगों को बंधक बना लिया था. नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने ब्लिंकन को बताया है कि जब तक बंधकों को रिहा नहीं किया जाता, इजराइल पूरी ताकत से आगे बढ़ेगा.

लड़ाई जारी

- 15 लाख लोगों को घर छोड़कर भागना पड़ा
- फिलिस्तीन में बढ़ती जा रही मृतकों की संख्या

गहराते मानवीय संकट को लेकर चिंताएं बढ़ीं

इजराइल की बमबारी और जमीनी हमलों के कारण फिलिस्तीन में बढ़ती मृतक संख्या और गहराते मानवीय संकट को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं. अस्पतालों का कहना है कि इजराइली घेराबंदी के कारण दवाओं और ईंधन की कमी के चलते उनकी व्यवस्था ढहने के कगार पर है. संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को बताया कि गाजा के करीब 15 लाख लोगों या 70 प्रतिशत आबादी को अपने घर छोड़कर भागना पड़ा है.

भूमध्य सागर में आपके बेड़े... हमें नहीं डरा सकेंगे : हिजबुल्ला

इजराइली सेना ने कहा कि उसके विमान ने शुक्रवार को एक एम्बुलेंस पर हमला किया जिसका इस्तेमाल हमास के लड़ाके हथियार ले जाने के लिए कर रहे थे. इन दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी. यह स्पष्ट नहीं है कि यह हमला शिफा अस्पताल पर हुए हमले से जुड़ा है या नहीं. लेबनान के उग्रवादी समूह हिजबुल्ला के नेता ने कहा कि सीमा पार लड़ाई 'युद्ध में तब्दील' हो चुकी है. हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला ने क्षेत्र में अमेरिका की सैन्य तैनाती का जिक्र करते हुए कहा कि भूमध्य सागर में आपके बेड़े... हमें नहीं डरा सकेंगे. हिजबुल्ला सभी विकल्पों के लिए तैयार है.

6.4 तीव्रता वाले भूकंप के तेज झटकों से सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त, कई लोग घायल

नेपाल में भूकंप से 143 की मौत

भाषा। काठमांडू

नेपाल में शुक्रवार आधी रात से ठीक पहले आए 6.4 तीव्रता वाले भूकंप के तेज झटकों के कारण हिमालयी देश के सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में कम से कम 143 लोगों की मौत हो गई, 150 घायल हो गए और सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हो गए. यह नेपाल में 2015 के बाद सबसे विनाशकारी भूकंप है. राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप आधी रात 11 बजकर 47 मिनट पर आया, जिसका केंद्र जाजरकोट जिले में था.

नेपाल में 2015 में 7.8 तीव्रता के भूकंप और उसके बाद आए झटकों के कारण लगभग 9,000 लोगों की मौत हो गई थी और 22,000 से अधिक लोग घायल हो गए थे. हालिया भूकंप 2015 के बाद से देश में आया सबसे विनाशकारी भूकंप है. भूकंप का असर काठमांडू और इसके आसपास के जिलों और यहां तक कि पड़ोसी देश भारत की राजधानी नयी दिल्ली तक में महसूस किया गया. नेपाल सेना के प्रवक्ता कृष्ण प्रसाद भंडारी के अनुसार, नेपाल सेना ने भूकंप के तुरंत बाद घटना स्थल पर बचाव कार्य करने के लिए शुक्रवार को अपने कर्मियों को तैनात किया.

सरकारी नेपाल टेलीविजन के अनुसार, पश्चिमी नेपाल के जाजरकोट और रुकुम जिले भूकंप के कारण सबसे अधिक प्रभावित हुए. प्रधानमंत्री सचिवालय ने बताया कि जाजरकोट और रुकुम में भूकंप के कारण मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 143 हो गई है और इतने की लोग घायल हुए है. मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है. अधिकारियों ने बताया कि भूकंप में मारे गए लोगों में जाजरकोट में नलगढ़ नगर पालिका की उप महापौर सरिता सिंह भी शामिल हैं.

नेपाल के जजरकोट में विनाशकारी भूकंप के बाद क्षतिग्रस्त मकान के मलबे. -फोटो : पीटीआई

भूकंप के बाद 159 झटके

राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र ने बताया कि शुक्रवार रात आए भूकंप बाद के लगभग 159 झटके दर्ज किए गए हैं. कई लोग फिर से भूकंप आने और मकानों को होने वाले संभावित नुकसान की आशंका से डरकर रातभर बाहर रहे.

घायलों का अस्पताल में इलाज जारी : अधिकारियों ने बताया कि घायलों का सुरखेत जिला अस्पताल में इलाज जारी है. प्रधानमंत्री प्रचंड ने सुरक्षा एजेंसियों को बचाव और राहत कार्य तुरंत करने के निर्देश दिए हैं. राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने भूकंप में जान-माल का नुकसान होने पर दुख व्यक्त किया है. अधिकारियों ने बताया कि सड़कें अवरुद्ध होने और पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण घटना स्थल पर बचाव और राहत कार्य बाधित हो गया है.

बचाव कार्य में लगी नेपाल की सेना और पुलिस

अधिकारियों ने बताया कि नेपाल की सेना और पुलिस को बचाव कार्य में लगाया गया है. देश की तीनों सुरक्षा एजेंसियों- नेपाल सेना, नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल को बचाव कार्य में लगाया गया है. प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल ने शुक्रवार रात को आए भूकंप में जान-माल का नुकसान होने पर गहरा शोक प्रकट किया है. उन्होंने तत्काल राहत एवं बचाव के लिए तीनों सुरक्षा निकायों को तैनात किया है

प्राकृतिक आपदा

- नेपाल में 2015 के बाद यह सबसे विनाशकारी भूकंप
- क्षतिग्रस्त इलाकों में राहत और बचाव कार्य जारी

नेपाल में अक्सर क्यों आते हैं भूकंप

नेपाल में अक्सर भूकंप आते रहते हैं. दरअसल, नेपाल उस पर्वत श्रृंखला पर स्थित है, जहां तिब्बती और भारतीय टेक्टोनिक प्लेट मिलती हैं और ये हर सदी एक-दूसरे के तकरीबन दो मीटर पास खिसकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप दबाव उत्पन्न होता है और भूकंप आते हैं.

नेपाल पीएम ने किया दौरा

नेपाल के पीएम पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' ने शनिवार सुबह एक चिकित्सकीय दल के साथ घटनास्थल का दौरा किया. उन्होंने मुख्य जिला अधिकारी के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया. इसके बाद वह सात घायलों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ जाजरकोट से सुरखेत लौट आए.

नेपाल के साथ एकजुटता से खड़ा है भारत : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल में भूकंप के कारण हुए जान-माल के नुकसान पर शनिवार को दुख व्यक्त किया और कहा कि भारत अपने पड़ोसी देश के साथ एकजुटता से खड़ा है और उसे हर संभव मदद मुहैया कराने के लिए तैयार है. हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं.

लोगों की मौत से व्यथित हूं: खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नेपाल में आए भूकंप में जानमाल के नुकसान पर शनिवार को दु:ख जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की. उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप के कारण लोगों की मौत से व्यथित हूं. हमारी गहरी संवेदना और सहानुभूति पीड़ितों के परिवारों और घायलों के साथ है. संकट की इस घड़ी में भारतीय नागरिक नेपाल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं.

आओ जानें

आईएमएफ आर्थिक विकास पूर्वानुमान (2024)

भारत	(6.3%)	रूस	(1.1%)
चीन	(4.2%)	जापान	(1.0%)
केएसए	(4.0%)	ब्राज़ील	(1.5%)
मोरक्को	(3.6%)	जर्मनी	(0.9%)
मेक्सिको	(2.1%)	इटली	(0.7%)
नाइजीरिया	(3.1%)		
आरएसए	(1.8%)		
स्पेन	(1.7%)		
कनाडा	(1.6%)		
यूएसए	(1.5%)		
फ्रांस	(1.3%)		

एक दिन पहले हमलों में पाक के 17 सैनिक मारे गए थे

पाक में वायुसेना प्रशिक्षण अड्डे पर आतंकवादी हमला

- नौ आतंकियों को हमने 'जहन्नुम भेजा' : पाक सेना

भाषा। इस्लामाबाद

भारी हथियारों से लैस नौ आतंकवादियों ने शनिवार को सुबह पंजाब प्रांत में पाकिस्तानी वायुसेना (पीएएफ) के एक प्रशिक्षण अड्डे पर हमला कर दिया, लेकिन सभी आतंकवादियों को 'जहन्नुम' भेज दिया गया है. सेना ने यह जानकारी दी. इससे एक दिन पहले देश में तीन अलग-अलग आतंकवादी हमलों में 17 सैनिक मारे गए थे.

पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा कि आतंकवादियों ने उसकी वायुसेना के मियांवाली प्रशिक्षण हवाई अड्डे पर हमला किया. उसने पुष्टि की कि हमले के दौरान पहले से ही संचालन से बाहर कर दिए गए तीन विमानों को नुकसान पहुंचा है. सेना ने पुष्टि की कि पीएएफ प्रशिक्षण अड्डे मियांवली में तलाशी अभियान पूरा हो गया है और सभी नौ आतंकवादियों को जहन्नुम भेज दिया गया है. बयान में कहा गया है कि यह अभियान आज सुबह अड्डे पर कायरतापूर्ण और नाकाम आतंकवादी हमले के बाद आसपास के इलाके में किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए शुरू किया गया था.

सेना ने कहा कि पीएएफ की संचालनात्मक स्थिति वाली किसी भी संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, हालांकि पहले से संचालन से बाहर किए गए तीन विमानों को थोड़ा नुकसान हुआ है. तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबद्ध एक नए आतंकवादी समूह तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने मीडिया को दिए एक बयान में इस हमले की जिम्मेदारी ली है.

मिजोरम में कांग्रेस सरकार बनाएगी

भाषा। आइजोल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शनिवार को विश्वास जताया कि उनकी पार्टी मिजोरम में अगली सरकार बनाएगी. केरल में तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सांसद थरूर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मिजोरम पूर्वोत्तर का पहला राज्य होगा जहां कांग्रेस 2014 के बाद सत्ता में लौटेगी. वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्र में सरकार बनायी थी. कांग्रेस के 2018 के विधानसभा चुनाव में मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के हाथों सत्ता गंवाने के बाद मिजोरम पूर्वोत्तर क्षेत्र में पार्टी

शासित आखिरी राज्य था. थरूर ने कहा कि कांग्रेस भारत की विविधता और ताकत का जश्न मनाती है न कि उसकी कमजोरियां का. उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक राष्ट्र, एक भाषा, एक संहिता और एक संस्कृति का विरोध करेगी. हम एकरूपता के खिलाफ हैं. हमारा मानना है कि हम अपनी विविधता को बरकरार रखते हुए एकजुट रह सकते हैं.भाजपा के बारे में थरूर ने कहा कि भाजपा 2014 के बाद से अपने वादों को पूरा करने में बुरी तरह नाकाम रही है, चाहे बैंक खातों में 15 लाख रुपये का वादा हो या दो करोड़ नौकरियों का वादा हो. मिजोरम की 40 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए सात नवंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी.

खास बातें

- कांग्रेस 2014 के बाद सत्ता में फिर वापस लौटेगी
- कांग्रेस भारत की विविधता का जश्न मनाती है

यूक्रेन पर रूसी हमलों में 14 लोग घायल

कीव। यूक्रेन में एक रूसी हमले में शुक्रवार को 14 नागरिक घायल हो गए. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक, यूरोपीय संघ की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेन यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोमिदीर जेलेंस्की से मिलने के लिए कीव पहुंची. जपोरिज्जिया क्षेत्र के गवर्नर युरी मालाश्को ने कहा कि जरीचने गांव पर रूस द्वारा किए गए एक रॉकेट हमले में नौ लोग घायल हो गए. उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों में क्षेत्र के कुल 26 शहरों और बस्तियों पर हमले हुए हैं. गवर्नर ओलेक्जेंडर प्रोकुडीन ने कहा कि खेरसोन क्षेत्र में पांच लोग घायल हुए हैं.

सुबह-ए-दिल्ली

गुरुग्राम में शनिवार को धुंध भरे दिन में उगते सूरज के सामने बैठे कबूतर. -फोटो : पीटीआई

आरोप छत्तीसगढ़ सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही है भाजपा : कांग्रेस

विस चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देगी जनता

भाषा। नई दिल्ली

कांग्रेस ने भूपेश बघेल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपों को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और उनकी सरकार की छवि धूमिल करने की साजिश करार दिया है. कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि राज्य की जनता इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देगी. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भाजपा की हार निश्चित देखकर ईडी का पड़े पैमाने पर दुरुपयोग शुरू कर दिया है.

अगर डील नहीं हुई है तो ऐप बंद क्यों नहीं हुआ : महादेव सट्टेबाजी ऐप से जुड़े आरोप पर भूपेश बघेल ने कहा, ये लोग (भाजपा) सीधी लड़ाई नहीं लड़ सकते, इसलिए ईडी और आईटी के माध्यम से चुनाव लड़ रहे हैं. पीएम मोदी पूछ रहे हैं कि दुबई वालों से क्या संबंध? मैं तो उनसे पूछना चाहता हूं कि दुबई वालों से आपके क्या संबंध हैं? लुकआउट सर्कुलर जारी होने के बाद भी गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? महादेव ऐप बंद नहीं हुआ? मैं पीएम से पूछना चाहता हूं कि आपकी डील क्या है? अगर डील नहीं हुई है तो ऐप बंद क्यों नहीं कर रहे? अगर नहीं कर रहे हैं तो डील हो गयी. आपने बिना किसी जांच के आरोप लगा दिया ईडी और आईटी घूम रहे है.

भूपेश बघेल को 508 करोड़ का भुगतान

प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को दावा किया था कि उसने पैसे का लेन-देन करने वाले एक व्यक्ति का बयान दर्ज किया है, जिसने आरोप लगाया है कि महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों ने बघेल को अब तक 508 करोड़ रुपये का भुगतान किया है. भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल पर निशाना साधते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्य में अपने चुनाव प्रचार अभियान के वित्तपोषण के लिए अवैध सट्टेबाजी में शामिल लोगों द्वारा लाये गये हवाला धन का उपयोग किया.

खास बातें

- दुबई वालों से पीएम के क्या संबंध हैं : बघेल
- अगर डील नहीं हुई है तो ऐप बंद क्यों नहीं किया

भाजपा की हार निश्चित है

भाजपा के इस आरोप के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा,भाजपा की हार निश्चित है और इसी लिए सीबीआई एवं ईडी का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग शुरू कर दिया गया है. यह प्रतिशोध की राजनीति है. कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा, पांचों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनाने जा रही है. जब भाजपा देखती है कि उसके हाथ से चीजें निकल गयी हैं तो अपने आखिर हथियार ईडी का इस्तेमाल करती है. छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में सात से 30 नवंबर के बीच चुनाव होंगे.

नापाक हरकतों को सीमा पार भी अंजाम दे सकता है भारत : राजनाथ

भाषा। भोपाल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी नापाक हरकत को अंजाम देने की कोशिश करता है तो भारत उसे सीमा के इस पार और जरूरत पड़ने पर उस पार भी खत्म कर सकता है. सिंह भिंड जिले की गोहद विधानसभा सीट के अंतर्गत खनेता गांव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार लाल सिंह आर्य के लिए प्रचार करते हुए एक रैली को संबोधित कर रहे थे.

मंत्री ने कहा कि भारत का गौरव पूरे विश्व में बढ़ रहा है. कांग्रेस के शासनकाल में विदेशों में लोग कहते थे कि भारत कमजोर देश है. दुनिया हमारी बातों को बहुत गंभीरता से नहीं लेती थी. उन्होंने कहा कि अब स्थिति बदल गई है और अगर भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर कुछ कहता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है. अब आपका भारत कोई कमजोर देश नहीं है. दुनिया की कोई भी ताकत भारत को धमकी देने की हिम्मत नहीं कर सकती. अगर कोई किसी नापाक हरकत को अंजाम देने की कोशिश करेगा तो भारत उन्हें सीमा के दूसरी तरफ भी उन पर हमला कर सकता है.

खास बातें

- भारत जब कहता है तो कान खोलकर सुनती है दुनिया
- दुनिया की कोई भी ताकत भारत को धमकी नहीं दे सकता

छग की 90 सीटों पर संघ का 'लोक जागरण'

एलएस हरदेनिया
राजनीतिक विश्लेषक

संघ परिवार ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में हिंदू या सनातनी मतदाताओं को भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में एकजुट करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है. विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता आरएसएस कार्यकर्ताओं की मदद कर रहे हैं. इस परियोजना को क्रार्यान्वित करने के लिए मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ आरएसएस प्रमुख अशोक सोहनी ''लोक जागरण-2023'' नामक अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं.

जैसे-जैसे चुनाव प्रचार जोर पकड़ रहा है, राजनीतिक दल एक-दूसरे के खिलाफ अधिक से अधिक अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं. भाजपा कांग्रेस नेताओं को रावण कहती है, कांग्रेस भी उसी तरह भुगतान करती है. स्थानीय स्तर पर स्थिति सबसे खराब है.

इस बीच भाजपा के प्रचार को कुछ कमजोर पाते हुए आरएसएस ने भाजपा के लिए दो दर्जन विधानसभा क्षेत्रों की कमान अपने हाथ में ले ली है और अपने सारे संसाधन वहां झोंक दिये हैं. आरएसएस के सदस्य घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं और छोटी-छोटी बैठकें कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बना रहे हैं. क्योंकि इन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है, आरएसएस जमीनी स्तर पर पार्टी के लिए काम करेगा. इन सीटों पर आरएसएस से जुड़े कुछ उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे हैं. यही कारण है कि आरएसएस के सदस्य सक्रिय हो गये हैं.

लोक जागरण को सफल बनाने के लिए पिछले दिनों उज्जैन के एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान में आरएसएस और उसके फ्रंटल संगठनों के 150 से अधिक पदाधिकारियों की एक मैराथन बैठक बुलाई गयी थी. बैठक में, कथित तौर पर उपस्थित लोगों से कहा कि उन्हें उन उम्मीदवारों के लिए काम करना चाहिए जो राष्ट्रवाद और हिंदू धर्म के समर्थक हैं और हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा करते हैं. उन्होंने आगाह किया कि चयनित भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ बोलने के बजाय उन्हें ऐसे तरीके सुझाने चाहिए जिनसे वे भाजपा उम्मीदवारों के लिए सकारात्मक लहर पैदा कर सकें. सूत्रों के अनुसार, बैठक में किसी भी भाजपा नेता को आमंत्रित नहीं किया गया था और जब एक कैबिनेट मंत्री और उज्जैन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, तो उन्हें विनम्रतापूर्वक वापस जाने के लिए कहा गया.

उमा भारती को चुनाव प्रचार से दूर किया

हाल में कुछ ऐसे घटनाक्रम हुए हैं जिन्होंने पार्टी नेतृत्व को चौंका दिया है. ऐसा ही एक घटनाक्रम उमा भारती का चुनाव प्रचार से दूर रहने का निर्णय है. उमा ने गुरुवार को ट्वीट किया कि वह अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो रही हैं, जहां से वह ओरछा जाकर राम राजा सरकार के दर्शन करेंगी और फिर हिमालय के लिए रवाना होंगी. उन्होंने आगे ट्वीट किया कि वह राज्य में भाजपा की सरकार बनने के लिए भगवान से प्रार्थना करेंगी. उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर राज्य और केंद्र सरकार की भी आलोचना की. उमा के मुताबिक, धार के भोजशाला स्थित उनके निवास स्थान पर देवी सरस्वती की मूर्ति नहीं खरीदी जा सकी, जबकि राज्य में भाजपा की सरकार है. रायसेन में सोमेश्वर मंदिर और विदिशा में विजय मंदिर के दरवाजे नहीं खोले गये. उन्होंने गौ संरक्षण के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे कामों पर भी नाखुशी जाहिर की.

बेटी को टिकट, पिता का नामांकन

एक और आश्चर्य पेश किया भाजपा के दिग्गज नेता गौरीशंकर बिसेन ने. उन्होंने अपने पारंपरिक निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया, हालांकि पार्टी ने उनकी बेटी को टिकट दिया. उन्होंने मीडिया को बताया कि चूंकि उनकी बेटी मौसम की तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए उन्होंने कवर के तौर पर नामांकन दाखिल किया है. यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा ने बालाघाट से उम्मीदवार बदला है, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. हितेश वाजपेयी ने कहा-नहीं, ऐसा कुछ नहीं है. उन्होंने डमी उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है और इससे ज्यादा कुछ नहीं.

तेलंगाना : असंतुष्ट विपक्षी नेताओं को साधकर पलटवार कर रही बीआरएस

शुभम संदेश चुनाव डेस्क

कांग्रेस द्वारा दलबदलू नेताओं को टिकट वितरण से वरिष्ठ और वफादार नेता नाराज हैं, सत्तारूढ़ दल स्थिति का फायदा उठा रहा है. पिछले कुछ हफ्तों में कांग्रेस पार्टी के हाथों से कुछ नेता निकल चुके है. बीआरएस विपक्ष के असंतुष्ट नेताओं को अपने खेमे में लाकर अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में लगी हुई है. जब भी कोई प्रमुख नेता कांग्रेस से इस्तीफा देता है, तो बीआरएस नेतृत्व उन तक पहुंचने और उन्हें सत्तारूढ़ दल में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने में कोई समय नहीं गंवा रहा है. यह रणनीति बीआरएस को लाभ दे रही है और इन नेताओं के फॉलोवर भी वफादारी बदल रहे हैं. इससे 30 नवंबर के चुनाव से पहले बीआरएस की स्थिति मजबूत होने की उम्मीद है.

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव और वरिष्ठ नेता टी हरीश राव असंतुष्ट कांग्रेस नेताओं को अपने खेमे में लाने के इस प्रयास का व्यक्तिगत रूप से नेतृत्व कर रहे हैं. फिर वे नेताओं को बीआरएस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव से मिलने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं. तेलंगाना आंदोलन के दौरान टीआरएस (अब बीआरएस) छोड़ने वालों का समर्थन वापस पाने में सफल होने के बाद, दोनों शीर्ष नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा देने के तुरंत बाद व्यक्तिगत रूप से कांग्रेस नेताओं के घरों का दौरा किया. चूंकि बीआरएस ने पहले ही लगभग सभी 119 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, पार्टी इन नेताओं को आश्वासन दे रही है कि उन्हें भविष्य में उपयुक्त पदों पर समायोजित किया जाएगा.

जब वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री पोन्नाला लक्ष्मैया ने पार्टी के भीतर पिछड़े वर्ग के नेताओं के कथित अपमान को लेकर कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया, तो केटीआर उन्हें पार्टी में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने के लिए तुरंत उनके घर पहुंचे.

तेलंगाना कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पोन्नाला ने कांग्रेस के साथ अपना 40 साल पुराना नाता तब समाप्त कर दिया जब यह स्पष्ट हो गया कि पार्टी उन्हें जनगांव निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में नहीं उतारेगी. अपने त्याग पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के भीतर पिछड़ी जाति के नेताओं का अपमान किया गया, जब वे पिछड़ी जातियों को टिकटों में उचित हिस्सेदारी की मांग को लेकर केंद्रीय नेताओं से मिलने दिल्ली गए थे. पोन्नाला बाद में केसीआर की मौजूदगी में बीआरएस में शामिल हो गए. सत्ताधारी दल ने इस दलबदल का इस्तेमाल कांग्रेस पर उस तरीके की आलोचना करने के लिए किया, जिस तरह से उसे अपने पिछली जातियों नेताओं के साथ व्यवहार करते हुए देखा गया था.

29 अक्टूबर को जब पूर्व मंत्री नागम जनार्दन रेड्डी ने नगरकुर्नूल निर्वाचन क्षेत्र से टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया, तो केटीआर और हरीश तुरंत उनके घर पहुंचे और उन्हें बीआरएस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया. उनके साथ निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस उम्मीदवार मैरी जनार्दन रेड्डी भी थे, जिन्होंने वरिष्ठ नेता से कहा कि वह अपने पिता की तरह उनका सम्मान करते हैं. एक समय केसीआर के कटु आलोचक रहे नागम को केसीआर से मिलने के लिए आमंत्रित किया गया था.

छह बार के विधायक नागम कांग्रेस द्वारा बीआरएस एमएलसी के. दामोदर रेड्डी के बेटे के. राजेश रेड्डी को मैदान में उतारने से नाराज थे. राजेश हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे. तेलंगाना में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के आखिरी प्रमुख नेताओं में से एक नागम 2018 चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे. पूर्व, जो लगातार पांच बार नगरकुर्नूल से चुने गए थे, 2018 का चुनाव बीआरएस उम्मीदवार मैरी जनार्दन रेड्डी से हार गए.

पूर्व विधायक पी. विष्णुवर्धन रेड्डी का कांग्रेस से इस्तीफा बीआरएस के लिए अपनी ताकत मजबूत करने का एक और मौका बनकर आया. हैदराबाद की जुबली हिल्स सीट से टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने बगावत का झंडा उठा लिया था. कांग्रेस ने पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान मोहम्मद अज़हरुद्दीन को मैदान में उतारा. हरीश राव स्वर्गीय पी. जनार्दन रेड्डी के बेटे विष्णुवर्धन रेड्डी के घर गए, जो 1994 से 1999 तक संयुक्त आंध्र प्रदेश में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता थे. बीआरएस ने पीजेआर की सेवाओं को याद किया, और विष्णुवर्धन रेड्डी को पार्टी में उपयुक्त पद देने का वादा किया. विष्णुवर्धन रेड्डी पहली बार 2008 में अपने पिता की मृत्यु के कारण हुए उपचुनाव में खैरताबाद निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा के लिए चुने गए थे. वह 2009 में जुबली हिल्स से चुने गए लेकिन उसी निर्वाचन क्षेत्र से 2014 और 2018 का चुनाव हार गए.

बीआरएस कांग्रेस छोड़ने के बाद मुस्लिम नेता शेख अब्दुल्ला सोहेल को पार्टी में शामिल होने के लिए लुभाने में भी सफल रही. उन्होंने ए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में टिकटों की ''बिक्री'' और पार्टी के सांप्रदायिकरण का आरोप लगाते हुए 28 अक्टूबर को तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया, जिन्हें उन्होंने आरएसएस की जड़ों वाला नेता करार दिया था. सोहेल ने एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक कड़ा पत्र लिखा, इसमें उन्होंने पार्टी के साथ अपने 34 साल लंबे जुड़ाव को तोड़ने के फैसले के कारणों को बताया. सोहेल के इस्तीफे के तुरंत बाद, बीआरएस नेता दासोजू श्रवण उनके घर पहुंचे और उन्हें बीआरएस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया. वह औपचारिक रूप से 30 अक्टूबर को पार्टी में शामिल हुए.

मध्यप्रदेश की 55 सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला

राजकुमार सोनी
वरिष्ठ पत्रकार, भोपाल

विभाजित मध्यप्रदेश के इतिहास में पहली बार विधानसभा चुनाव में 50 से ज्यादा सीटों पर त्रिकोणीय एवं चतुष्कोणीय संघर्ष के हालात बनते नजर आ रहे हैं. नाम वापसी के साथ ही सभी 230 सीटों पर प्रत्याशियों की स्थिति साफ हो गई है. इसके बाद से दोनों प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा ऐसी सीटों पर नफा-नुकसान के आंकलन में जुट गए हैं, जहां बसपा, सपा, आम आदमी पार्टी प्रत्याशियों के अलावा कांग्रेस एवं भाजपा के बागी निर्दलीय उतरे हैं. जहां तीसरा मोर्चा एवं निर्दलीय प्रत्याशी सीधे तौर पर कांग्रेस एवं भाजपा के वोट को प्रभावित कर सकते हैं. हालांकि अभी तक यह स्थिति पूरी तरह साफ नहीं हुई है कि बसपा, सपा, आप और निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव में कांग्रेस-भाजपा में से किसे नुकसान पहुंचा सकते हैं.

बुंदेलखंड के टीकमगढ़ में पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव आप के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं. बंडा से सुधीर यादव भी आप से चुनाव लड़ रहे हैं. यहां कांग्रेस एवं भाजपा ने एक ही बिरादरी के प्रत्याशी उतारे हैं. दमोह से बसपा विधायक रामबाई फिर प्रत्याशी हैं. विंध्य क्षेत्र की नागौद सीट से बसपा प्रत्याशी यादवेन्द्र सिंह ने कांग्रेस को सीधी चुनौती दी है. यहां कांग्रेस ने रश्मि पटेल को टिकट दिया है. महाकौशल की जोवट सीट से भाजपा के पूर्व विधायक माधौसिंह डाबर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं. भाजपा ने यहां से विधायक सुलोचना रावत की जगह उनके बेटे विशाल रावत को टिकट दिया है. सुलोचना 2020 में कांग्रेस से भाजपा में आईं थीं. गोटेगांव सीट से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी शेखर चौधरी और बड़नगर से राजेन्द्र सिंह सोलंकी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं. मालवा-निमाड़ में महू से कांग्रेस के अंतर सिंह दरबार निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं. बुरहानपुर में पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नंदकुमार चौहान के बेटे हर्षवर्धन सिंह चौहान भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं. उनके समर्थन में भाजपा से 200 से ज्यादा इस्तीफा हुए हैं. आलोट से कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रेमचंद्र गुड्डू निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं. उन्होंने शुक्रवार को कांग्रेस से इस्तीफा भी दे दिया है. भोपाल उत्तर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के चाचा आमिर अकील निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं.

खास बातें

- भाजपा ने करीब 25 सीटों पर ऐसे प्रत्याशी दिए हैं, जो 2018 के चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी थे या फिर कांग्रेस से भाजपा में आए.
- कांग्रेस ने करीब 15 सीटों पर ऐसे प्रत्याशी हैं, जो पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी थे या भाजपा नेता थे.
- कांग्रेस और भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी भी मैदान में हैं. छोटे दल कांग्रेस और भाजपा को नुकसान पहुंचाने की स्थिति में हैं.

कॅरियर-काउंसिलिंग

पर्यावरण विज्ञान की पढ़ाई कर बना सकते हैं कॅरियर, जॉब के कई स्कोप

एजुकेशन रिपोर्टर रजनीश प्रसाद

पर्यावरण विज्ञान, विज्ञान की वह शाखा है, जिसमें वैज्ञानिक विषयों की एक विस्तृत सीरीज शामिल है. इन विषयों को प्राकृतिक पर्यावरण के आधार पर एक साथ ग्रुप में लाया जाता है, जिसमें वह शामिल होते हैं. इनमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायो केमिकल शामिल हैं. भूगर्भ, भूजल, मिट्टी विज्ञान, पेड़-पौधे, रासायनिक और जैविक घटकों का अध्ययन पर्यावरण विज्ञान में शामिल है. पर्यावरण विज्ञान का अध्ययन करने का सबसे आसान तरीका दुनियाभर में ग्लोबल वार्मिंग, ग्लेशियर के पिघलने और बहुत कुछ के रूप में पर्यावरण के लिए काम करने का है. पर्यावरण विज्ञान के तहत स्टूडेंट्स को पर्यावरण से संबंधित जानकारी का विश्लेषण और रिसर्च करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. रिसर्च प्रोजेक्ट्स, रिसर्च और फील्डवर्क भी इसमें मुख्यता शामिल हैं. पर्यावरण विज्ञान में प्रकृति को संतुलित और वातावरण को शुद्ध रखने के बारे में पढ़ाया जाता है. पर्यावरण विज्ञान में लोगों और वातावरण पर पड़ने वाले असर को समझना और इसका समाधान करने पर विचार करना महत्वपूर्ण माना जाता है. पर्यावरण की जानकारी रखना पृथ्वी के हर मनुष्य के लिए जरूरी है. अगर हमें पर्यावरण के बारे में जानकारी नहीं होगी तो हो सकता है हम प्राकृतिक चीजों और पर्यावरणीय जरूरतों को संरक्षित करने के बजाय नष्ट करते चले जाएं.पर्यावरण विज्ञान में वायु व औद्योगिक प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, पेड़ों की कटाई और जल दोहन की रोकथाम पर विचार कर इन पर काम किया जाता है. पर्यावरण की फील्ड में काम करने वाले लोग दिन-रात स्टडी करने के बाद प्रकृति को बचाने के लिए रिसर्च कर रहे हैं. पेयजल की आपूर्ति, प्रदूषण से सुरक्षा और ठोस कचरे का संग्रह पर इस समय काम करना आवश्यक माना जा रहा है, इसके लिए भी पर्यावरण विज्ञान का अध्ययन जरूरी है. पर्यावरण विज्ञान का अध्ययन करने से हम पर्यावरण को सुरक्षित करने के बारे में सीखते हैं. शुद्ध वातावरण, शुद्ध हवा और पानी हमारे जीवन के साथ ही आने वाली जेनरेशंस के लिए महत्वपूर्ण है. पर्यावरण में किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होना चाहिए. पर्यावरण में शिक्षा की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए.

पर्यावरण विज्ञान के विषय क्षेत्र

- पर्यावरण, विकास और समाज
- धरती और वायुमंडलीय विज्ञान
- इंट्रोडक्शन टू एग्रीकल्चर एंड फूड सिस्टम
- इकोलॉजी एंड एनवायरनमेंट
- पर्यावरण जीव विज्ञान
- प्रैक्टिसिंग आर्कियोलॉजी : मेथड्स एंड एप्रोचेज
- सस्टेनेबल डेवलपमेंट
- इवोल्यूशनरी बायलॉजी
- एनवायरोमेंट : साइंस ऐंड सोसाइटी
- सस्टेनेबल रिसोर्स मैनेजमेंट
- इंट्रोडक्शन टू ग्लोबल डेवलपमेंट

क्यों करें पर्यावरण विज्ञान की पढ़ाई

- स्टूडेंट्स प्रकृति को संतुलित रखने के बारे में सीखेंगे.
- स्टूडेंट्स वातावरण, हवा और पानी को शुद्ध रखने और रिसर्च कर लोगों को सही प्रयोग के बारे में बता पाएंगे.
- ग्लोबल वार्मिंग और भूजल दोहन की रोकथाम और उसके समाधान निकालने की कोशिश करेंगे
- स्टूडेंट्स के लिए जॉब्स की अपार संभावनाएं हैं, प्राइवेट और सरकारी संस्थाओं के साथ ही एनजीओ के साथ जुड़ सकते हैं.
- पर्यावरण जीवविज्ञानी, पर्यावरण इंजीनियर, पर्यावरविद् और पर्यावरण जर्नलिस्ट के रूप में काम करने के अवसर मिलेंगे.

पीएचडी कोर्सेज

- पीएचडी इन एनवायरोमेंटल साइंस
- पीएचडी इन अर्थ साइंस

पर्यावरण विज्ञान के कोर्सेज

सर्टिफिकेट एंड डिप्लोमा कोर्सेज

- सर्टिफिकेट इन एनवायरोमेंटल स्टडीज
- सर्टिफिकेट कोर्स इन एनवायरोमेंटल साइंस
- डिप्लोमा इन एनवायरोमेंटल साइंस
- ग्लोबल एनवायरोमेंट मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एनवायरोमेंटल प्रोटेक्शन
- डिप्लोमा इन एनवायरोमेंटल लॉ

बैचलर ऑफ एनवायरोमेंटल मैनेजमेंट

- बीएससी इन एनवायरोमेंटल साइंस
- एमए एनवायरोमेंट एंड डेवलपमेंट
- एमएससी एनवायरोमेंटल साइंस
- एमएससी एनवायरोमेंटल स्टडीज
- पोस्ट ग्रेजुएशन इन एनवायरोमेंट
- मास्टर ऑफ फिलॉस्फी इन एनवायरोमेंटल साइंस
- एमएससी इन एनवायरोमेंटल मैनेजमेंट

बैचलर और मास्टर्स कोर्सेज

- बैचलर ऑफ एनवायरोमेंटल मैनेजमेंट
- बीएससी इन एनवायरोमेंटल साइंस
- एमए एनवायरोमेंट एंड डेवलपमेंट
- एमएससी एनवायरोमेंटल साइंस
- एमएससी एनवायरोमेंटल स्टडीज
- पोस्ट ग्रेजुएशन इन एनवायरोमेंट
- मास्टर ऑफ फिलॉस्फी इन एनवायरोमेंटल साइंस
- एमएससी इन एनवायरोमेंटल मैनेजमेंट

पर्यावरण विज्ञान कोर्स करने के बाद जॉब प्रोफाइल्स

- एनवायरोमेंट जर्नलिस्ट
- एनवायरोमेंट कंसल्टेंट
- एनवायरोमेंट फोटोग्रॉफर
- लेक्चरर
- पॉल्यूशन कंट्रोल ऑफिसर
- डायरेक्टर ऑफ वेस्ट मैनेजमेंट
- कमर्शियल हार्टिकल्चरिस्ट
- एनवायरोमेंटल केमिस्ट
- हॉर्टिकल्चर थेरेपिस्ट
- मरीन बायोलॉजिस्ट
- लैंडस्केप आर्किटेक्ट
- एनवायरोमेंटल मैनेजर
- नेचर कंजर्वेशन ऑफिसर
- वेस्ट मैनेजमेंट एसोसिएट
- रीसाइक्लिंग ऑफिसर

पर्यावरण विज्ञान के लिए टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी
- दिल्ली यूनिवर्सिटी
- जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेनएनयू)
- चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी
- बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी
- अन्ना यूनिवर्सिटी
- मद्रास यूनिवर्सिटी
- राजस्थान यूनिवर्सिटी
- निम्स यूनिवर्सिटी, जयपुर
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, वाराणसी
- आईआईटी बॉम्बे
- हिंदुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू)
- दिल्ली पीईएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग
- इग्नू दिल्ली
- एलपीयू, जालंधर

पर्यावरण विज्ञान के लिए प्रवेश परीक्षाएं

- जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम
- फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट एंट्रेंस एग्जाम
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम
- यूपीएसईई
- गेट
- पीजीईसीईटी

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)